# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




बेगूसराय में महिलाओं का उत्साह






## बिहार में 121 सीटों पर पहले चरण का मतदान

रिकॉर्डतोड़ वोटिंग : पहले चरण में महिलाओं ने की बंपर वोटिंग, पिछले चुनाव में 167 सीटों पर महिलाओं ने बंपर वोटिंग की थी, इसमें से 99 सीटों पर एनडीए जीती थी, इस बार भी लंबी कतारें

# 64.46 फीसदी वोटिंग, पिछली बार थी 56.9 यानी 7.56 प्रतिशत ज्यादा

सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32%, शेखपुरा में सबसे कम 52.36 प्रतिशत वोटिंग

इतनी बंपर वोटिंग आखिर किसकी नैया डुबोएगी और किसकी नाव को किनारे पर लगाएगी, ये 14 नवबंर को साफ हो जाएगा, पर इससे सभी पार्टियों सहम जरूर गई हैं

**पटना।** बिहार में पहले चरण की वोटिंग में अब तक 64.46 फीसदी मतदान हुआ है। पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने जानकारी दी कि 64.46 फीसदी मतदान हुआ है। कुछ जगहों पर देर शाम तक मतदान जारी रहा। पहले चरण में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। चुनाव आयोग के आंकड़ों को देखें तो 2020 में 56.9 फीसदी मतदान हुआ था। वहीं अब तक राज्य में सबसे अधिक वोटिंग की बात की जाए तो वो 2000 में हुई थी, जब 62.6 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। तब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था और पूरा बिहार राजनीतिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। अब 25 साल बाद, जब नीतीश कुमार अपनी सत्ता के दो दशक पूरे करने की ओर बढ़ रहे हैं। बिहार फिर एक बार लोकतंत्र के उत्सव में उमड़ा है। साफ है कि इस बार पहले चरण में 7.56 फीसदी ज्यादा वोटिंग हुई है। लेकिन, इसके पीछे भी महिलाओं की बंपर वोटिंग है। देर शाम तक बूथों पर महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं, 14 नवंबर को नतीजे आएंगे

पहले फेज में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों की साख दांव पर



मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही महिलाओं व पुरुष मतदाताओं की कतारें नजर आईं।

### किस सीट पर कितनी प्रतिशत वोटिंग

| क्र | विधानसभा | (शाम 5 बजे तक) (%) |
|---|---|---|
| 1 | राघोपुर | 64.01% |
| 2 | तारापुर | 58.33% |
| 3 | लखीसराय | 60.51% |
| 4 | मोकामा | 62.16% |
| 5 | दानापुर | 55.27% |
| 6 | महुआ | 54.88% |
| 7 | छपरा | 56.32% |
| 8 | अलीनगर | 58.05% |
| 9 | रघुनाथपुर | 51.18% |
| 10 | गरखा | 61.90% |
| 11 | बांकीपुर | 40.0% |
| 12 | भोरे | 61.05% |
| 13 | बनियापुर | 63.20% |
| 14 | गायघाट | 56.03% |
| 15 | सरायरंजन | 70.19% |
| 16 | गौड़ा बौराम | 50.80% |
| 17 | कल्याणपुर | 71.62% |
| 18 | जाले | 58.68% |
| 19 | मधेपुरा | 65.12% |
| 20 | सहरसा | 67.03% |
| 21 | परबत्ता | 56.93% |
| 22 | मुंगेर | 49.84% |

## ये विवाद के मामले



लखीसराय में सिन्हा और अजय सिंह के बीच विवाद

### कैमरे के सामने भिड़े एमएलसी अजय सिंह व डिप्टी सीएम सिन्हा

आरोप : सिन्हा की गाड़ी पर गोबर- पत्थर फेंके गए

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय में मतदान के दौरान उपमुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर हमला हो गया। विजय सिन्हा को सूचना मिली थी कि नदियावां इलाके में उनके समर्थकों को वोट डालने से रोका जा रहा है। वह स्थिति जानने मौके पर पहुंचे तो वहां आरजेडी समर्थक उग्र हो गए। विजय सिन्हा की गाड़ी पर गोबर और पत्थर फेंके गए। उस समय वह गाड़ी से उतरकर लोगों से बात कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने तुरंत उन्हें गाड़ी में बैठाया और काफिले को आगे बढ़ाने की कोशिश की। इसी बीच आरजेडी एमएलसी अजय सिंह मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच कैमरे पर जमकर बहस हुई। विजय कुमार सिन्हा ने अजय सिंह पर शराब पीने का आरोप लगाया, जबकि अजय सिंह ने आरोपों से इनकार किया।

### रघुनाथपुरः आरजेडी समर्थकों का वोट काटने का आरोप

रघुनाथपुर के उम्मीदवार ओसामा के पैतृक गांव प्रतापपुर में कुछ लोगो ने आरोप लगाया कि यादव और मुस्लिम होने के कारण उनका वोट काट दिया गया। इस दौरान एक वोटर ने खुद जबकि बाकी ने अपने परिवार के लोगो के वोट काटने का आरोप लगाया। उनका कहना है की वो घंटों लाइन में खड़े रहे लेकिन उन्हें आखिर में उन्हें कहा गया कि उनका वोट नहीं है, उनके पास पुराना वोटर कार्ड था, आधार था लेकिन वोट देने को नहीं मिला।

### वैशाली में जवानों पर फेंके पत्थर

वैशाली में राजद प्रत्याशी के भड़काने पर लोगों ने सीएपीएफ जवानों पर पत्थर फेंके। दरअसल, आरजेडी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जुटे हुए थे, जवानों ने उन्हें हटाया तो हंगामा हो गया। सीवान जिले के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र में तो भाजपा प्रत्याशी वहां मौजूद मुस्लिम महिला मतदाताओं का बुर्का हटाकर जांच करने लगे ता विवाद हो गया।






## खबर संक्षेप

### भारत में स्टारलिंक लॉन्च महाराष्ट्र बना पहला राज्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईटी में अग्रणीय केरल, गुजरात जैसे तमाम राज्यों को पीछे छोड़ते डिजिटल इंडिया के मोर्चे पर बड़ी छलांग लगाई है। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बना है जिसने अमेरिकी उद्योपति एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक के साथ साझेदारी की। इससे राज्य के दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में उपग्रह-आधारित इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार के इस बड़े फैसले से इंटरनेट की पहुंच मजबूत होगी।



दिल में छेद था, इलाज के लिए पिता के साथ एयर एंबुलेंस से मुंबई पहुंची

## मप्र में पहली बार तीन दिन की बच्ची को किया गया एयरलिफ्ट

*छुट्टी के दिन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का ऑफिस खोला और डेढ़ घंटे में प्रक्रिया पूरी की*

*विधायक ने सीएम डॉ. मोहन यादव का जताया आभार*



बच्ची के पिता और स्वास्थ्य विभाग का अमला रवाना होता हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सिहोरा में 3 दिन पहले जन्मी बच्ची के दिल में छेद पाया गया। उसे इलाज के लिए गुरुवार दोपहर मुंबई के लिए एयरलिफ्ट किया गया। बच्ची की बीमारी पता चलने पर बुधवार को गुरु नानक जयंती की छुट्टी के दिन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का ऑफिस खोला गया और डेढ़ घंटे में प्रक्रिया पूरी की गई। बच्ची के साथ उसके पिता सत्येंद्र और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ है।



**सरकार की संवेदनशील योजना**

विधायक संतोष बरकड़े ने कहा कि सरकार की संवेदनशील योजनाएं विषम परिस्थितियों में भी जरूरतमंदों को सहायता दे रही हैं। मुझे जब इस मामले की जानकारी मिली तो मैंने तुरंत कलेक्टर और सीएमएचओ से संपर्क किया।

पीथमपुर की ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## दो कर्मचारी जिंदा जले, सुबह राख के ढेर से निकले कंकाल

टीम ने करीब 6 घंटे तक पानी और फोम की बौछार की देर रात 3 बजे बुझी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के सेक्टर-3 स्थित शिवम इंडस्ट्रीज में भीषण आग लग गई। हादसे में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनका इलाज इंदौर में चल रहा है। जिनकी मौत हुई है, ऑयल टैंकर के नीचे से हादसे के दूसरे दिन कंकाल के रूप में मिले हैं। एसडीएम राहुल गुप्ता ने बताया कि शिवम इंडस्ट्रीज में शिवम इंडस्ट्रीज से लुब्रिकेंट ऑयल से भरे टैंकर में अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी भीषण थी कि 23 वर्षीय नीरज निवासी सागर और 35 वर्षीय कल्पेश निवासी भावनगर की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। वहीं, टैंकर ड्राइवर मनोज झा और फायर फाइटर दिलीप सिंह यादव आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। आग लगने की सूचना मिलते ही इंदौर और पीथमपुर से फायर ब्रिगेड की 4-5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



हादसे के वक्त शिवम इंडस्ट्रीज

अवैध सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई

## सुरेश रैना व शिखर धवन पर ईडी का शिकंजा, 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नईदिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की मुश्किल बढ़ गई हैं। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई करते हुए दोनों की 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली। ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट वन एक्स बेट के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धवन की 4.5 करोड़ की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। इस दौरान दोनों के बयान दर्ज किए गए थे। एजेंसी का मानना है कि इस तरह के बेटिंग एप्स न केवल अवैध हैं, बल्कि इनके जरिए बड़े पैमाने पर धन शोधन की गतिविधियां भी होती हैं। इन एप्स पर आरोप है कि इन्होंने लाखों लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है या फिर भारी मात्रा में टैक्स की चोरी की है।


लाखों लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया



सुरेश रैना, शिखर धवन

ब्राजीली मॉडल की आई प्रतिक्रिया

## हे भगवान... ये कैसा और क्या पागलपन है!



ब्राजीली मॉडल लारिसा नेरी

मॉडल ने बताया कि फोटो के वक्त वे 20 साल की थीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तस्वीर जो कभी ब्राजील में मॉडलिंग शूट के दौरान खींची गई थी, आज हरियाणा की राजनीति के केंद्र में है। राहुल गांधी के सीमा-स्वीटी आरोप से सोशल मीडिया पर तहलका मचा हुआ है, और उस तस्वीर की असली मालिक लारिसा अब पूछ रही हैं-भारत में मेरा चेहरा वोटर लिस्ट में कैसे पहुंच गया? हे भगवान... ये कैसा और क्या पागलपन है! राहुल ने आरोप लगाया था कि यही चेहरा हरियाणा की मतदाता सूची में 22 बार अलग-अलग नामों से इस्तेमाल हुआ है, कहीं सीमा, कहीं स्वीटी, तो कहीं सरस्वती के नाम से। लारिसा नेरी ने यह भी बताया कि ये तस्वीर इंटरनेट पर ब्राजील के फोटोग्राफर माथियूस फेरेरो के पेज से ली गई है। गूगल पर खोज करने पर पता चलता है कि फेरेरो फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के लिए मशहूर हैं, और उनकी कई तस्वीरें अनस्प्लैश नाम की वेबसाइट पर मौजूद हैं।

**जताई हैरानी**

लारिसा ने वीडियो जारी कर कहा कि वो तस्वीर उनकी है, जब वह करीब 20 साल की थीं। अब मेरी उस फोटो को किसी चुनाव में, किसी वोटिंग में भारत में इस्तेमाल किया जा रहा है, और मुझे एक भारतीय महिला दिखाया जा रहा है! लेकिन उनकी मुस्कुराहट के पीछे हैरानी भी झलक रही थी। उन्होंने आगे कहा कि हे भगवान, ये क्या हो रहा है! क्या पागलपन है ये, किस दुनिया में जी रहे हैं हम!

## मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित का निधन



**मंबई।** फिल्मी दुनिया में अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेर चुकीं सुलक्षणा पंडित का निधन हो गया। 71 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। निधन की वजह अभी बताई नहीं गई है लेकिन कहा जा रहा है कि वो लंबे समय से बीमार चल रही थीं। सुलक्षणा के भाई व संगीत निर्देशक ललित पंडित ने उनके निधन की खबर को कन्फर्म किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस काफी समय से बीमार थीं। उन्हें हुआ क्या था, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। एक्ट्रेस की मौत की खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैन्स उन्हें याद कर रहे हैं और उनके लिए दुख जता रहे हैं। खबर है कि उन्होंने नानावती अस्पताल में आखिरी सांस ली। बताया जाता है कि उन्होंने केवल 9 साल की उम्र से संगीत की राह चुनी थी। 1967 में प्लेबैक सिंगिंग में कदम रखते हुए 1975 में फिल्म 'संकल्प' में गीत 'तू ही सागर है तू ही किनारा' गाया था।

**महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज के खानदान से थीं सुलक्षणा पंडित**

सुलक्षणा पंडित का जन्म 1954 में हुआ था। वो संगीत-परिवार से ताल्लुक रखती थीं। सुलक्षणा के चाचा महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज थे। उनकी तीन बहनें और तीन भाई हैं। भाइयों में जतिन-ललित की जोड़ी म्यूजिक इंडस्ट्री की नामी जोड़ी रही है।

### टोयोटा, होंडा 11 अरब डॉलर का करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** जापान की तीन बड़ी ऑटो कंपनियां टोयोटा, होंडा और सुजुकी अब चीन पर अपनी निर्भरता घटाकर भारत में बड़ा दांव लगाने जा रही हैं। ये कंपनियां भारत में करीब 11 अरब डॉलर (लगभग 90,000 करोड़ रुपए) का निवेश करने वाली हैं। इस कदम से साफ है कि जापानी वाहन निर्माता अब भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देख रहे हैं। टोयोटा, जो दुनिया की सबसे बड़ी कार निर्माता है, और सुजुकी, जो भारत में लगभग 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रखती है, दोनों ने अपने निवेश की घोषणा की है।

पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे

### मप्र यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बने यश घनघोरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ यश को 3 लाख 13 हजार 730 वोट मिले

मप्र यूथ कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जबलपुर विधायक और पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया ने मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जीत दर्ज की है। यश को सबसे ज्यादा 3 लाख 13 हजार 730 वोट मिले हैं। जबकि भोपाल के अभिषेक परमार 2,38,780 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे हैं।

26 हजार डिस्ट्रीब्यूटर शामिल

### देशभर में एलपीजी वितरक एक दिन की हड़ताल पर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत पूरे भारत में गुरुवार को एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एक दिन की हड़ताल पर रहे।



■ सेवा शुल्क 110 रुपए करने की मांग

इस हड़ताल में करीब 26 हजार डिस्ट्रीब्यूटर शामिल रहे। हड़ताल के दौरान किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए गैस कंपनियों से सिलेंडर की खरीद नहीं की । साथ ही नई डिमांड भी नहीं भेजी गई। ऐसे में लोगों को गैस सप्लाई में परेशानी हो सकती है। डिस्ट्रीब्यूटरों की प्रमुख मांग है कि उनका सेवा शुल्क 35 से बढ़ाकर 110 रुपए किया जाए।

ग्वालियर में पुलिस-डकैत मुठभेड़

### योगी गुर्जर के गैंग से सामना बेहट थाना प्रभारी घायल हुए

**ग्वालियर।** गुरुवार सुबह पुलिस और डकैतों के बीच हुई मुठभेड़ में बेहट थाना प्रभारी महावीर परिहार घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ बेहट और हस्तिनापुर के बीच जंगलों में तब हुई, जब पुलिस का सामना योगी गुर्जर गैंग के 3 से 4 सदस्यों से हुआ। डकैतों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें थाना प्रभारी परिहार को गोली लगी। जवाबी कार्रवाई के बावजूद डकैत मौका पाकर जंगल में फरार हो गए।



■ जंगल में शुरू किया सर्चिंग अभियान

पुलिस को बगल में सोता मिला बेटा

### पहले मां की हत्या, फिर लाश के साथ बिताए 72 घंटे

**शहडोल ।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक पुत्र अपनी मां की निर्मम हत्या करने के बाद उसी कमरे में तीन दिनों तक शव के साथ सोता और खाता-पीता रहा। लगभग 72 घंटे गुजरने के बाद जब उस घर का दरवाजा नहीं खुला और मां बेटे में से कोई भी बाहर नहीं निकला। तब पड़ोसियों द्वारा संदेह के आधार पर पुलिस को सूचना दी गई। जब मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह घर का दरवाजा खुलवाया। और जब पुलिसकर्मी अंदर दाखिल हुए तो वहां का माज़रा देखकर भौचक रह गए।




■ जरा सी कहा-सुनी में मां की हत्या कर डाली

राष्ट्रपति मुर्मू से मिली चैंपियन बेटियां

## राष्ट्रपति को जर्सी भेंट, वे बोली- यह टीम भारत का 'प्रतिबिंब'



राष्ट्रपति से हरमनप्रीत ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की

*ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं दी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला विश्वकप 2025 की खिताब विजेता भारतीय टीम ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। इस खास मुलाकात के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भारतीय टीम की जर्सी भेंट की। वहीं, राष्ट्रपति ने टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रच दिया है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह टीम भारत का प्रतिबिंब है। वे विभिन्न क्षेत्रों, विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों और विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन वे एक टीम हैं - भारत।

**धोनी, कपिल और रोहित के क्लब में शामिल हुईं हरमन**

इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हरमनप्रीत कौर अब भारत की चौथी कप्तान बन गई हैं जिन्होंने विश्व कप जीत का ताज पहना है। उनसे पहले कपिल देव, एमएस धोनी और रोहित शर्मा भारत को विश्व चैंपियन बना चुके हैं।

ग्वालियर राजघराने में 'रॉयल वेडिंग' के संकेत

## सिंधिया ने कहा- युवराज 30 के हो गए... अब जल्दी शादी करनी पड़ेगी

*मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं आर्यमन*

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री और ग्वालियर राजघराने के मुखिया ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे मजाकिया लहजे में अपने बेटे महान आर्यमन सिंधिया की शादी को लेकर चिंता जताते नजर आ रहे हैं। यह पूरा वाकया उस समय हुआ जब ग्वालियर के जिला पंचायत सदस्य अनूप कुशवाह अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण देने दिल्ली स्थित केंद्रीय मंत्री के मंत्रालय पहुंचे थे। सिंधिया ने बातों बातों में बताया कि 'युवराज साहब' तो 30 साल के हो गए हैं। अब तो मुझे उनकी जल्दी शादी करना पड़ेगी।



ज्योतिरादित्य सिंधिया

चैंपियन बेटियों की पीएम मोदी से मुलाकात का वीडियो जारी

मजाकिया अंदाज में सवाल-जवाब

## हरलीन ने पूछा- सर, आपका चेहरा बहुत ग्लो करता है स्नेह राणा ने कहा-ये तो देश के करोड़ों लोगों का प्यार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2025 का खिताब जीतने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बातचीत का वीडियो सामने आया है, जिसमें पीएम मोदी भारतीय महिला टीम के खिलाड़ियों से हंसी-मजाक और उनका अनुभव को लेकर सवाल करते दिखे, लेकिन बीच में बल्लेबाज हरलीन देओल ने पीएम मोदी से एक ऐसा मजेदार सवाल पूछ लिया कि पूरा पीएम आवास ठहाकों से गूंज उठा।

*पीएम ने कहा- आप कुछ दिन के बाद अपने स्कूलों में जाएं, जहां से आप पढ़कर निकले हैं। आप उन बच्चों से बातें कीजिए। आप इसके लिए 3 स्कूलों का चयन कीजिए। एक साल में एक स्कूल एक दिन दीजिए।*



पीएम मोदी भारतीय महिला क्रिकेट टीम से चर्चा करते हुए

**फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ें**

पीएम मोदी ने इन लड़कियों से अपने मन की बात करते हुए इन खिलाड़ियों को फिट इंडिया मूवमेंट में शामिल करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मोटापा तेजी से उभरती हुई समस्या बनता जा रहा है। मैं हमेशा कहता हूं लोगों को को अपने खाद्य तेल का 10 फीसदी अभी से कम कर देना चाहिए।






# जंगलराज की पाठशाला में 'ए' मतलब अपहरण और 'फ' मतलब फिरौती, भागलपुर दंगा और सिख नरसंहार 'इंडी' के काले अध्याय

## दूसरे चरण के लिए पीएम मोदी समेत भाजपा के दिग्गजों ने जनसभा को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶ पटना

चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भागलपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता, विशेषकर माताएं और बेटियां, बड़ी संख्या में मतदान कर रही हैं ताकि जंगलराज की वापसी न हो सके। उन्होंने कहा कि बिहार में फिर एक बार सुशासन की सरकार बननी चाहिए। आरजेडी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इन दलों ने गरीबों, दलितों और महिलाओं के हितों के बारे में कभी नहीं सोचा। उन्होंने कहा किन आरजेडी और कांग्रेस ने कभी महिलाओं के बैंक खाते खुलवाने या उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के बारे में नहीं सोचा। पोस्टरों में कांग्रेस के नामदार नेता का चेहरा तक गायब है। आरजेडी के जंगलराज में ए का मतलब अपहरण और फ का मतलब फिरौती होता था। उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला करते हुए कहा कि भागलपुर दंगा और सिख नरसंहार कांग्रेस के काले अध्याय हैं।

### नतीजे के बाद दोनों एक-दूसरे के बाल नोचने लगेंगे


भागलपुर में सभा के दौरान पीएम मोदी ने किया नमन।

पीएम मोदी ने अररिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने महिला मतदाताओं को 'जंगलराज' के खिलाफ सबसे बड़ी दीवार और संरक्षक बताते हुए एनडीए की जीत का मुख्य आधार बताया। पीएम मोगी ने कहा कि चुनाव परिणाम आने दीजिए, ये कांग्रेस-आरजेडी के लोग एक दूसरे के बाल नोचने वाले हैं।

### 15 साल के जंगलराज में विकास शून्य

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार की जनता अब ऐसे लोगों को फिर कभी सत्ता में नहीं आने देगी। उन्होंने जनता से अपील की कि बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए एनडीए को फिर से मजबूत बनाएं। उन्होंने जंगलराज किया है, विकास नहीं।

### तेजस्वी सीएम बने तो बच्चे के हाथ में कट्टा होगाः राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए राजद पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले तेजस्वी यादव की पार्टी की एक सभा में एक छोटे बच्चे, जिसकी उम्र मुश्किल से 6 या 7 साल होगी, को माइक देकर बुलवाया गया। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बन जाएंगे तो हमारे हाथ में कट्टा होगा।

गृहमंत्री शाह का बड़ा दावा

### 14 तारीख को 11 बजे तक लालू एंड कंपनी का सूपड़ा साफ होगा

बेतिया में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनडीए की जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला और एनडीए की जीत का दावा किया। शाह ने आत्मविश्वास भरे अंदाज में कहा कि 14 तारीख को जब मतगणना होगी, 11 बजे तक लालू एंड कंपनी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर गलती से ठगबंधन की सरकार बन गई, तो चंपारण की भूमि 'चंबल' बन जाएगी और बिहार फिर से जंगलराज के दौर में चला जाएगा।



### घुसपैठियों को बाहर निकालकर रहेंगे

शाह ने घुसपैठियों का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि क्या घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना चाहिए या नहीं? भीड़ से सहमति के नारे आने पर उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि "राहुल बाबा ने चार महीने पहले घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली थी। हम एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर निकालकर रहेंगे।

विपक्ष के नेता राहुल ने किया दावा

### केंद्र में हमारी सरकार बनी तो बिहार को मिलेगा सबसे बड़ा विश्वविद्यालय

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्णिया के कसबा में संबोधित करते हुए बिहार की बदहाली के लिए एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही बिहार में देश का सबसे बड़ा और विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय खोला जाएगा। बिहार में आज लोग अस्पताल में जीने नहीं, बल्कि मरने जाते हैं, उन्होंने वोट चोरी का आरोप दोहराया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा सरकार संविधान पर आक्रमण कर रही है और वोट चोरी करके चुनाव जीतने की साजिश रच रही है।



### चुनाव निष्पक्ष हुए तो जनता सत्ता पक्ष को खदेड़ देगीः प्रियंका

बिहार में चुनावी अभियान के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गोविंदगंज में जनसभा को संबोधित किया और भावनात्मक और राजनीतिक दोनों तरह के संदेश दिए. उन्होंने कहा कि अगर बिहार में चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो जनता मौजूदा सत्ता पक्ष को खदेड़ देगी। प्रियंका ने पेपर लीक, बेरोजगारी और वोट कटौती को सबसे बड़े मुद्दे बताते हुए कहा कि बिहार के युवाओं का भविष्य लगातार बर्बाद हो रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि बिहार के लोगों को देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी और अपनी ऐतिहासिक भूमिका को पहचानना होगा।



### थाईलैंड से वोट देने पटना पहुंचीं तन्वी शाह

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच तन्वी शाह का नाम हर जुबां पर है। ये वही तन्वी शाह हैं जो मूल रूप से बिहार की हैं, लेकिन थाईलैंड में रहती हैं। इन्हें जब पता लगा कि चुनावी बिगुल बज गया है, तो फैसला किया कि मुझे हर कीमत पर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना है।

### इधर गधे, उधर भी गधे, सब तरफ गधे अच्छे घोड़ों को नहीं मिल रही घासः नितिन



सुपौल के गांधी मैदान में एनडीए की जनसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एनडीए को समर्थन और वोट की अपील की। इनोवेशन, टेक्नोलॉजी पर चर्चा की। विपक्ष पर व्यंग्य कसते हुए कहा इधर गधे, उधर गधे,सब तरफ गधे अच्छे घोड़ों को नहीं मिल रही घास और गधे खा रहे।

### माफिया की उल्टी गिनती शुरू



सीतामढ़ी में जनसभा में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि बिहार के अंदर पहले चरण के मतदान ने साबित कर दिया है, कांग्रेस, आरजेडी और उनके सहयोगियों के लिए बिहार में कोई स्थान नहीं है। यहां माफिया की उल्टी गिनती शुरू हो गई।

### 12 बजे ही आरजेडी ने कर दिया सरेंडर



पहले फेज की वोटिंग के बीच मतदान केंद्रों पर बिजली सप्लाई बंद करने के राष्ट्रीय जनता दल के आरोप की निंदा करते हुए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्होंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि विपक्षी दल मतदान के दिन दोपहर 12 बजे निराशा में हाय तौबा करना शुरू कर देगा। आरजेडी ने सरेंडर कर दिया।

### चुनाव पर दुनिया की नजर, 7 देशों के 16 प्रतिनिधि पहुंचे पटना

चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग के अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के तहत 7 देशों के 16 प्रतिनिधियों ने बिहार चुनाव के पहले चरण के लिए व्यवस्था देखी। व्यवस्था देखने के लिए इंडोनेशिया, कोलंबिया, फिलीपींस, फ्रांस, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड के प्रतिनिधि आए।


उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।


तेज प्रताप यादव।


सीएम नीतीश भी इंक लगी अंगुली दिखाते हुए।


तेज प्रताप ने सपरिवार मतदान किया।


पटना में वोटिंग के लिए लगी लोगों की कतार।

## खबर संक्षेप

### पीएम कल 4 नई वंदे भारत को झंडी दिखाएंगे

**वाराणसी।** पीएम मोदी 8 नवंबर को वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। यह विश्वस्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को सुगम, त्वरित और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करेगा।



### पादरी बना आरोपी 24 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** कानून के हाथ लंबे हैं.। ये बात तमिलनाडु के चेन्नई से गिरफ्तार हुए रेप के आरोपी के मामले में साबित हो गई। केरल के तिरुवनंतपुरम में 2001 में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न हुआ था। पुलिस ने चेन्नई में उसे 24 साल फरार रहने के बाद गिरफ्तार किया। उसकी पहचान हो गई है।



### दिग्गज एक्टर हरीश राय का निधन

**नई दिल्ली।** पिछले महीने पांच-पांच दिनों के अंतर में बॉलीवुड ने अपने 3 दिग्गज सितारों को खो दिया। कन्नड़ फिल्मों के दिग्गज एक्टर हरीश राय का निधन हो गया है, जिससे पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है। वह 55 साल के थे। राय ने फिल्म 'रॉकी' के चाचा का किरदार निभाया था।



### बाराबंकी में इंटरसिटी से निकलने लगा धुआं

**बाराबंकी।** इंटरसिटी एक्सप्रेस गुरुवार सुबह नौ बजकर 15 बजे गोरखपुर से लखनऊ जा रही थी। इसी बीच बुढ़वल रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज के पास ट्रेन के पहुंचने पर अचानक ट्रेन के डी-6 जनरल कोच के पहियों से धुआं उठने लगा। इससे उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



शीर्ष कोर्ट में सुनवाई के दौरान ऐसा भी आया वाकया

# वेलनेस चैंपियन की.... अदालत से गुहार नेशनल इमरजेंसी घोषित करें 'मीलॉर्ड'

## दमघोंटू हवा के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों और शहरों में बढ़ते प्रदूषण और दमघोंटू हवा के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिकादायर की गई है और वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की मांग की गई है। इतना ही नहीं याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालॉलागू करने की भी मांग की है ताकि ग्रामीण से लेकर शहरी स्तर तक लोगों को प्रदूषण के गंभीर परिणामों से बचाया जा सके। यह याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर कॉउटिन्हो ने दायर की है, जो पीएम मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के वेलनेस चैंपियन यानी दूत रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि एक व्यापक नीतिगत ढांचे के बावजूद, ग्रामीण और शहरी भारत के बड़े हिस्से में वायु की गुणवत्ता लगातार खराब बनी हुई है और कई मामलों में यह बदतर स्तर को भी पार कर गई है।



### संविधान का हवाला दिया

याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का हवाला देते हुए कोर्ट से अधिकारियों को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के ठोस उपाय करने का निर्देश देने की मांग की है। इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु आदि प्रमुख भारतीय शहरों में प्रदूषकों का वार्षिक औसत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों के तहत निर्धारित सीमा से लगातार अधिक बना हुआ है।

### मानकों का घोर उल्लंघन

याचिकाकर्ता ने जोर दिया है कि भारतीय मानक पहले से ही एक उच्च सीमा निर्धारित करते हैं, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2021 वायु गुणवत्ता दिशानिर्देश के लिए वार्षिक औसत सीमा निर्धारित करते हैं। दिल्ली में प्रदूषण मानकों का घोर उल्लंघन करते हैं।

### अधिकारी विफल, लोग 'विकल'

अधिकारियों की विफलता को उजागर करते हुए याची ने दावा किया है कि नागरिक हर दिन जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों का बहिष्करण एक बुनियादी ढांचागत कमजोरी को दर्शाता है।

### क्रिस्टोफर जीवनशैली गुरु और बड़े थिंकर

ल्यूक क्रिस्टोफर कॉउटिन्हो एक भारतीय जीवनशैली गुरु और एकीकृत एवं जीवनशैली चिकित्सा के क्षेत्र में थिंकर हैं, जो स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करते रहे हैं। वह उत्तम स्वास्थ्य के लिए पोषण, व्यायाम, नींद, इमोशनल डिटॉक्स और अध्यात्म जैसे पांच स्तंभों पर जोर देते रहे हैं। वे यू केयर वेलनेस प्रोग्राम के संस्थापक हैं और स्वास्थ्य पर बेस्टसेलिंग पुस्तकें लिखने के लिए जाने जाते हैं। वह वायु प्रदूषण जैसे सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए भी सक्रिय रहे हैं।

## हवा में घुलते जहर से 'फेफड़ों पर प्रदर्शन का दबाव' बढ़ रहा



### दिल्ली में प्रदूषण पर थरूर का तंज

**नई दिल्ली।** सर्दियों का मौसम दिल्ली में दोहरी चुनौती लेकर आता है। दीपावली जैसे त्योहार में आतिशबाजी भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक असर डालती है। आतिशबाजी के बाद दिल्ली का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर है। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को सांस से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इस जटिल चुनौती के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तंज कसते हुए कहा, प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नवंबर में फेफड़े पर प्रदर्शन का दबाव और बढ़ेगा। थरूर ने लगातार बिगड़ती दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को लेकर एक्स हैंडल पर कटाक्ष किया। इस बार हिंदी भाषा में लिखा।

### अपनी तीखी टिप्पणी के कारण फिर चर्चा में आए

आम तौर पर अपनी कठिन अंग्रेजी शब्दावली को लेकर चर्चा में रहने वाले थरूर ने लगातार बिगड़ती दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को लेकर एक्स हैंडल पर कटाक्ष किया। इस बार हिंदी भाषा में जारी बयान में थरूर ने लिखा, 'जैसे-जैसे नवंबर का महीना चढ़ेगा, फेफड़ों पर परफॉरमेंस का बोझ बढ़ेगा!' उन्होंने ये टिप्पणी छह नवंबर की सुबह 10 बजे की एक्यूआई की स्थिति को लेकर की। गुरुवार को दिल्ली में धुंध भरी सुबह और वायु गुणवत्ता सूचकांक'खराब' और 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस पर चिंता जताई है।एक रिपोर्ट के मुताबिक शाम तक एक्यूआई खराब होकर 'बहुत खराब' श्रेणी में जाने की आशंका है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण के कारण दिल्ली के अस्पतालों में सांसद लेने में तकलीफ की शिकायत करने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

कर्नाटक सरकार को फिर झटका

# संघ के कार्यों पर रोक के फैसले पर स्टे के खिलाफ याचिका रद्द

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के पूर्व में दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी। एक सिंगल जज की पीठ ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर संघ की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था। अब जस्टिस एस जी पंडित और गीता के बी की खंडपीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह सरकार के फैसले पर लगे स्टे को हटाने के लिए उन्हीं सिंगल जज से संपर्क करे।



### इस आदेश पर हो रहा विवाद

कर्नाटक सरकार ने बीते दिनों एक आदेश जारी किया था, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर निजी संगठनों की गतिविधियों के लिए सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया था।

# जब तक लोग ये फॉर्म नहीं भरेंगे, वे फॉर्म नहीं भरेंगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

### एसआईआर पर भड़कीं ममता



पश्चिम बंगाल में एसआईआर शुरू होने के दूसरे दिन बीएलओ मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के घर पहुंच गए. वो गणना फॉर्म लेकर पहुंचे थे। सीएम ममता ने कहा है कि जब तक बंगाल के सभी लोग ये फॉर्म नहीं भरेंगे, वो फॉर्म नहीं भरेंगी। इस ऐलान को लेकर उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट भी किया है। सीएम ममता ने लिखा, बीएलओ प्रभारी हमारे मोहल्ले में आए थे। वे मेरे निवास कार्यालय में आए और पता लगाया कि निवास में कितने मतदाता हैं और उन्हें फॉर्म दिए। जब तक बंगाल का हर व्यक्ति फॉर्म नहीं भरता, मैंने फॉर्म नहीं भरूंगी। तृणमूल बंगाल में एसआईआर की शुरुआत को लेकर मुखर रही है। ममता ने खुद कहा था कि वह बंगाल में एसआईआर शुरू नहीं होने देंगी। मंगलवार को जब एसआईआर की शुरुआत हुई तो अभिषेक-ममता सड़क पर उतर आए।

रिटायरमेंट की डेट बता भड़के सीजेआई

# 24 नवंबर के बाद तारीख चाहिए तो आप हमें बता दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट मामले में सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर केंद्र सरकार को फटकार पड़ी है। सीजेआई बीआर गवई ने स्थगन की मांग पर आपत्ति जताई है। इससे पहले भी उन्होंने मामले को बड़ी बेंच के पास भेजे जाने के अनुरोध को लेकर केंद्र पर सवाल उठाए थे और कहा था कि लगता है सरकार मौजूदा पीठ से बचना चाह रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने मामले में स्थगन की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी की तरफ से यह अनुरोध पेश किया गया था। इस पर सीजेआई गवई ने सवाल उठा दिया कि क्या सरकार उनके रिटायरमेंट होने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम दो बार पहले ही आपकी बात मान चुके हैं। कितनी बार और? अगर आप यह 24 नवंबर के बाद चाहते हैं, तो हमें बता दें।



राज्य के कानून मंत्री ने कहा- सभी न्यायिक सुविधाएं मिलेंगी

# कोच्चि में 1000 करोड़ में बनेगी देश की पहली 'ज्यूडीशियल सिटी'

## जजों के बंगले और सभी न्यायिक व्यवस्थाएं एक ही जगह पर होंगी


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के कोच्चि में देश का पहला ज्यूडीशियल सिटी बनाया जाएगा। इसका निर्माण कलामासेरी में 27 एकड़ जमीन पर होगा। इसकी अनुमानित लागत 1,000 करोड़ है। यह 10 साल में अपना आकार लेगा। केरल में बन रहे इस ज्यूडिशियल सिटी में लोगों को एक ही शहर के अंदर पूरे न्यायिक सुविधाएं और व्यवस्थाओं का लाभ मिलेगा। यहां एक ही जगह सभी तरह की न्यायिक सुविधाएं और व्यवस्थाएं मौजूद रहेंगी।



### खास बातें

- 61 कोर्ट रूम होंगे
- 10 साल में आकार लेगा 17 एकड़ में बनेगा
- 12 लाख वर्ग फीट का हाई कोर्ट परिसर 7 मंजिला होगा



### एआई से लैस होगा कोर्ट

राज्य के कानून मंत्री पी. राजीव ने बताया कि 17 एकड़ के इस विशाल परिसर में 12 लाख वर्ग फीट का हाई कोर्ट परिसर होगा। यही नहीं इस ज्यूडीशियल सिटी में सैटेलाइट इंटरनेट वाले कोर्ट रूम, एआई से लैस कोर्ट, न्यायिक अकादमी और जल्द केस खत्म करने वाली जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 10 साल में होगा तैयार

इस प्रोजेक्ट में 1 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च होंगे। 10 साल बाद इसका आकार और उसकी व्यवस्थाएं सुप्रीम कोर्ट से बेहतर करने की तैयारी है। इसके बन जाने के बाद केरल का उच्च न्यायालय जो एर्नाकुलम में है, वो भी ज्यूडिशियल सिटी में शिफ्ट हो जाएगा।

### 3 टावर होंगे

इस ज्यूडीशियल सिटी में संविधान के मुख्य सिद्धांतों समानता, स्वतंत्रता और जीवन के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करने वाले अनुच्छेद 14, 19 और 21 पर आधारित तीन टावर होंगे। इसमें मुख्य टावर 7 मंजिला का और बाकी दो टावर 6-6 मंजिला होंगे।

### 61 कोर्ट रूम

इस 'न्यायिक शहर' में 61 कोर्ट रूम बनाए जाएंगे। इसमें जजों के बंगले, लॉ इंस्टीट्यूट्स-कॉलेज, एडमिनिस्ट्रेटिव विंग, चैंबर्स भी होंगे।

भारतीय वायुसेना 9 नवंबर को लाचित घाट के ऊपर करेगी फ्लाई-पास्ट

# ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर गरजेंगे भारत के राफेल, तेजस, मिराज और सुखोई, उड़ेगा बांग्लादेश और पाकिस्तान के षड्यंत्र का गर्दा

ध्वज फॉर्मेशन के बाद स्वदेशी फाइटर जेट की पहली उड़ान होगी ! फ्लाई-पास्ट में 75 लड़ाकू विमान हिस्सा लेंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

बांग्लादेश में पाकिस्तान की बढ़ती गतिविधियों के बीच असम में भारतीय वायुसेना का शक्ति-प्रदर्शन होने जा रहा है। रविवार (9 नवंबर) को गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के लाचित घाट पर वायुसेना का बड़ा फ्लाई-पास्ट होने जा रहा है, जिसमें सुखोई, राफेल, तेजस और मिराज सहित कुल 75 लड़ाकू विमान हिस्सा लेने जा रहे हैं। वायुसेना के मुताबिक, लाचित घाट पर होने जा रहे इस फ्लाई पास्ट के लिए पश्चिम बंगाल सहित उत्तर-पूर्व के सात बड़े एयरबेस पूरी तरह अलर्ट पर रहेंगे।

इन एयरबेस में गुवाहाटी, तेजपुर, हासीमारा और बागडोगरा शामिल हैं, जहां से फाइटर जेट, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर उड़ान भरेंगे। वायुसेना के सबसे नए एयरक्राफ्ट, सी-295 (मालवाहक सैन्य विमान) मानस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे, तो मिराज फाइटर जेट, काजीरंगा फॉर्मेशन में नजर आएंगे।





फाइल फोटो

**टीम की रिहर्सल जारी** इस साल वायुसेना दिवस (8 अक्टूबर) का आयोजन राजधानी दिल्ली के करीब हिंडन एयरबेस पर किया गया था, लेकिन उस दौरान पारंपरिक फ्लाई पास्ट का आयोजन नहीं किया गया था। हिंडन के बजाए इस फ्लाई पास्ट को गुवाहाटी में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य दिवस के लिए गुवाहाटी में वायुसेना के लड़ाकू विमानों और सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने रिहर्सल शुरू कर दी है। पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना की गतिविधियां बढ़ गई हैं।

## भारत के उत्तर-पूर्व को बांग्लादेश के मैप में दिखाया था

*हाल ही में पाकिस्तान के टॉप मिलिट्री कमांडर साहिर शमशाद मिर्जा (चेयरमैन, चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी) ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका का दौरा किया था। इस दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया, मोहम्मद यूनुस ने मिर्जा को एक ऐसी पुस्तक (कॉफी टेबल बुक) भेंट की थी, जिसके कवर पेज पर भारत के उत्तर-पूर्व के राज्यों को बांग्लादेश के मैप में दर्शाया गया था। पाकिस्तानी नौसेना प्रमुख नावेद अशरफ भी शनिवार (8 नवंबर 2025) से बांग्लादेश के दौरे पर हैं। इस दौरान, बांग्लादेशी नौसेना का एक युद्धपोत, 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश का दौरा करने जा रहा है।*

## अलग-अलग एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे

*गुवाहाटी स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के मुताबिक, फ्लाई पास्ट के दौरान कुल 25 फॉमर्शेन में अलग-अलग एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे। उत्तर-पूर्व में पहली बार होने जा रहे वायुसेना के पहले फ्लाई-पास्ट में असम की प्राकृतिक धरोहर और ऐतिहासिक वीरों को खासी तरजीह दी गई है।*

---

**खबर संक्षेप**

### सैनिक स्कूल में भाई की मौत पर रो पड़ीं बहन


**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में पूर्वी सियांग के रुक्सिन स्थित सैनिक स्कूल में 7वीं क्लास का



एक छात्र मृत पाया गया। मृतक की बहन मिस अरुणाचल 2024, ताडू लूनिया ने एक वीडियो मैसेज जारी कर स्कूल प्रशासन पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। लूनिया का कहना है कि उसके 12 वर्षीय भाई को मौत से एक रात पहले सीनियर स्टूडेंट्स ने काफी टॉर्चर किया था। सैनिक स्कूल का कहना है कि इस छात्र ने आत्महत्या की है, लेकिन परिवार का कहना है कि काफी कुछ छिपाया जा रहा है।

### हजारों विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देगा कनाडा

**टोरंटो।** कनाडा सरकार ने अमेरिका में एच-1बी वीजा फीस



बढ़ोतरी के जवाब में कुशल विदेशी कर्मचारियों को आकर्षित करने की बड़ी योजना घोषित की है। बजट 2025 में 1.7 अरब डॉलर का फंड आवंटित कर हजारों प्रशिक्षित रिसर्चर्स व टेक प्रोफेशनल्स को तेजी से वर्क परमिट और जॉब ऑफर देने का ऐलान किया गया। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी सरकार ने इसे 'एक्सेलरेटेड पाथवे' बताया, जो इनोवेशन और जॉब क्रिएशन को बूस्ट देगा।

---

पाकिस्तान ने कर दिया जंग का ऐलान!

## अफगानिस्तान से बातचीत के बाद बोला पाक,जंग तय?



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्की में गुरुवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच फिर से उच्च-स्तरीय वार्ता शुरू हुई है। दोनों देशों के बीच यह बातचीत कई हफ्तों से जारी तनाव के बाद हो रही है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने साफ चेतावनी दी है कि अगर बातचीत विफल रही, तो हालात युद्ध तक पहुंच सकते हैं। एक पत्रकार के सवाल पर आसिफ ने कहा, 'अगर बातचीत असफल होती है तो हालात और बिगड़ेंगे।

हमारे पास अपने विकल्प मौजूद हैं। जिस तरह हमें निशाना बनाया जा रहा है, हम भी उसी तरह जवाब दे सकते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या इसका मतलब युद्ध है, तो आसिफ ने जवाब दिया- हां... सिर्फ युद्ध।' हाल के हफ्तों में दोनों देशों के बीच चली झड़पों के बाद हुई शांति-वार्ता का कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है।

### दो बातें आई समाने

बंद दरवाजों के पीछे हुई चर्चाओं से दो बड़ी बातें सामने आई हैं। पहली, यह कि अमेरिका अफगानिस्तान के अंदर ड्रोन हमलों के लिए पाकिस्तान की हवाई सीमा का इस्तेमाल कर रहा है और इस्लामाबाद इसे रोक पाने में पूरी तरह असमर्थ है। दूसरी, अफगान तालिबान अधिकारियों का दावा है कि पाकिस्तान की सेना, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की अगुवाई में, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार को दरकिनार कर काबुल के साथ तनाव बढ़ा रही है। बताया जा रहा है कि वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अलावा सेना प्रमुख आसिम मुनीर भी मौजूद थे। इस पर सवाल उठे कि आखिर किसी देश की नागरिक सरकार के साथ उसकी सेना का प्रमुख राष्ट्रपति से क्यों मिल रहा है।

### जंग की कगार पर खड़े दोनों देश

अफगान तालिबान के इन दावों और पाकिस्तानी सैन्य हलकों की भूमिका पर सवाल ऐसे समय उठे हैं जब राष्ट्रपति ट्रंप अफगानिस्तान में रणनीतिक रूप से अहम बगराम एयरबेस का संचालन अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं। तनाव के इस माहौल में तुर्की में होने वाली आज की बातचीत को बेहद अहम माना जा रहा है क्योंकि अगर यह वार्ता नाकाम रही, तो जैसा कि खुद पाकिस्तान के मंत्री ने कहा है, 'अगला कदम सिर्फ युद्ध होगा।'

---

यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ

## यूरोप में स्पेन बना भारतीय पेट्रोलियम का नया अड्डा, निर्यात में 46,000% का जबरदस्त उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है, वहीं दूसरी तरफ रूसी तेल के बिना उनकी ईंधन की जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। इसलिए वे दूसरे देशों से रिफाइन किया हुआ तेल मंगाना पड़ रहा है।

इसका बड़ा फायदा भारत को हुआ है। भारत से स्पेन को होने वाले पेट्रोलियम निर्यात में इस साल जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। सितंबर 2025 में भारत ने स्पेन को जितना रिफाइंड पेट्रोलियम भेजा, वह पिछले साल की तुलना में लगभग 46,000 प्रतिशत ज्यादा रहा।

और गौर करने वाली बात ये है कि भारत के पास कच्चा तेल रूस से ही आ रहा है। बता दें कि पिछले साल सितंबर में भारत ने स्पेन को सिर्फ 1.1 मिलियन डॉलर का पेट्रोलियम निर्यात किया था, जबकि इस साल सितंबर में यह आंकड़ा 513.7 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया। महीने-दर-महीने की तुलना करें तो बढ़ोतरी 61,000 प्रतिशत से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तेजी का सीधा असर यह हुआ कि भारत का स्पेन को कुल निर्यात भी सितंबर में 151 प्रतिशत बढ़ गया।

*रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोप को रूसी तेल की कमी हो रही है, जिससे भारत को फायदा हुआ है*

*भारत का स्पेन को कुल निर्यात भी सितंबर में 151 प्रतिशत बढ़ा है*



तेल प्रोसेस संयंत्र

### रूस से कच्चा तेल ले रहा भारत

यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब यूरोपीय संघ ने ऐलान किया है कि जनवरी से वे ऐसे रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का आयात पूरी तरह रोक देंगे, जो रूसी कच्चे तेल से बने हैं। भले ही उन्हें किसी तीसरे देश (जैसे भारत) में प्रोसेस किया गया हो। रूस पर युद्ध के चलते अमेरिका और यूरोपीय संघ लगातार नए प्रतिबंध लगा रहे हैं। हाल ही में अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोकनेफ्ट और लूकोइल पर अंतरराष्ट्रीय लेन-देन रोक दिया था, जबकि यूरोपीय संघ ने रूसी एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) के आयात पर भी 2027 से पूरी तरह रोक लगाने की योजना बनाई है। भारत अभी भी अपनी रिफाइनिंग जरूरतों के लिए काफी हद तक रूसी कच्चे तेल पर निर्भर है। रूस भारत को कुल तेल जरूरतों का लगभग 34 प्रतिशत तेल सप्लाई करता है, जबकि 2022 में यूक्रेन युद्ध से पहले यह हिस्सा केवल 0.2 प्रतिशत था।

### भारत और स्पेन के बीच मजबूत आर्थिक और व्यापारिक संबंध

स्पेन यूरोपीय संघ में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। वित्तीय वर्ष 2023 में, दोनों देशों के बीच कुल व्यापार लगभग 8.25 बिलियन डॉलर था, जिसमें भारत से स्पेन को निर्यात और स्पेन से भारत को आयात शामिल है। प्रमुख निर्यातों में वस्त्र, रसायन, ऑटोमोबाइल और समुद्री भोजन शामिल हैं, जबकि आयात में औद्योगिक मशीनरी, विद्युत मशीनरी, रसायन और खनिज ईंधन शामिल हैं। इस तरह वित्तीय वर्ष 2023 में लगभग 8.25 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था।

### ईंधन की बढ़ती मांग का फायदा

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह बढ़ोतरी इसलिए हुई क्योंकि भारत के रिफाइनर अब दक्षिण यूरोप और इबेरिया क्षेत्र में ईंधन की बढ़ती मांग का फायदा उठा रहे हैं, खासकर एविएशन फ्यूल और मिड-डिस्टिलेट्स (जैसे डीजल और केरोसिन) की मांग के कारण।

### सवाल है कि आखिर स्पेन ही क्यों?

दरअसल, पहले भारत से अधिकतम रिफाइंड तेल नीदरलैंड्स को जाता था, जो यूरोप का मुख्य वितरण केंद्र माना जाता है। लेकिन अब वहां पर नियम सख्त हो गए हैं और रूसी तेल से बने ईंधन पर प्रतिबंधों की वजह से भारतीय कंपनियां जोखिम से बचते हुए अपना माल सीधे उन देशों को भेज रही हैं जहां उसकी असल में जरूरत है, जैसे कि स्पेन। स्पेन और नीदरलैंड्स, दोनों मिलकर भारत के यूरोपीय ईंधन निर्यात का लगभग पूरा हिस्सा लेते हैं। सितंबर 2025 में स्पेन ने भारत से सबसे ज्यादा जो चीज आयात की, वह पेट्रोलियम उत्पाद थे। उसके बाद लोहा-इस्पात और मोटर वाहन रहे।

---

## 8 मिनट में 900 करोड़ की हुई चोरी



**पेरिस।** लूव्र दुनिया के सबसे पॉपुलर म्यूजियमों में से एक है। हाल में ये म्यूजियम चोरी के बाद चर्चा में आया था। 19 अक्टूबर को लूव्र म्यूजियम में दिन-दहाड़े चोरी हुई थी। बेशकीमती गहनों की हुई चोरी में अब एक नया मोड़ आया है, जो म्यूजियम की सुरक्षा पर सवाल उठाता है। 19 अक्टूबर को हुई इस चोरी को सिर्फ 8 मिनट में अंजाम दिया गया था। चार चोरों ने मिलकर 8.8 करोड़ यूरो (लगभग 900 करोड़ रुपए) के गहने चुराए थे। चोरों ने इस पूरी घटना को फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया है। बास्केट लिफ्ट लेकर चोर म्यूजियम की दीवार पर चढ़ें, खिड़की तोड़ी और डिस्प्ले केस को तोड़कर गहने लेकर फरार हो गए थे। इस मामले की अभी जांच चल रही है और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पाया गया है कि लूव्र म्यूजियम में साइबर सिक्योरिटी और मेंटेनेंस की कई दिक्कतें थी और पासवर्ड के नाम पर सिर्फ लुव्रे था।

---

अदालती सवालों से बढ़ी उलझन

## टैरिफ मामले पर कोर्ट में फंसे ट्रंप, दुनिया को राहत का इंतजार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जजों ने बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की वैधता पर सवाल उठाते हुए इस मामले में संदेह जताया, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है. यह मामला ट्रंप की पावर का एक बड़ा टेस्ट माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के कंजरवेटिव और लिबरल दोनों ही जजों ने ट्रंप प्रशासन के वकील से यह सवाल किया कि क्या 1977 का आपातकालीन कानून, जो राष्ट्रीय आपात स्थिति के समय के लिए बनाया गया था, ट्रंप को यह अधिकार देता है कि वे इतने बड़े स्तर पर टैरिफ लगा सकें, या उन्होंने कांग्रेस के अधिकार क्षेत्र में दखल दिया है। हालांकि, कुछ कंजरवेटिव जजों ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को विदेशों से जुड़े मामलों में स्वाभाविक रूप से अधिक अधिकार प्राप्त होते हैं। इससे संकेत



मिलता है कि कोर्ट का फैसला इस मामले में तीखे मतभेदों के साथ विभाजित हो सकता है. सुप्रीम कोर्ट में इस समय 6-3 का कंजरवेटिव बहुमत है। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल डी. जॉन सॉअर से कहा, 'टैरिफ तो अमेरिकियों पर टैक्स लगाने जैसा है, और टैक्स लगाने का अधिकार हमेशा से कांग्रेस का मुख्य अधिकार रहा है। अमेरिकी संविधान के अनुसार, टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है।

---

बांग्लादेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत में हिंसा

## कई जगहों पर हमले और आगजनी बीएनपी उम्मीदवार को मारी गई गोली

अंतरिम सरकार का दावा-भटकी गोली लगी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है। इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी। वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि



ढाका की सड़क हुई हिंसा

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए।

### शांति बनाने की कर रहे अपील

उन्होंने कहा, 'हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति बांग्लादेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।' सरकार ने सभी राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और चुनावी प्रक्रिया को सम्मानजनक और शांतिपूर्ण बनाएं। बयान में कहा गया, 'सरकार यह सुनिश्चित करेगी।

---

भारत के शीर्ष परोपकारियों ने वर्ष 2025 में कुल 10,380 करोड़ का दान किया

## शिव नादर फिर बने भारत के सबसे बड़े दानवीर अडाणी-अंबानी-हिंदुजा को भी छोड़ दिया पीछे

मुकेश अंबानी परिवार ने 626 करोड़ रुपए दान में दिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश में समाजसेवा और दान की भावना लगातार काफी मजबूत हो रही है। इसका ताजा उदाहरण एचसीएल टेक्नोलॉजीज के फाउंडर शिव नादर और उनका परिवार है। एडेलगिव हुरुन इंडिया परोपकार लिस्ट 2025 के अनुसार, उन्होंने हर दिन करीब 7.4 करोड़ के औसत के बराबर दान दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष परोपकारियों ने वर्ष 2025 में कुल

नादर ने हर दिन 7.4 करोड़ रुपए दान



मुकेश अंबानी,शिव नादर और गौतम अडाणी

10,380 करोड़ का दान किया है। वहीं 68 वर्षीय मुकेश अंबानी और उनका परिवार 626 करोड़ रुपए के योगदान के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उनका परोपकार शिक्षा, ग्रामीण परिवर्तन, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और विरासत संरक्षण तक फैला है। इस लिस्ट में कुल 191 दानवीर शामिल हैं। इस लिस्ट में पहली बार 12 नए चेहरे जगह बनाने में सफल रहे हैं। देश में बीते 3 सालों में दान की राशि में 85 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की गई है। जो भारत में परोपकार की बढ़ती संस्कृति को दर्शाती है।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज के संस्थापक शिव नादर और उनका परिवार एक बार फिर इस सूची में टॉप स्थान पर रहे। वे पिछले पांच सालों में चौथी बार भारत के सबसे उदार दानवीर' बने हैं। उन्होंने साल 2025 में कुल 2,708 करोड़ का दान दिया है। उनका यह योगदान प्रति दिन 7.4 करोड़ के औसत के बराबर है।

### गौतम अडाणी परिवार

गौतम अडाणी और परिवार ने करीब 386 करोड़ रुपये का दिन दिया है। यहां पिछले साल के मुकाबले 17% की वृद्धि है। अडानी फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, कौशल विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर है।

### हिंदुजा परिवार

हिंदुजा परिवार 298 करोड़ के दान के साथ 7वें नंबर पर है। हिंदुजा फाउंडेशन का फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत आजीविका पर है।

---

## नेपाल की तरह अब पाकिस्तान में बगावत जेन-जेड ने खोला मोर्चा

**एजेंसी:इस्लामाबाद।** नेपाल की तर्ज पर अब पाकिस्तान में भी जेन जेड ने सत्ता के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कुछ सप्ताह पूर्व भड़की हिंसक प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विद्रोह की आंधी उठ चुकी है। इस दफा कमान संभाली है युवा छात्रों (जेन जी) ने, जो शिक्षा सुधारों के बहाने बढ़ती ट्यूशन फीस और नई मूल्यांकन व्यवस्था के विरुद्ध सड़कों पर उतर आए हैं।






# सात जिलों में 35 निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण, पीडब्ल्यूडी में छह अधिकारियों पर हुई कार्रवाई, 2 ठेकेदारों को भी किया ब्लैकलिस्ट

## रैंडम आधार पर सड़क, पुल, भवन का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में निर्माण कार्यों के गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से प्रदेश भर में निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू की गई है। इसी क्रम में 4 नवंबर को मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने हरदा, जबलपुर, श्योपुर, खरगोन, सिंगरौली, नीमच एवं सागर जिलों में औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कुल 35 निर्माण कार्यों का रैंडम आधार पर चयन कर निरीक्षण किया गया, जिनमें से 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क, पुल) के, 4 कार्य परियोजना क्रियान्वयन इकाई (भवन) के, 7 कार्य मप्र सड़क विकास निगम के तथा 3 कार्य मप्र भवन विकास निगम शामिल है।

### जबलपुर, हरदा, श्योपुर, खरगोन, सिंगरौली, नीमच एवं सागर जिले में पहुंचा दल



फाइल फोटो

### कार्य संतोषजनक नहीं होने के कारण नोटिस किया जारी

निरीक्षण के दौरान श्योपुर जिले में लोक निर्माण विभाग (सड़क-पुल) के पिपरवास से वामनवास तक सुदृढ़ीकरण मार्ग का कार्य प्रगतिरत पाया गया, किन्तु कार्य संतोषजनक नहीं होने के कारण संबंधित कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री को नोटिस जारी करने तथा ठेकेदार मे. मुन्ना लाल राठौर को कालीसूची में डालने के लिए निर्देश दिए गए। इसी प्रकार श्योपुर जिले में ही दादूनी से चिमलका तक के मार्ग (पीजी के तहत) का कार्य भी संतोषजनक नहीं पाया गया, जिसके चलते संबंधित कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री की दो वेतनवृद्धियां रोकने, ठेकेदार मे. जेके ट्रेडर्स (प्रोप्रायटर देवेन्द्र कुमार गर्ग) को कालीसूची में डालने, परफॉर्मेंस गारंटी जब्त करने तथा हर्जे-खर्चे पर मार्ग का सुधार कार्य कराने के लए निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त 23 अन्य कार्यों में आंशिक सुधार के निर्देश दिए गए।

### बैठक में अधिकारियों को निर्देश, निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए

निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, भवन शाखा के प्रमुख अभियंता एसआर बघेल, मुख्य अभियंता पीसी वर्मा, मुख्य अभियंता बीपी बौरासी, मुख्य अभियंता बीएस मीणा तथा मप्र भवन विकास निगम के महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव सहित सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षण दल के अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सिंगरौली जिले की सराहना

समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए सिंगरौली जिले के पुरैल छन्दा से देवरा रेलवे स्टेशन तक 4.62 किलोमीटर लंबे बीटी नवीनीकरण मार्ग (पीजी अंतर्गत) की सराहना की गई। इस मार्ग की स्थिति अत्यंत अच्छी पाई गई, जिसके लिए कार्यपालन यंत्री एसबी सिंह करचुली, अनुविभागीय अधिकारी अरुण शुक्ला, उपयंत्री संजय श्रीवास्तव तथा ठेकेदार मेसर्स श्याम मुरारी की प्रशंसा की गई।

### लोक प्रबंधन परियोजना प्रणाली का प्रस्तुतिकरण

*आगामी समीक्षा बैठक में लोक प्रबंधन परियोजना प्रणाली का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, जिसके लिए सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वे उक्त प्रणाली का सक्रिय उपयोग करें। लोकपथ एप में प्राप्त शिकायतों का निराकरण 4 दिवस की समय सीमा में किया जाए। कार्यों के आगामी औचक निरीक्षण में लोक कल्याण सरोवर का भी निरीक्षण किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्षाकाल समाप्त हो चुका है और वर्किंग सीजन प्रारंभ हो गया है, अब विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति वित्तीय वर्ष के भीतर सुनिश्चित की जाए।*

### ब्लैकस्पॉट के रेक्टिफिकेशन कार्य समय पर पूर्ण करें

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण इस प्रकार किया जाए कि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हों, जिससे रैंकिंग में और सुधार हो सके। भास्कराचार्य संस्थान के समन्वय से लोक निर्माण विभाग के लिए कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आगामी सप्ताह में आयोजित की जाएगी। सड़क मरम्मत के साथ यातायात सुरक्षा, जंगल सफाई, रोड मार्किंग, पेंटिंग तथा ब्लैकस्पॉट के रेक्टिफिकेशन कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### ई-अटेंडेंस को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका ली वापस

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ई-अटेंडेंस को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत याचिका याचिकाकर्ता ने वापस ले ली है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के इस नीतिगत फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई ठोस कारण नहीं है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने खुद ही याचिका वापस ले ली। बताया जा है कि जनहित याचिका गेस्ट टीचर कोऑर्डिनेशन कमेटी, अशोक नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की ओर से दायर की थी। इसमें 20 जून 2025 को जारी आदेश को चुनौती दी गई थी।

### एमपी-सीजी सीमा पर पहुंचा हाथी, वन विभाग कर रहा निगरानी

**भोपाल।** छत्तीसगढ़ सीमा से लगे मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक हाथी के प्रवेश की संभावना बनी है। यह एक दांत वाला नर हाथी बुधवार सुबह जैतहरी तहसील के चोलना गांव से सटे छत्तीसगढ़ के मारवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट जंगल में देखा गया। वन विभाग ने इसके देर रात अनूपपुर जिले में प्रवेश करने की आशंका जताई है। हाथी के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को देर शाम और रात के समय सतर्क रहने की अपील की गई है। वन विभाग इस हाथी की लगातार निगरानी कर रहा है।

## उपजिला निर्वाचन अधिकारी को बीएलओ ने बताई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर अनगिनत मैदानी समस्याएं

# जिन लोगों का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं, पिता का नाम नदारद, उस वोटर के गणना पत्रक को लेकर समझ नहीं पाए बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर जिले की सात विधानसभाओं में 2029 बीएलओ को गणना फार्म देकर फील्ड में उतारा गया है। पहले दिन जब बीएलओ को मतदाताओं को गणना पत्रक देने पहुंचे, तो अधिकतर मतदाताओं ने मौके पर ही गणना पत्रक को भर दिया। कुछ मतदाताओं ने जानकारी जुटाने की बात कहकर बीएलओ को बाद में गणना पत्रक जमा करने की बात कही।

बीएलओ ने जब गणना पत्रक को बीएलओ एप पर अपलोड करना चाहा, तो चाचा और ताऊ का नाम मैच नहीं हुआ। इधर जिन लोगों का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है, पिता का नाम भी नहीं है, उस वोटर के गणना पत्रक को लेकर भी बीएलओ समझ नहीं पाए। मंगलवार को बीएलओ की अलग-अलग समस्याओं को देखते हुए उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने नरेला सहित अन्य विस के बीएलओ को बुलाकर जानकारी दी। एक बीएलओ ने बताया कि वोटर ने चाचा की जानकारी दर्ज की है, लेकिन बीएलओ एप पर ब्लड रिलेशन में दादा और पिता का विकल्प है। चाचा का विकल्प नहीं आ रहा। जिस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग को जानकारी दे दी गई है।

**1** चाचा, ताऊ का नाम बीएलओ पोर्टल पर नहीं कर रहा मैच

**2** एसआईआर में फील्ड पर उतरे बीएलओ को आ रही दिक्कत



निर्वाचन अधिकारी को बीएलओ ने मैदानी समस्याओं से अवगत कराया।

### बुजुर्ग का वर्ष 1995 में जुड़ा नाम, 2003 की मतदाता सूची से गायब

मध्य क्षेत्र में एक बुजुर्ग को जब गणना फार्म दिया गया तो उन्होंने वर्ष-1995 की जानकारी गणना फार्म में दर्ज कर दी। जबकि वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में उनका नाम ही दर्ज नहीं था। ऐसे में बीएलओ ने बताया कि सिर्फ वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। पहले दर्ज नाम से कोई लेना देना नहीं है।

### नरेला में फार्म में भर दिए दोनों कॉलम

नरेला स्थित करोंद क्षेत्र के बीएलओ ने बताया कि एक मतदाता ने वर्ष-2003 में दर्ज खुद की जानकारी के साथ पिता की जानकारी भी भर दी है। अब क्या किया जाए। जिस पर गुप्ता ने बताया कि मतदाता के खुद के नाम दर्ज होने के आधार पर उसकी जानकारी बीएलओ एप में अपलोड की जाए।

### एसआईआर को लेकर मतदाताओं के सवालों से बीएलओ परेशान, कई जवाब नहीं दे सके

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 68 लाख मतदाताओं के नाम काटने के बाद प्रदेश में एसआईआर को लेकर वोटर्स में तरह-तरह की जिज्ञासाएं हैं। जिसको लेकर एसआईआर के पहले दिन जब बीएलओ फील्ड में गणना पत्रक लेकर उतरे तो मतदाताओं ने उनसे सवालों की झड़ी लगा दी। जिनमें से कई सवालों के जवाब बीएलओ भी नहीं दे सके। पहले दिन कम बीएलओ ही मैदान में उतरे थे, लेकिन दूसरे दिन गणना पत्रक बांटने काम ने जोर पकड़ लिया है। हालांकि अब तक कई इलाकों के मतदातओं के गणना पत्रक प्रिंट होकर नहीं आए हैं। ऐसे में वहां के बीएलओ ने चुनिंदा इलाकों में गणना पत्रक बांटने शुरू किया है। नरेला के पोलिंग बूथ नंबर-33 की बीएलओ शमा बानो से वोटर रिजवान ने पूछा कि जिनका नाम 2003 की सूची में है या उनके पिता, चाचा, दादा या फिर ताऊ का दर्ज है, तो उन्हें दोनों कॉलम में जानकारी दर्ज करना पड़ेगी। बीएलओ ने बताया कि सिर्फ खुद की जानकारी को दर्ज किया जाए। पिता की जानकारी दर्ज करने की जरूरत नहीं है। वहीं दो दिन दो लाख अस्सी हजार गणना पत्रक बांटे गए हैं।



शहाजहांनाबाद में गणना पत्रक देते बीएलओ

### वार्ड दफ्तरों में दूसरे दिन भी नहीं शुरू की हेल्प डेस्क

*मंगलवार को अपर आयुक्त वरुण अवस्थी ने नगर निगम के वार्ड दफ्तरों में हेल्प डेस्क बनाने और उनके लगाए गए कर्मचारियों की लिस्ट जारी की थी। आदेश के बाद बुधवार को निगम के दफ्तरों में छुट्टी होने की वजह से हेल्प डेस्क नहीं खोली गई। अब अफसर गुरुवार से हेल्प डेस्क के सक्रिय होने की बात कह रहे हैं।*

### बीएलओ को मिलेंगे दस फीसद कोरे गणना पत्रक

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि सभी बीएलओ को हिदायत दी गई है कि वह मतदाता की सहायता करते हुए सामने ही गणना पत्रक को भरवा लें। अगर मतदाता बाद में देने की बात कहता है और गणना पत्रक गुम या क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो उसके लिए सभी बीएलओ को अपने वोटर्स की संख्या के हिसाब से दस प्रतिशत कोरे गणना पत्रक दिए जाएंगे। आयोग को इस संबंध में जानकारी दे दी गई है।

# फर्जी पुलिस वाले बनकर लाखों चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

उतई थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मी बनकर लाखों रुपये के चोरी की घटना सामने आई है। दरअसल, आरोपी ने पीड़िता के घर पहुंचकर उसे और उसके परिवार वालों को धमकाया कि उनके घर में ड्रग्स और गांजा छुपाकर रखा गया है। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों को घर से बाहर निकाल दिया और अलमारी में रखे आभूषण चोरी करके फरार हो गए। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

उतई थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रा में रहने वाली टामिन बंजारे के घर स्कूटी में दो युवक गाड़ी को गली में खड़ा करके पैदल ही उसके घर पहुंचे और बोले कि हम लोग पुलिस वाले हैं। तुम लोग ड्रग्स और गांजा बिक्री का काम करते हुए। तुम लोगों के खिलाफ पाटन थाना में बहुत शिकायत हैं और डराने धमकाने लगे। इसके बाद घर की जांच करने की बात कही। जांच के नाम पर परिवार के सभी लोगों को घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे।



### डरा-धमकाकर घर की जांच की

पहले सामने कमरे व पूजा घर में जाकर जांच की। इसके बाद पीछे के कमरे में पहुंच गए जहां अलमारी रखी थी। उसकी चाबी मांगने लगे। जिसका विरोध करने पर महिला को पुलिस बुलाने की धमकी देकर डराने-धमकाने लगे। इससे घबराकर चाबी दी। सभी कमरों की जांच के बाद आरोपी चले गए। उनके जाने के बाद सामान चेक किया गया तो अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया और कान का झुमका एक छोटा पर्स गायब मिला रखा था। घर वालों के जब तक लूट का एहसास हुआ तब तक शातिर वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# फसलों को नुकसान पहुंचा रहा हाथियों का दल

वन मंडल कोरबा में 38 हाथियों का झुंड घूम रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

39 हाथियों ने किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया। वन मंडल कोरबा में हाथियों के झुंड ने 19 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। करतला रेंज में सबसे अधिक 38 हाथी घूम रहे हैं और उन्होंने सुरईआरा के 4 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

इसके अलावा बाड़ी में घुसकर पौधे तोड़े। वन विभाग की टीम ग्रामीणों को सतर्क करने का काम कर रही है। ग्रामीणों की मानें तो हाथियों का दल पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जिसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। फसल तो बर्बाद हो ही रहे है जान माल का भी खतरा बना हुआ है। उन्हें रात जागकर गुजारनी पड़ रही है। वन विभाग की टीम ग्रामीणों को सतर्क करने का काम कर रही है। वहीं, आसपास गांव में मुनादी कराई जा रही है कि वह हाथियों के करीब और जंगल ना जाए।

## 70 हजार लेकर भागे, लैलूंगा थाना क्षेत्र का मामला

# बैंक से पैसे निकालकर जा रहे युवक से लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ

जिले में एक शख्स लूट का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित बैंक से 70 हजार रुपये निकालकर घर जा रहा है। इस बीच रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके साथ लूटपाट की। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम मुकडेगा के रहने वाले अर्जुन दास महंत 57 साल ने लैलूंगा थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह बाइक से बैंक गया था, जहां अपने खाते से 70 हजार रुपये निकाल कर उसे कपड़े के थैले में रखकर वापस अपने गांव लौट रहा था।

बाइक सवार मदनलाल भगत और अर्जुन दास महंत जब कोतबा बाईपास के पास पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से बाइक पर सवार होकर दो अज्ञात युवक आए जिसमें बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट पहने था तो दूसरे ने कपड़े से चेहरा ढ़का हुआ था।



### रुपए निकालकर थैला फेंक दिया

*पीड़ित ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ से थैले को झपट्टा मारकर छीन लिया और कोतबा की ओर भागने लगे। अचानक घटी इस घटना के बाद आरोपियों का पीछा करने के दौरान बूढ़ीकूटेन के पास थैला एवं कागजात मिले और उसमें रुपये नहीं थे। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद आरोपियों का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत लैलूंगा थाने में की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।*

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

# राज्यपाल रहते हुए अर्जुन सिंह ने पंजाब से आतंकवाद को खत्म किया: चौधरी



व्यापमं चौराहे पर स्व. अर्जुन सिंह को पुष्पांजलि देते हरीश चौधरी, अजय सिंह, पीसी शर्मा आदि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को उनकी जयंती पर आदरपूर्वक याद किया गया। प्रदेश के प्रमुख कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके बाद शिवाजी नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अर्जुन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में उनके बड़े बेटे अभिमन्यु सिंह और छोटे बेटे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने उपस्थित रहकर अपने पिता का स्मरण किया।

- सिंह का किया गया स्मरण
- व्यापमं चौराहे पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



पीसीसी में पुष्पांजलि अर्पित करते अजय सिंह

### अर्जुन सिंह व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि अर्जुन सिंह व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे। ऐसी विचारधारा, जिसने सामाजिक न्याय, गरीब और समग्र विकास तथा संस्कृति के संदर्भ में अपना भरपूर योगदान इस देश को दिया, जिसे आज भी याद किया जाता है। मैं जब पंजाब का कांग्रेस प्रभारी था तो मैंने देखा कि जन जन उनको याद करता है, क्योंकि वहां के राज्यपाल रहते हुए उन्होंने बिना सेना की मदद लिए पंजाब से आतंकवाद को समाप्त किया। इसका श्रेय अर्जुन सिंह को ही जाता है। यह दुनिया में अपने आप में इकलौता उदाहरण है।

### अर्जुन सिंह को समग्र योगदान के लिए याद किया जाता रहेगा

*चौधरी ने कहा कि जिस तरह न्यूयॉर्क में निर्वाचित मेयर ने अपने भाषण में नेहरू जी को याद किया ठीक उसी तरह अर्जुन सिंह को भी उनके समग्र योगदान के लिए याद किया जाता रहेगा। नेहरू के बाद इस तरह का व्यक्तित्व अर्जुन सिंह में दिखता है। उनकी जयंती पर हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि अर्जुन सिंह की विचारधारा का अनुसरण करते हुए हम सभी मिलकर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। कार्यकताओं को यह प्रण लेना है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे, आज हमारी पीढ़ी का यह कर्तव्य बनता है, जिस विचारधारा को अर्जुन सिंह ने अपनाया उसे हम कैसे अमर करें।*

# लोडर की चपेट में आने से सुपरवाइजर की मौत

*एनआर इस्पात कंपनी की घटना, मौके पर तोड़ा दम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देलारी स्थित एनआर इस्पात कंपनी में गुरुवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। कोयला लोडिंग के दौरान लोडर की चपेट में आने से सुपरवाइजर जयप्रकाश भगत (50 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब लोडर चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया जा रहा था। अचानक वाहन जयप्रकाश भगत के ऊपर चढ़ गया, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद संयंत्र परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कंपनी प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया गया कि मृतक जयप्रकाश भगत झारखंड निवासी थे और पिछले एक वर्ष से अधिक समय से एनआर इस्पात में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## स्मार्ट सिटी का आदेश देखकर भागे निगम अधिकारी, बिना लिखित आदेश के कार्रवाई

# राइट टाउन स्टेडियम में कब्ज़े की कोशिश!

हरिभूमि, जबलपुर।

**शहर का गौरव राइट टाउन स्टेडियम गुरुवार को प्रशासनिक मनमानी और सत्ता के दबाव का केंद्र बन गया। नगर निगम का अमला बिना किसी लिखित आदेश या अनुमति के स्टेडियम परिसर में घुसा, और लोहे के खंभे गाड़कर एन्ट्री गेट व ग्रीन एरिया को बंद कर दिया। यह स्टेडियम स्मार्ट सिटी द्वारा कौंत्येय वेंचर को विधिवत लीज़ पर दिया गया है, जिसकी पुष्टि मौके पर मौजूद स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने की। लीज लेने वाली कंपनी के मैनेजर आशुतोष मिश्रा ने आरोप लगाया कि निगम कर्मियों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू का हवाला देते हुए कब्ज़ा करने की कार्रवाई को अंजाम दिया।**

**बौखलाए अधिकारी, मौके से भागे**

विवाद की खबर पर जब मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे और सवाल-जवाब शुरू किए, तो निगम अधिकारी बिना कोई जवाब दिए भाग खड़े हुए। किसी ने कोई लिखित आदेश, अनुमति पत्र या दस्तावेज़ तक नहीं दिखाया, जिससे यह पूरा प्रकरण और संदिग्ध हो गया।



### ऑलंपिक भवन" का हवाला

सूत्रों के अनुसार महापौर अन्नू इस क्षेत्र में "ऑलंपिक भवन" निर्माण करवाना चाहते हैं और इसे प्रस्तावित स्थल बताया है। जबकि सवाल यह है कि जब राज्य सरकार ने पहले ही स्टेडियम को लीज़ पर सौंप चुके हैं। तब महापौर किस अधिकार से कब्ज़े का आदेश दे रहे हैं?

### जनता ने जताया विरोध, जांच की मांग

अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने इस मनमानी को शक्ति का खुला दुरुपयोग बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। अब सबकी निगाहें इस पर हैं कि प्रशासन सच्चाई सामने लाता है या सत्ता संरक्षण में यह मामला भी दबा दिया जाएगा।

### इनका कहना हैं

ऑलंपिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव बनाया गया है जिसको लेकर मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। लीज पर दिया गया है लेकिन उक्त स्थल समेत जिम नगर निगम के अधीन है।

**-जगत बहादुर सिंह (अन्नू), महापौर**

# पीएमश्री एयर एंबुलेंस से जबलपुर से मुंबई पहुँची नन्ही परी

**मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत नारायण हृदयालय में होगी सर्जरी**

**जबलपुर।** जिले के सिहोरा तहसील के ग्राम नुंजी निवासी सतीश दाहिया और शशि दाहिया की तीन दिन की नवजात बच्ची को गंभीर हृदय रोग से पीड़ित होने पर आज पीएम श्री एयर एंबुलेंस से जबलपुर से मुंबई भेजा गया। मुंबई के नारायण हृदयालय में बच्ची का ऑपरेशन मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत कराया जाएगा। यह मध्यप्रदेश का पहला मामला है जब मात्र तीन दिन की नवजात को राज्य शासन की एयर एंबुलेंस सेवा से जीवन रक्षक उपचार हेतु दूसरे राज्य भेजा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर इस विशेष व्यवस्था की गई।

### डुमना एयरपोर्ट से उड़ी नन्ही परी की उम्मीद

दिल्ली से आई पीएम श्री एयर एंबुलेंस दोपहर लगभग 1 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुँची। तमाम चिकित्सकीय औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद बच्ची को रसल चौक स्थित जबलपुर हॉस्पिटल से एंबुलेंस द्वारा एयरपोर्ट लाया गया। इस अवसर पर सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े उपस्थित रहे। उन्होंने कहा "मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संवेदनशीलता और तत्परता का जो परिचय दिया है, वह सराहनीय है। नन्ही बच्ची का जीवन अब सुरक्षित हाथों में है।"

### अवकाश के दिन भी खुला स्वास्थ्य विभाग

गुरुनानक जयंती के अवकाश के बावजूद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने कार्यालय खोलकर एक घंटे के भीतर सभी दस्तावेज तैयार कर लिए। बच्ची की स्थिति गंभीर होने के कारण योजना की स्वीकृति तत्काल प्रदान की गई और मुंबई के नारायण हृदयालय में उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### परिवार ने जताया आभार

बच्ची के पिता सतीश दाहिया ने भावुक होते हुए कहा "हमारी बच्ची को नया जीवन मिला है। मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने जो सहयोग किया है, उसे हम कभी नहीं भूलेंगे।"



# आयकर विभाग ने आयोजित किया तीन दिवसीय करदाताओं का हब

**जबलपुर।** आयकर विभाग द्वारा कलचुरी होटल, जबलपुर में आयोजित तीन दिवसीय करदाताओं का हब "टैक्सपायर्स हब" का आज पहला दिन रहा। हब का उद्घाटन प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (म० प्र० & छ० ग०) श्री एल. के. एस. देहिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री राजेश कुमार वर्मा, कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलन के उपरान्त श्रीमती सविता बुन्दस, प्रधान आयकर आयुक्त-1, जबलपुर स्वागत उद्बोधन किया । श्रीमती सपना भाटिया, ए. डी. जी नई दिल्ली द्वारा इस टैक्सपायर्स हब की महत्वता पर प्रकाश डाला । इस कार्यक्रम में नए आयकर अधिनियम के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डेडिकेटेड कीओस्क विशेषज्ञ के साथ सूचनात्मक सत्र का आयोजन किया गया था। जिसमें बहुत सारे करदाताओं निर्धारती आम लोगों ने अपने अपने सवाल पूछे। हब में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों की जिज्ञासाओं का निवारण किया और उनको उनकी समस्याओं के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। ए.के. झा मुख्य आयकर आयुक्त सेवा निवृत्त ने विस्तारपूर्वक उपस्थित सी ए एवं बार के सदस्यों निर्धार्तियों को नए आयकर अधिनियम 2025 की विशेषताओं को बताया और प्रश्नों का जवाब भी दिया। यह पहल नागरिकों से अधिक खुले संवादात्मक और सहभागितापूर्ण तरीके से जुड़ने का एक अभिनव प्रयास है जो विभाग की करदाता अनुकूल एवं पारदर्शी नीति को दर्शाती है। इस हब का उद्देश्य करदाताओं को जागरूक करना तथा नई पीढ़ी को यह समझाना है कि राष्ट्र निर्माण में करों की क्या भूमिका होती है। कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक सत्रों सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का एक समन्वय था जो सीखने के साथ साथ मनोरंजन का भी अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँः बच्चों के लिए विशेष कोना कार्नर जिसमें रोमांचक वी. आर. वर्चुअल रियलिटी जोन की व्यवस्था । कार्यक्रम में श्री अभिषेक मिश्रा अतिरिक्त आयकर आयुक्त (छूंट), भोपाल द्वारा छूंट के प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में राम कुमार यादव आयकर आयुक्त (प्रशासन) भोपाल, श्रवन मीना आयकर आयुक्त (डी . आर.) जबलपुर, श्रीमती गुंजन वार्ष्णेय अतिरिक्त आयकर आयुक्त (प्रशासन एवं टी. पी. एस.), भोपाल, राजीव कुमार सीईओ, कैंट, श्री शेरावत, आयुक्त ईपीएफओ, अखिलेश कुमार, सीडब्ल्यूई पमरे, एवं जबलपुर के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, राहुल पढ़ा संयुक्त आयकर आयुक्त रेंज-1 जबलपुर, रमाकांत प्रधान संयुक्त आयकर आयुक्त रेंज-२, जबलपुर, जी. के. शर्मा संयुक्त आयकर निदेशक (अन्वेषण), एस. जी. मून, संयुक्त आयकर छिंदवाडा, एन. एम. प्रसाद संयुक्त आयकर आयुक्त (डी. आर.) जबलपुर, महाकोशल एवं जबलपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स, सीए एसोसिएशन, टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य, अन्य गणमान्य नागरिको एवं आयकर विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महेश शुक्ल आयकर अधिकारी (मुख्यालय) कार्यालय आयकर आयुक्त ए. यू. – 1 जबलपुर के द्वारा किया गया । मीडिया मैनेजमेंट में स्टेनी जेवियर, आयकर अधिकारी एवं संतोष साहू, आयकर अधिकारी की मुख्य भूमिका निभाई ।

# एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत के लिए आवश्यक : डॉ राय

**जबलपुर।** स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन जबलपुर ग्रामीण द्वारा एमएम इंटरनेशनल स्कूल में एक राष्ट्र एक चुनाव पर चर्चा हेतु छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्षता बीजेपी जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश संयोजक डॉ रोहिन राय, डॉ सुधांशु गुप्ता , पुष्पराज बघेल , रोहन वैद्य , पंकज तिवारी , शिवम शर्मा, सत्यम मेहरा,अनमोल मिश्रा ,निकेश बघेल, मानव सोनी, दीपक साहू व स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक ऋषभ द्विवेदी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने कहा एक राज्य एक चुनाव के महत्व व बार बार होने वाले चुनावो के नुकसान पर चर्चा की। मुख्य वक्ता डॉ रोहिन राय ने एक राष्ट्र एक चुनाव से होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला साथ ही साथ उपस्थित छात्रो से इसका समर्थन करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में आभार पंकज तिवारी एवं संचालन सत्यम मेहरा ने किया।



### हथियार अड़ाने पर कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनकुमार कुड़ोपा की अदालत ने हथियार अड़ाने के आरोपित आजाद वार्ड, पनागर निवासी सौरभ पटेल का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीन वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 13 सितंबर, 2019 को आरोपित ने रंजीत आर्य का रास्ता रोका और हथियार अड़ा दिया। शराब पीने के लिए रुपये की मांग करने लगा। मना करने पर गाली-गलौच करने लगा। यही नहीं चाकू से हमला कर दिया। इससे रंजीत को चोट लग गई। शिकायत पर पनागर पुलिस ने अपराध कायम कर लिया।

# वन्दे मातरम के 150वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मनाएगी उत्सव

## शहीद रघुनाथ शाह, शंकर शाह की बलिदान स्थली पर भाजपा करेंगी सामूहिक गान

**जबलपुर।** वंदे मातरम' वह गीत है जिसने आज़ादी के आंदोलन के दौरान लाखों भारतीयों को देशभक्ति, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत किया। 7 नवम्बर, 2025 को स्व. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम अपनी रचना के 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी इस गीत की वर्षगांठ को देश और प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के साथ ही विरासत को संजोने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की मंसानुसार हम सभी कार्यकर्ता इसे आत्मसात करने में जुटे हुए हैं, यह बात भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये भाजपा कार्यालय रानीताल में कही। श्री जैन ने भारतीय जनता पार्टी इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रही है, जो केवल एक दिन का नहीं, बल्कि 7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक चलने वाला राष्ट्रव्यापी उत्सव होगा, जिसमें हर जिले और हर शैक्षणिक संस्थान की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 7 नवम्बर 2025 को वंदेमातरम (अपने मूल स्वरूप में) का वाचन प्रदेश के 150 स्थानों पर, न्यूनतम 150 व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।



श्री जैन ने कहा इस पूरे अभियान में सेमिनार, प्रदर्शनी, साहित्यिक प्रतियोगिताएँ, सोशल मीडिया अभियान और लेखन गतिविधियाँ होंगी, ताकि युवाओं तक इस गीत का संदेश पहुंचे। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा उपस्थित थे।

### दस विशेष स्थानों पर कार्यक्रम

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया भारतीय जनता पार्टी 7 नवंबर को ही प्रदेश के दस विशेष स्थानों पर आयोजन करेगी इन दस स्थानों में हमारा जबलपुर भी शामिल है। हमारे जबलपुर में यह 7 नवम्बर को प्रातः 9 बजे आयोजन शहीद रघुनाथ शाह, कुँवर शंकर शाह की बलिदान स्थली के समक्ष किया जायेगा, जिसमे भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ के साथ आम जनों की सहभागिता होंगी।



# कृषि स्टार्टअप्स से देश की अगली कृषि क्रांतिः कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि स्टार्टअप्स देश की अगली कृषि क्रांति का सूत्रपात करेंगे। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसी रोजगारोन्मुख गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन देने पर बल दिया। कलेक्टर सिंह, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित 30 दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की वित्त पोषित आर.के.व्ही.वाय. रफ्तार परियोजना के अंतर्गत मध्य भारत के एकमात्र एग्री बिजनिस इन्क्यूबेटर 'जवाहर राबी' के तत्वावधान में आयोजित किया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जे.एन.के.वी.वी. के कुलगुरू प्रो. पी. के. मिश्रा ने संस्थान द्वारा स्थापित 63 एग्री स्टार्टअप्स कंपनियों और उनके आर्थिक तथा व्यावसायिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भविष्य में मूल्य संवर्धन और कृषि यांत्रिकीकरण को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रयास करने का आह्वान किया।संस्था के निदेशक डॉ. मोनी थॉमस ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए मध्यप्रदेश में एग्री स्टार्टअप्स की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने वित्त पोषित एग्री स्टार्टअप्स की एक डाक्यूमेंट्री प्रस्तुति भी दी, जिसके बाद राज्य के 20 जिलों से आए 41 प्रशिक्षणार्थियों ने अपने व्यावसायिक विचारों और उत्पादों को अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया। कलेक्टर सिंह ने प्रत्येक स्टार्टअप के प्रति गहन रुचि दिखाई और जिलों में कृषि विकास के लिए उन्हें और अधिक प्रयास करने की सलाह दी।इस महत्वपूर्ण अवसर पर कुल सचिव, अधिष्ठाता कृषि एवं अभियांत्रिकी संकाय, संचालक शिक्षण, संचालक अनुसंधान सेवाएँ, संचालक विस्तार सेवाएँ, समस्त विभागाध्यक्षों सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और छात्र-छात्राएँ गरिमायी रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. लवीना शर्मा, दीपांशु पटेल, श्रीमती अनुपमा वर्मा, लवकेश

# दद्दाजी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 9 से

**जबलपुर।** गृहस्थ संत गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का महामहोत्सव दद्दाजी धाम परिसर कटनी में 9 से 13 नवंबर, 2025 तक बड़े श्रद्धा और वैभव के साथ आयोजित होगा। यह पाँच दिवसीय महोत्सव देशभर से आने वाले हज़ारों श्रद्धालुओं, संतों, आध्यात्मिक आचार्यों और विशिष्ट अतिथियों को एक सूत्र में बाँध देगा।

यह पावन महोत्सव 9 नवंबर, 2025 से शुभारंभ होगा, जिसकी शुरुआत असंख्य पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण और रुद्राभिषेक जैसे दिव्य अनुष्ठानों से होगी। वातावरण में हर ओर वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्ति का आलोक व्याप्त रहेगा। मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार, 11 नवंबर, 2025 को प्रातः 10 बजे से दद्दाजी धाम, कटनी में विधिवत होगा। इसके साथ कलश यात्रा, हवन, अभिषेक, आरती और पूर्णाहुति जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यह महोत्सव आगे बढ़ेगा – एक ऐसी श्रृंखला, जिसमें हर क्षण श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव होगा।11 से 13 नवंबर, 2025 वृंदावन के प्रतिष्ठित कथावाचक पंडित इन्द्रेश उपाध्याय महाराज अपने दिव्य वचनों से श्रद्धालुओं को आशीषित करेंगे। इस अवसर पर पंडित मोहित मराल गोस्वामी, पंडित अनिरुद्धाचार्य, पंडित पुंडलिक गोस्वामी और रेणुका जैसे संतों की गरिमामयी उपस्थिति होगी।महोत्सव की तैयारियों की जानकारी देते हुए संजय सत्येन्द्र पाठक ने बताया यह मंदिर शांति, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का दीपस्तंभ बनकर, आने वाली पीढ़ियों को दद्दाजी के निष्काम सेवा और अटूट आस्था के संदेश से निरंतर प्रेरित करता रहेगा।'



# आरसीएम की रूपांतरण यात्रा का नगर आगमन 9 को

जबलपुर।

आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जिसमें अब तक देश के 20 शहरों में एक लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं, 9 नवम्बर को जबलपुर पहुँचेगी। 16 सितंबर 2025 को राजस्थान के भीलवाड़ा से आरसीएम के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू हुई यह यात्रा सभी अपेक्षाओं से आगे निकल चुकी है और अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। इस यात्रा के दौरान आम नागरिक – बच्चे, महिलाएं और परिवार – स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार जैसे मुख्य सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव और समाज सेवा के महत्व के बारे में सीखा है। रूपांतरण यात्रा के मार्गदर्शक तिलोकचंद छाबड़ा ने कहा। "यह आंदोलन हमें दिखा रहा है कि सच्चा परिवर्तन तभी शुरू होता है जब नागरिक अपने जीवन में स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को अपनाते हैं।"

## मेयर इन काउंसिल की बैठक

# गार्डन वेस्ट से बनेगा लकड़ी का गुट्टा, कठौंदा में बनेगा आधुनिक स्लॉटर हाउस

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में नगर विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक में गार्डन से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को लकड़ी के गुट्टों में बदलकर पुनः उपयोग (री-यूज) करने के लिए टेंडर जारी करने की स्वीकृति दी गई। यह कार्य पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अहम पहल माना जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के बाहर कठौंदा में एक आधुनिक और व्यवस्थित स्लॉटर हाउस का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया को मंजूरी प्रदान की गई।



साथ ही गीले कचरे से वैज्ञानिक पद्धति द्वारा बायोगैस प्लांट स्थापित करने और सीएनजी गैस उत्पादन की योजना को भी हरी झंडी देते हुए टेंडर जारी करने की स्वीकृति दी गई। महापौर ने स्पष्ट किया कि ये सभी कार्य पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप) मोड पर कराए जाएंगे, जिससे निगम पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

### मार्गों व चौक का हुआ नामकरण

बैठक में शहर के विभिन्न मार्गों एवं चौक का नामकरण महापुरुषों एवं ऋषि-मुनियों के नाम पर किये जाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई. जिसमें चिरायु अस्पताल के समीप मार्ग का नाम भगवान विश्वकर्मा मार्ग, फूटाताल चौक से ब्यौहार जी के बाड़े तक स्व. प्रभाकर रूसिया मार्ग, हाऊबाग स्टेशन से गोरखपुर गुरुद्वारा तिराहे तक गुरू तेग बहादुर चौक, गुरुद्वारा तिराहे से आजाद चौक तक गुरू तेग बहादुर मार्ग, कचनार सिटी रोड़ पर जे.डी.ए. मार्केट के पास चौक का नाम ब्रह्मर्षि सौभरि चौक, महर्षि दयानंद चौक से महर्षि वाल्मीकि चौक तक मार्ग का नाम परम पूज्य महंत स्वामी महाराज मार्ग किया गया.

बैठक में एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक आयुक्त रचयिता अवस्थी, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, सहायक यंत्री दीप्ति भनारिया, एमआईसी सचिव अनिल कुमार जोशी और संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गुंजन गीत माला आज

**जबलपुर।** गुंजन गीत माला की 10 वीं प्रस्तुति आज 7 नवंबर को संध्या 6.30 बजे से दत्त मंदिर गोलबाजार में संध्या जैन के संयोजन में आयोजित है । इसमें फिल्म अभिनेता देव आनन्द पर फिल्माए गए गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा।

### सोनू कुकरेले नगर तो शुभम श्रीवास्तव बने ग्रामीण युवक कांग्रेस अध्यक्ष

**जबलपुर।** युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ जबलपुर शहर, ग्रामीण एवं विधानसभाओं के भी अध्यक्षों के चुनाव के भी नतीजे जारी किये गये. युवक कांग्रेस शहर के अध्यक्ष सोनू कुकरेले बने, साथ अमित सोनकर और राघुल बघेल दूसरे और तीसरे नम्बर पर रहे और उपाध्यक्ष बने. वहीं युवक कांग्रेस ग्रामीण में शुभम श्रीवास्तव अध्यक्ष बने.वहीं विधानसभाओं की बात करें तो उत्तर मध्य विधानसभ अध्यक्ष साहिल यादव बने, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उवैस अंसारी बने, पश्चिम के अध्यक्ष नितिन सिंह बने, सौरभ सिंह केंट अध्यक्ष निवार्चित हुये. ग्रामीण सीटों की बात करें तो बरगी में विवेक सिंघई, पनागर में लकी पटेल, पाटन में ललित सोनी और सिहोरा में सोयाल मिश्रा युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बने।

### जिला स्तरीय लघु संवर्धन बोर्ड की हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु संवर्धन बोर्ड तथा जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एक्जीबिशन सेंटर के संचालन, रख-रखाव, टेक्नालॉजी सेंटर में बाउंड्रीवॉल का निर्माण, फर्नीचर कलस्टर, नवीन रेडीमेड गारमेंट कलस्टर, लॉजिस्टिक पार्क, औद्योगिक क्षेत्र उमरिया डुंगरिया में फायर ब्रिगेड के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश प्रस्ताव और उसके फॉलोअप, औद्योगिक क्षेत्र में मैट्रो बस सुविधा व बाउंड्रीवॉल निर्माण के साथ वॉटर हार्वेस्टिंग व वृक्षारोपण के संबंध में चर्चा की गई। एमपीआईडीसी की ओर से कार्यकारी संचालक अनिल कुमार राठौर ने एमपीआईडीसी के अधीन नवीन औद्योगिक भूमि के सम्बंध में जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक ने जिले में एमएसएमई उद्योगों की स्थापनार्थ, जबलपुर के औद्योगिक परिदृश्य के संबंध में प्रेजेनटेशन दिया। बैठक मे विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों मे आधारभूत सुविधाओं यथा स्ट्रीट लाइट, जल व्यवस्था, अग्नि शमन सेवा सुदढ़ करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में एमएसएमई उद्योगों की स्थापना के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा कर, नवीन भूमि चयन, औद्योगिक निवेश व रोजगार को बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक मे उद्योग संघों की ओर से डीआर जैसवानी, हिमांशु खरे, गौरव अग्रवाल, विवेक पाठक, मुनींद्र मिश्रा, भावना मदान, अनुराग जैन और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में बातया गया कि जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

---

**नर्मदा किनारे के गांवों को मिल रहा लाभ, लेकिन नगर परिषद क्षेत्र अब भी वंचित**

# भेड़ाघाट के रहवासियों को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ

भेड़ाघाट



प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य "हर व्यक्ति का अपना घर" है, लेकिन भेड़ाघाट नगर परिषद क्षेत्र के नागरिक इस योजना के लाभ से आज भी वंचित हैं। नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले लगभग दस वार्डों में रहने वाले गरीब मजदूर एवं शिल्पकार परिवार अब तक न तो प्रधानमंत्री आवास योजना और न ही मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त कर पाए हैं।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यहां प्रशासनिक उदासीनता के चलते न तो कोई मकान स्वीकृत हुए हैं और न ही योजनाओं का क्रियान्वयन हो पाया है। मजदूर वर्ग के लोग आज भी झोपड़ियों में रहकर अपना गुजर-बसर करने को मजबूर हैं।

### नर्मदा किनारे के ग्राम पंचायतों को मिल रहा लाभ

वहीं दूसरी ओर, नर्मदा नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों जैसे ग्वारी, इमलिया, डुडवारा आदि के निवासियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। इससे भेड़ाघाट क्षेत्र के नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि जब पड़ोसी ग्राम पंचायतों को लाभ दिया जा सकता है तो नगर परिषद क्षेत्र को क्यों नहीं?

### प्रशासनिक अधिकारी दे नहीं पा रहे जवाब

भेड़ाघाट नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को आवास योजना से वंचित रखने के संबंध में जब अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। लोगों का कहना है कि वर्षों से आवेदन देने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं, कार्रवाई नहीं।

### शिल्पकारों की व्यथा

भेड़ाघाट क्षेत्र में अधिकतर लोग मूर्ति निर्माण का कार्य करते हैं। नर्मदा तट पर बसे ये शिल्पकार अपने परिवार के साथ झोपड़ियों में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। आवास योजना से वंचित रहने के कारण इनका सपना अब भी अधूरा है।

### स्थानीय जनता की मांग

भेड़ाघाट के रहवासी शासन से मांग कर रहे हैं कि नगर परिषद क्षेत्र के गरीब, मजदूर एवं शिल्पकार वर्ग को भी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए ताकि वे भी पक्के मकान में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

### इनका कहना है

"भेड़ाघाट के शिल्पकारों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जब नर्मदा नदी के दूसरी ओर स्थित ग्राम पंचायतों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकता है, तो भेड़ाघाट नगर परिषद के नागरिकों को क्यों वंचित रखा जा रहा है? शासन-प्रशासन को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।"

**जगदीश दाहिया (उपाध्यक्ष, नगर परिषद भेड़ाघाट)**

---

# पुलिस ने 151 गुम मोबाईल तलाश कर धारकों को लौटाए



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने 151 गुमे मोबाईल तलाशे और मोबाइल धारको को लौटाए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपने अपने मोबाइल पाकर मोबाईल धारकों के चेहरे खिल उठे। इन मोबाइल की कीमत लगभग 28 लाख रूपये बताई गई हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में सायबर सेल जबलपुर द्वारा लगातार सायबर जागरूकता संबंधी आयोजन किये जा रहे है, वर्तमान वर्ष 2025 में सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों व स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्रा को सायबर संबंधी आपराधो से बचने के उपायों से अवगत कराया जाकर सायबर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये गये है।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा संस्कारधानी वासियों से अपील की गई कि सायबर फ्रॉड से संबंधित व गुमें हुए मोबाईल की शिकायत संबंधित थाने में करने के साथ साथ सायबर फ्रॉड संबंधी शिकायत हेतु नेशनल सायबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 व वेबसाईट पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

---

# सिंधी समाज ने वाहन रैली निकालकर फूंका बघेल का पुतला

सिहोरा।




सिंधी समाज के आराध्य वरुण देव साईं झूलेलाल के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को सिन्धी समाज सिहोरा एवं खितौला के अध्यक्ष द्वय राजकुमार जयसिंघानी तथा राजकुमार कारड़ा के नेतृत्व में अपने प्रतिष्ठान बन्द रखकर प्रदर्शन करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। समाज ने प्रशासन से मांग की कि अमित बघेल के खिलाफ तत्काल एफ आई आर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पूज्य सिंधी पंचायत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य और युवाओ ने प्रातः11 बजे सिन्धी धर्मशाला खितौला में एकत्र होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुऐ सिहोरा स्टेडियम तक विशाल वाहन रैली निकालकर गगनभेदी नारों से विरोध प्रदर्शन किया।

### जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन

समुदाय विशेष की धार्मिक और सामाजिक आस्था को ठेस पहुंचाने से आक्रोशित शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे सिन्धी समाज को बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डे,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल, पार्षद राजेश चौबे सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने समर्थन देते हुऐ कहा की अमित बघेल द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी न केवल सिंधी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है बल्कि यह देश की सामाजिक समरसता को भी आघात पहुंचाती है।

### एसडीएम के न मिलने पर चस्पा किया ज्ञापन

आराध्य देवता भगवान झूलेलाल पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ एक जुटता का परिचय देते हुए सिन्धी समाज ने स्टेडियम से पुराने बस स्टेंड तक पैदल रैली निकालकर पुराना बस स्टेंड में शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर बघेल का पुतला फूंका।

### ज्ञापन लेने उपस्थित नहीं हुए अधिकारी

तथा राष्ट्रपति के नाम एसडीएम के उपस्थित न होने पर कार्यालय की दीवार पर ही ज्ञापन चस्पा कर दिया। जैसे ही सभी लोग ज्ञापन देने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचे तो करीब चालीस मिनट तक इंतजार करने के बाद भी जब कोई अधिकारी नहीं आये तो वे नाराज होकर दीवार पर ज्ञापन चस्पा कर वापस आ गये। समाज के पदाधिकारियों का कहना था की जब दो दिन से प्रशासन के सम्पर्क में रहते हुए ज्ञापन देने की बात की गई थी तो आखिर कोई सक्षम अधिकारी उपस्थित क्यों नहीं हुआ ऐसा लगता है कि जानबूझकर एक समाज विशेष को अपमानित करने का पहले से ही मन बना लिया गया था जो कि सरासर गलत है । इस अवसर पर समस्त सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समाज के सभी लोगों ने प्रशासन के इस तरह के रवैये से अपने आप को बहुत अपमानित महसूस कर रहे हैं।

---

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने प्रदेश में बनाया पहला रिकार्ड

**लगातार 4 सौ दिन विद्युत उत्पादन यूनिट ने संचालित रहने का रिकार्ड**



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (एटीपीएस) की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 प्रदेश के इतिहास में ऐसी प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट होने का गौरव पाया जो लगातार 400 दिनों से संचालित है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से निरंतर रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है। यूनिट ने गत माह अक्टूबर की 4 तारीख को लगातार 365 दिन (एक वर्ष) तक निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का तमगा हासिल किया था। यूनिट 5 के निर्बाध संचालन से प्रदेश के विद्युत ग्रिड को स्थिरता मिली और घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई। इस उपलब्धि से न केवल एमपीपीजीसीएल की साख मजबूत हुई बल्कि यह प्रदेश की अन्य ताप विद्युत इकाइयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बनी है।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 की इस सफलता व उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के यूनिट नंबर के ऑपरेशन व मेंटेनेंस अभियंताओं व कार्मिकों की लगन, मेहनत व समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण है।

### 98.26 फीसदी का शानदार पीएएफ

210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 400 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया तब इसने 98.26 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ) व 94.58 प्रतिशत का शानदार प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) की उपलब्धि हासिल की। आँकड़े यूनिट की तकनीकी दक्षता और संचालन में उत्कृष्टता को दर्शाते हैं।

### अभियंताओं व कार्मिकों का कमाल

पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि सामूहिक प्रयास, अनुशासित कार्यशैली व उच्च तकनीकी दक्षता से अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 जैसे परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इस यूनिट के 400 दिनों से लगातार व निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन करने से यह धारणा भी खंडित हुई कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की ताप विद्युत यूनिट ऐसा शानदार प्रदर्शन कर ही नहीं सकती।

### चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

लगातार एक वर्ष तक बिना रुकावट संचालन किसी भी ताप विद्युत इकाई के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसके लिए बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर एवं सहायक प्रणालियों का सटीक रखरखाव, निरंतर निगरानी व तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान जरूरी होता है। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की समर्पित टीम के निरंतर परिश्रम व तकनीकी विशेषज्ञता का परिणाम है।

---

# सजगता एवं संरक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 15 रेलकर्मी सम्मानित

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में गुरुवार को सजगता एवं संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा द्वारा सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों ने अपनी सजगता, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से संभावित रेल फ्रैक्चर, हॉट एक्सल आदि जैसी परिस्थितियों की समय पूर्व पहचान कर संभावित दुर्घटनाओं को टालते हुए रेल परिचालन की संरक्षा सुनिश्चित की। इनके उत्कृष्ट योगदान से रेल संचालन की सुरक्षा व विश्वसनीयता को सुदृढ़ता प्राप्त हुई है। सभी 15 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कर्मचारियों में राजकुमार अहिरवार (स्टेशन मास्टर, रतौना), दिनेश कुमार पटेल (प्वाइंट्समैन 'ए', जरुआखेडा), सुकेन्द्र मीणा (ट्रेन मैनेजर, गुड्स/न्यू कटनी जंक्शन), रुपेश कुमार सिंह (ट्रेन मैनेजर, गुड्स/न्यू कटनी जंक्शन), नीतु सिंह (प्वाइंट्समैन, न्यू कटनी जंक्शन), दीपेन्द्र कुमार (प्वाइंट्समैन, सिहोरा), श्री रोहित सिंह बागरी (प्वाइंट्समैन, उचेहरा), ब्रजेश कुमार सेन (शंटिंग मास्टर, झुकेही), एस.यू. खान (लोको पायलट, गुड्स/न्यू कटनी जंक्शन), सुरेश कुमार मीना (लोको पायलट, गुड्स/सागर), विष्णु प्रसाद चौरसिया (सहायक लोको पायलट, गुड्स/न्यू कटनी जंक्शन), सुनिल कुमार (एस.एस.ई/पी.वे/गिरवर), अहसान खान (ट्रैकमैन, दमोह), हरिकिशन ठाकुर (टेक्नीशियन, जबलपुर), तथा महेश चन्द्र मीना (वरिष्ठ टेक्नीशियन, सालीचौका) शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के साथ आनंद कुमार एवं सुनील टेलर (अपर मंडल रेल प्रबंधक), अमित कुमार साहनी (वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी), राहुल जयपुरियार (वरिष्ठ मंडल अभियंता/सामान्य), स्वप्निल पाटिल (वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता), अक्षय कुमरावत (सीनियर डीईई/टीआरओ), सर्वेश सिंह (वरिष्ठ मंडल सि. एवं दू. संचार अभियंता), अजय कुमार शुक्ला (वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक), आर.बी. मिश्रा (वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता) तथा संजय सिंह (वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# सुदामा चरित्र मित्रता और निःस्वार्थ की अमर गाथा : स्वामी गिरीशानंद



जबलपुर।

श्रीमद भागवत कथा अमृतवर्षा के सातवे दिवस संत कथावाचक स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने 'सुदामा चरित्र' की कथा का वर्णन करते हुए बताया,कि जो भगवान कृष्ण और उनके बचपन के मित्र सुदामा की कहानी कहती है, आज भी प्रासंगिक है। यह कथा न केवल मित्रता की गहराई को दर्शाती है, बल्कि जीवन की कठिनाइयों का सामना करने और निस्वार्थ समर्पण के महत्व को भी बताती है। निर्धन ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर अपने बालमित्र कृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं। रास्ते में वह अपने मित्र के लिए तोड़ी (चावल) ले जाते हैं, जिसे वह बिना खाए ही अपने पास रख लेते हैं। द्वारका पहुंचकर, सुदामा संकोच के कारण अपने मित्र से कुछ नहीं मांग पाते हैं। भगवान कृष्ण स्वयं सुदामा के चरणों को धोने के लिए लोटपोट हो जाते हैं। कृष्ण और सुदामा की यह भेंट मित्रता, स्नेह और सम्मान का एक ऐसा उदाहरण है, जहां अमीरी और गरीबी का कोई भेद नहीं है। सुदामा के घर लौटते ही, वे देखते हैं कि उनकी झोपड़ी सोने के महलों में बदल गई है।व्यासपीठ का पूजन यजमान श्रीमति मीरादेवी गुप्ता, मनीष- रीना गुप्ता, नीरज - रीना गुप्ता ने किया, वही भागवत में एड हिमांशु तिवारी (भगवान श्रीकृष्ण-द्वारिकाधीश),एड अर्चना तिवारी (रुकमणि) एड वंश सराफ (सुदामा) के द्वारा अभिनय किया गया 1 भागवत कथा में ललित तिवारी, नवीन जाट,अजय गुप्ता,बल्ली गुप्ता,गणेश तिवारी,विवेक पटेल,गौरव,हर्ष साहू,विराट गुप्ता,तन्मय गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

---

**3.13 लाख से अधिक वोट पाकर दर्ज की बड़ी जीत**

# यश का राजनीति में सुयश, बने युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

**जबलपुर।** विधायक लखन घनघोरिया के सुपुत्र यश घनघोरिया की राजनीति में जोर दार एंट्री ने सबको चौंका दिया है. यश घनघोरिया ने युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में 3 लाख से अधिक वोट के साथ जीत हासिल की है। वहीं, भोपाल के अभिषेक सिंह 2 लाख 38 हजार वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। युवाओं के बीच यह चुनाव बेहद चर्चित रहा, जिसमें पहली बार बड़े स्तर पर ऑनलाइन माध्यम से मतदान और सदस्यता प्रक्रिया अपनाई गई।

### सक्षम और रिषभ बने महासचिव

जबलपुर से समक्ष गुलाटी और रिषभ मिश्रा प्रदेश महासचिव बने हैं. वहीं अदनान अंसारी, राहुल अग्रहरी, सागर शुक्ला, आमिर पहलवान प्रदेश सचिव बने हैं. यश घनघोरिया की इस जीत को कांग्रेस की नई पीढ़ी के उदय से जोड़कर देखा जा रहा है अब देखना होगा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अपनी राजनीतिक पृष्ठभूमि और संगठनात्मक जिम्मेदारी से कांग्रेस के युवा विंग को किस दिशा में ले जाते हैं।

यश की जीत की खबर दोपहर बाद जबलपुर पहुंची. जैसे ही सोशल मीडिया पर जानकारी वायरल हुई, जबलपुर और विशेषकर पूर्व क्षेत्र के कांग्रेस में जश्न का माहौल शुरु हो गया। जबलपुर में पूर्व क्षेत्र के विधायक निवास से लेकर कांग्रेस कार्यालय तक ढोल-नगाड़े, फूलमालाओं और आतिशबाज़ी के साथ समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जीत युवाओं की उम्मीदों और सक्रिय नेतृत्व की जीती जागती मिसाल है।

### 15 लाख से अधिक युवाओं ने लिया भाग

प्रदेश में 18 अप्रैल को सदस्यता अभियान के साथ युवा कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो 20 जून से 19 जुलाई तक चली। इस दौरान मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता कराई गई, जिसमें प्रत्येक सदस्य को 50 रुपये का शुल्क भी अनिवार्य रूप से जमा करना था। कुल 15 लाख 37 हजार 527 सदस्यता फॉर्म भरे गए. युवाओं की भागीदारी इस अभियान में रिकॉर्ड स्तर पर देखी गई और इसे युवा कांग्रेस के अब तक के सबसे बड़े सदस्यता अभियानों में से एक बताया गया।

### बीजेपी का तीखा हमला

चुनाव परिणाम आते ही भाजपा ने कांग्रेस पर वंशवाद और आंतरिक लोकतंत्र की कमी का तीखा हमला बोला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने लिखा— कांग्रेस में पद मेहनत से नहीं, वंश और पट्टावाद की परंपरा से तय होता है! संगठन चुनाव बस औपचारिकता। युवा चाहे कितना भी संघर्ष कर लें, अंतिम निर्णय हमेशा बंद कमरे में परिवार ही करता है। कांग्रेस का सच साफ है— जहां लोकतंत्र का सिर्फ नाम लिया जाता है, वहां परिवारवाद ही असली विचारधारा है। भाजपा ने यश की जीत को पूर्वनिर्धारित परिणाम बताते हुए इसे कांग्रेस में युवाओं की मेहनत पर वंशवाद की जीत करार दिया।

---




**श्री उत्तम कुमार सोनी**- सुहागी निवासी श्री उत्तम कुमार सोनी का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे श्रीमती शकुन सोनी के पति व नीता, नीलू, निशा, रिचा, श्रद्धा सोनी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे ग्वारीघाट शमशान घाट में होगा।

**श्री जय प्रकाश पाठक**- लार्डगंज निवासी श्री जय प्रकाश पाठक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अन्नी लाल अहिरवार**- सिद्धबाबा वार्ड पानी की टंकी के पास निवासी श्री अन्नी लाल अहिरवार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार मेहरा**- वाटर वर्क्स रोड धोबीघाट निवासी श्री विजय कुमार मेहरा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. शिवानी चौधरी**- कांचघर झंडा चौक निवासी श्री प्रेम लाल चौधरी की पुत्री कु. शिवानी चौधरी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रशेखर बारी**- शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री चंद्रशेखर बारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील चौधरी**- बड़ी मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री प्यारे लाल चौधरी के पुत्र श्री सुनील चौधरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सार्थक बर्मन**- एलआईसी इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री रामू बर्मन के पुत्र श्री सार्थक बर्मन (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकित सोनी**- तमरहाई चौक निवासी श्री अशोक कुमार सोनी के पुत्र श्री अंकित सोनी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती बाई यादव**- रामपुर यादव मोहल्ला निवासी श्री नत्थू लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई यादव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज कोरी**- तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री नंद लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज कोरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चम्मू लाल**- आईटीआई नई बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री चम्मू लाल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पूनम चंद्र विश्वकर्मा**- मढ़ाताल निवासी श्री पूनम चंद्र विश्वकर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लता दलाल**- अधारताल निवासी श्री अरूण कुमार दलाल की धर्मपत्नी श्रीमती लता दलाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भोजराज पटेल**- छापर रामपुर निवासी श्री भोजराज पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमवती कुशवाहा**- रामनगर रामपुर निवासी श्री तीरथ प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती कुशवाहा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमा शंकर दुबे**- श्री परिसर शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री उमा शंकर दुबे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री ब्रजेश गोस्वामी**- गौरीघाट रेतनाका ललपुर रोड निवासी श्री ब्रजेश गोस्वामी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश सिंह सिसोदिया**- स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री प्रकाश सिंह सिसोदिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**कु. देवांशी कोरी**- बुद्धू काछी का बाड़ा बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री देवेंद्र कोरी की पुत्री कु. देवांशी कोरी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र कुमार सराफ**- कामाक्षी परिसर गोपालबाग निवासी श्री महेंद्र कुमार सराफ (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मथुरा प्रसाद गुप्ता**- नरघैया गलगला निवासी श्री मथुरा प्रसाद गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गिरधारी लाल रजक**- लालमाटी चांदमारी ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री गिरधारी लाल रजक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रितिक रजक**- सिविल लाईन होम गार्ड आफिस के पास निवासी श्री राजेश रजक के पुत्र श्री रितिक रजक (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

### वित्त मंत्री ने कहा, जोखिमों के बारे में जागरूक जरूर करेगी

# सरकार एफएंडओ में खुदरा निवेशकों को शामिल होने से नहीं रोक सकती : सीतारमण


एजेंसी ▶▶| मुंबई

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार खुदरा विक्रेताओं को वायदा एवं विकल्प (एफ एंड ओ) खंड में कारोबार करने से नहीं रोक सकती, लेकिन ऐसे उत्पादों में पैसा लगाने से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूक जरूर करेगी।*

सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय द्वारा निफ्टी और सेंसेक्स में साप्ताहिक डेरिवेटिव अनुबंधों को बंद करने से इनकार करने के कुछ दिनों बाद आया है। वायदा एवं विकल्प खंड (डेरिवेटिव) पर सरकार के रुख के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए, सीतारमण ने कहा कि सरकार 'एफएंडओ कारोबार के दरवाजे बंद करने के लिए नहीं है, लेकिन वह लोगों को डेरिवेटिव में शामिल जोखिमों के बारे में जागरूक कर सकती है।''

## निवेशक शामिल होने से पहले जोखिम को समझे

इस खंड में खुदरा विक्रेताओं को काफी नुकसान की विभिन्न रिपोर्ट के बीच उन्होंने यह बात कही। उन्होंने एसबीआई 'बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स' सम्मेलन में कहा, ''साथ ही, निवेशकों की भी जिम्मेदारी है कि वे इसमें शामिल जोखिमों को समझें। सीतारमण ने एफएंडओ खंड में खुदरा विक्रेताओं के कारोबार के मामले से निपटने के लिए सुझाव भी मांगे।



- निफ्टी व सेंसेक्स में अनुबंध बंद करने से भी किया इंकार
- कारोबार के मामले से निपटने के लिए सुझाव भी मांगे
- वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ

***सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने उपाय पेश किए थे :*** *भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले साल नवंबर में डेरिवेटिव कारोबार में अत्यधिक सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए उपाय पेश किए थे। वायदा अनुबंध के तहत खरीदार और विक्रेता एक पूर्व निर्धारित भविष्य की तिथि और मूल्य पर लेन-देन करने के लिए सौदा करते हैं और वे उसके लिए बाध्य होते हैं।*

***अनुबंध बेचने का अधिकार होता है पर बाध्यता नहीं***

*विकल्प सौदों के तहत अनुबंध धारक को एक निश्चित अवधि के भीतर एक निर्धारित मूल्य पर परिसंपत्ति खरीदने या बेचने का अधिकार होता हैं, लेकिन बाध्यता नहीं होती। इन वित्तीय साधनों का उपयोग जोखिमों से बचाव, मूल्य पर सट्टा लगाने और विभिन्न बाजारों में मूल्य निर्धारण (आर्बिट्रेज ट्रेडिंग) अंतर के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें महत्वपूर्ण जोखिम भी होते हैं, जिससे भारी नुकसान हो सकता है।*

## देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ बातचीत जारी है। सीतारमण ने वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा।

## सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर

वित्त मंत्री ने कहा, ''देश को कई बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है...। सरकार इस पर विचार कर रही है और काम शुरू हो चुका है। हम आरबीआई और बैंकों के साथ इस पर चर्चा कर रहे है।'' सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है और पिछले दशक में पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है।

## 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल गया

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी की अगुवाई में वृद्धि पर जोर दे रही है। डेटा (इंटरनेट) की लागत आज कम होकर 10 रुपये प्रति जीबी पर आ गयी है जो 2014 में 300 रुपये प्रति जीबी थी।

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी एसबीआई की एक और कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीओ मार्केट में देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई की एक और कंपनी एंट्री करने वाली है। दरअसल, एसबीआई ने अपनी एसेट मैनेजमेंट कंपनी- एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एसबीआईएफएमएल) में आईपीओ के माध्यम से 6.3 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत एसबीआई 3,20,60,000 इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगा, जो एसबीआईएफएमएल की कुल इक्विटी पूंजी का 6.3007% है। इस योजना को केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारी समिति (ईसीसीबी) ने 6 नवंबर, 2025 को हुई बैठक के दौरान मंजूरी दी है। इस ट्रांजैक्शन के लिए आईपीओ फ्रेमवर्क समझौते पर 10 नवंबर को हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और पूरी प्रक्रिया 2026 में किसी समय पूरी होने की उम्मीद है।

***खरीद प्रक्रिया में प्रमोटर समूह नहीं***

*एसबीआईएफएमएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 4,230.92 करोड़ रुपए की कमाई की जानकारी दी, जो एसबीआई समूह की कुल आय का लगभग 0.64 प्रतिशत है। एसेट मैनेजमेंट कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 5,108.56 करोड़ रुपए है, जो समूह के कुल भंडार का 1.19 प्रतिशत है। एसबीआई ने स्पष्ट किया कि यह बिक्री व्यवस्था की योजना के दायरे से बाहर है और खरीद प्रक्रिया में कोई प्रमोटर समूह शामिल नहीं है।* एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड की बात करें तो यह एसबीआई और अमुंडी एसेट मैनेजमेंट का एक ज्वाइंट वेंचर है। यह भारत की अग्रणी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक है।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी पूर्व सामान्य वनमण्डल मण्डला (म.प्र.)**
Telephone 07642-252423 E-mail-dfotemand@mp.gov.in

**ई-निविदा सूचना क्रमांक / 2920**

सामान्य वनमण्डल पूर्व मण्डला अंतर्गत भवन निर्माण एवं अन्य कार्यो हेतु निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति के लिए पंजीकृत विक्रेताओं से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | टेंडर क्रमांक | टेंडर आई.डी. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2920/1 | 2025_MPFD_460552_1 | 40 एम.एम. गिट्टी | 3000000 | 90000 | 2000 |
| 2 | 2920/2 | 2025_MPFD_460570_1 | दरवाजा चौखट, पल्ला, वेंटीलेशन | 1000000 | 30000 | 2000 |
| 3 | 2920/3 | 2025_MPFD_460578_1 | उपजाउ मिट्टी | 150590 | 4500 | 1000 |
| 4 | 2920/4 | 2025_MPFD_460589_1 | गोबर खाद | 379026 | 11500 | 1000 |
| 5 | 2920/5 | 2025_MPFD_460604_1 | किराये के गश्ती वाहन | 875000 | 26000 | 1000 |

उपरोक्त निविदाओं के लिये दिनांक 08.11.2025 समय 11.00 बजे से केवल ऑनलाईन माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28.11.2025 समय 18.00 बजे तक रहेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एम. पी. टेंडर की वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। इसके अलावा उक्त निविदा मध्यप्रदेश वन विभाग की विभागीय बेवसाईट (https:// mpforest.gov.in) पर भी देखी जा सकेगी।

G-21112/25

वनमण्डलाधिकारी
पूर्व (सा.) वनमण्डल मण्डला

## खबर संक्षेप

### आर्सेलरमित्तल के शुद्ध लाभ में 31 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली।** इस्पात एवं खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आर्सेलरमित्तल का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 31.35 प्रतिशत बढ़कर 37.7 करोड़ डॉलर हो गया। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 28.7 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी जनवरी-दिसंबर वित्त वर्ष का अनुसरण करती है।

### नंदिनी घी की कीमत 90 रुपए बढ़कर 700 रुपए प्रति लीटर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक दुग्ध महासंघ (केएमएफ) ने नंदिनी घी की कीमत 90 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की है। अब उपभोक्ताओं को इसके लिए 700 रुपये प्रति लीटर चुकाने होंगे। केएमएफ अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत के कारण यह निर्णय लिया गया है। वैश्विक स्तर पर भी, मांग के कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

### संकटग्रस्त निसान मोटर्स अपना मुख्यालय बेच रही

**टोक्यो।** जापान की संकटग्रस्त




वाहन विनिर्माता कंपनी निसान अपने पुनरुद्धार प्रयासों के तहत योकोहामा स्थित अपने मुख्यालय भवन को 97 अरब येन (63 करोड़ डॉलर) में बेच रही है। निसान मोटर कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि वह इस इमारत को पट्टे पर लेगी और इसे अपने मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

### एनएचपीसी का लाभ दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 1,219.28 करोड़ रुपये हो गया। एनएचपीसी को वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,060.34 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दैरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 3,629.98 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,402.09 करोड़ रुपये थी।

# हीरो मोटोकॉर्प का छोटे परिवहन वाहन पेश करने पर विचार : मुंजाल

एजेंसी ▶▶| मिलान



- बाइक व स्कूटर की विस्तृत श्रृंखला पेश करने पर विचार
- विडा नई 'नोवस' इलेक्ट्रिक चार पहिया एनईएक्स-3 का

भारतीय दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प बाइक और स्कूटर से आगे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार कर रही है। कंपनी भविष्य में खुद को छोटे परिवहन समाधान प्रदाता के रूप में स्थापित करना चाहती है।

कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पवन मुंजाल ने कहा कि कंपनी ने अन्य उत्पादों के अलावा अपनी उभरती हुई व्यावसायिक इकाई विडा नई 'नोवस' श्रृंखला के तहत छोटे (माइक्रो) इलेक्ट्रिक चार पहिया एनईएक्स-3 का अनावरण किया है। कंपनी छोटी (मिनी) इलेक्ट्रिक कार खंड में प्रवेश करने पर भी विचार नहीं कर रही है। वैश्विक दोपहिया वाहन प्रदर्शनी ईआईसीएमए 2025 के मौके पर उन्होंने कहा, '' अगर आप चाहते हैं कि मैं कहूं कि हम कार खंड में उतरेंगे, तो मैं इसकी गारंटी नहीं दे रहा हूं। हां, छोटे (माइक्रो) परिवहन वाहन जरूर लाऊंगा। मुंजाल से हीरो मोटोकॉर्प के छोटी इलेक्ट्रिक कार खंड में उतरने की योजना पर सवाल किया

### कंपनी अब यूरोप में प्रवेश करने के लिए तैयार

कंपनी के वैश्विक बाजार विस्तार के बारे में मुंजाल ने कहा कि दक्षिण एवं मध्य अमेरिका, अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया के बाजारों में अंतरराष्ट्रीय विस्तार शुरू करने के बाद कंपनी अब यूरोप में प्रवेश के लिए तैयार है। मुंजाल ने कहा कि शुल्क के बावजूद हीरो मोटोकॉर्प यूरोप में विस्तार करेगी।

## सेनको गोल्ड की अक्टूबर में बिक्री 56 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई।** आभूषण खुदरा विक्रेता सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की अक्टूबर में बिक्री दिवाली और धनतेरस में मजबूत खरीदारी के कारण सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये से अधिक रही। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मूल्य के लिहाज से सोने की बिक्री में 60 प्रतिशत और हीरे की बिक्री में 32 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। अक्टूबर के अंत में सोने की कीमतों के रिकॉर्ड स्तर 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने के बावजूद, कंपनी की बिक्री मात्रा और मूल्य दोनों में बढ़ी। कंपनी की सोने की बिक्री में चार प्रतिशत, हीरों की बिक्री में पांच प्रतिशत और चांदी की बिक्री में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।




## पीएंडजी का लाभ मामूली घटकर 209 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड का चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ मामूली रूप से घटकर 209.86 करोड़ रुपये रह गया। 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 211.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। 2025-26 की सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 1.32 प्रतिशत बढ़कर 1,150.17 करोड़ रुपये हो गई।

**खंड- I**
**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन,**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3216/ ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 03/11/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | तार 1 mm (प्रति बंडल) | 15000/- | 500/- |
| 2 | तार 1.5 mm (प्रति बंडल) | | |
| 3 | तार 2.5 mm (प्रति बंडल) | | |
| 4 | फिटिंग पाईप आधा इंच 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 5 | बोर्ड 2 Modular | | |
| 6 | बोर्ड 3 Modular | | |
| 7 | बोर्ड 4 Modular | | |
| 8 | बोर्ड 6 Modular | | |
| 9 | बोर्ड 12 Modular | | |
| 10 | बोर्ड 14 Modular | | |
| 11 | बोर्ड 18 Modular | | |
| 12 | स्विच (प्रति नग ) | | |
| 13 | 2 पिन साकिट | | |
| 14 | 3 पिन साकिट | | |
| 15 | पावर प्लग 3 पिन | | |
| 16 | पंखा 3 ब्लेड | | |
| 17 | पीवीसी एचडी पाईप 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 18 | पीवीसी एचडी पाईप 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 19 | पीवीसी एचडी पाईप 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 20 | पीवीसी एचडी पाईप 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 21 | पीवीसी एचडी बाल्व 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 22 | पीवीसी एचडी बाल्व 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 23 | पीवीसी एचडी बाल्व 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 24 | पीवीसी सोकेट 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 25 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 26 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 27 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 28 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 29 | जी. आई पाईप 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 30 | जी. आई पाईप 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 31 | ब्रास बाल्व 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 32 | ब्रास बाल्व 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 33 | जी.आई. एल्वों 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 34 | जी.आई. एल्वों 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 35 | जीं.आई. सोकेट 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 36 | जीं.आई. सोकेट 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 37 | प्लास्टिक टोंटी 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 38 | स्टील टोंटी 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 39 | लॉग नोज टेप 0.5 इंच(ISI मार्क) | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ( दिनांक ) 03/11/2025 को सुबह 04:30 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते है । । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी । 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 12/11/2025 समय 01:30 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। वीडियों कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक 10 /11 / 2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे । वीडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 11/11/2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी । निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं । 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in/

G-21091/25 वनमण्डलाधिकारी
"स्वच्छता ही सेवा" (दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

**खंड- I**
**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन,**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3212/ ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 03/11/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्टेंपर व्हाईट | 15000/- | 500/- |
| 2 | डिस्टेंपर लाईन ग्रीन | | |
| 3 | एक्सटिरियर पेंट (लाल / हरा) | | |
| 4 | आईल पेंट | | |
| 5 | व्हाईट पुट्टी 20 कि.ग्रा. बैग | | |
| 6 | व्हाईट सीमेंट 20 कि.ग्रा. प्रति बैग | | |
| 7 | तारपिन | | |
| 8 | इमलशन व्हाईट | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ( दिनांक ) 03/11/2025 को सुबह 04:30 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते है । । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी । 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 12/11/2025 समय 02:00 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। वीडियों कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक 10 /11 / 2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे । वीडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 11/11/2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी । निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं । 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in/

वनमण्डलाधिकारी
G-21089/25 "स्वच्छता ही सेवा" (दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेसर्स एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड ग्राम लहरपुर, मुर्रा, गुवारी, बेलिया एवं जैतहरी, तहसील जैतहरी, जिला अनुपपुर, मध्य प्रदेश। तहसील जैतहरी जिला अनुपपुर, मध्य प्रदेश को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति मौजूदा 2x630 मेगावाट (1260 मेगावाट) ताप विद्युत परियोजना के विस्तार के रूप में 2x800 मेगावाट (1600 मेगावाट) कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना हेतु दी गई है।

पर्यावरण स्वीकृति पत्र संख्या J-13012/99/2008-IA.II(T) दिनांक 27-09-2025 की प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट https://parivesh.nic.in/ पर उपलब्ध है।

प्रबंधन
02.10.2025

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुर्ननिर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर/सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/SEON/A000000183 श्री अखिल कुमार शुक्ला श्रीमती कृति शुक्ला | 06-08-2025 Rs. 19,48,256/- | मौजा दोरलीछत्तरपुर (जगदम्बा नगर दोरीछत्तरपुर पीएचएन 110/24 आरएनएम डूंडासिवनी तहसील और जिला सिवनी एमपी कुल क्षेत्रफल-1365 वर्ग फीट सीमा - पूर्व - कॉलोनी रोड, पश्चिम - प्लॉट संख्या 132/बी, उत्तर - प्लॉट संख्या 146/ए, दक्षिण - प्लॉट संख्या 144 | 03/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/JBLP/A000000274 श्री दुर्गा चरण सोनी श्रीमती रोशनी सोनी | 06-08-2025 Rs. 11,16,678/- | कवर की गई भूमि का पूरा टुकड़ा, खसरा नंबर 8/1 पुराना नया 8/4 मौजा कटंगी नंबर 274 पीसीएन नंबर 1 आरएनएम कटंगी तहसील पाटन जिला जबलपुर कुल क्षेत्रफल -750 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व - जम्मन की कृषि भूमि, पश्चिम - साइड रोड, उत्तर - भूमि विक्रेता, दक्षिण - प्लॉट नंबर 15 | 01/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/BLGT/AO00000245 श्री कल्पना धावरे श्रीमती श्याम सुंदर धावरे | 06-08-2025 Rs. 27,82,845/- | सभी टुकड़े और पार्सल वार्ड एन0-17, मौजा - किन्ही, खसरा नंबर 341/1, पीएचएन - 28/9, आरएनएम - तहसील वारासिवनी, बालाघाट, किन्ही, ग्रामीण, बालाघाट, मध्य प्रदोष भारत 481337 कुल क्षेत्रफल -1400 वर्ग फुट की सीमा - पूर्व - महेंद्र की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - इथोबा की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि | 04/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/BLGT/AO00000053 श्री लोकेश फेय श्रीमती मुकेश फेय श्री गीता फेय | 06-08-2025 Rs. 6,14,707/- | ऑल द पीस एंड पार्सल मोजा गर्रा पीएचएन 14/77 आरएनएम कांकी तेह, लाल बर्रा जिला। बालाघाट खसरा नंबर 86/1/1 एमई से 0.012, बालाघाट, सेमीअर्बन, बालाघाट, मध्य प्रदेश, भारत - 481226 कुल क्षेत्रफल -1350 वर्ग फुट की सीमा - पूर्व - डोंगरे का प्लॉट, पश्चिम - मराठे का प्लॉट, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 04/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/JBLP/A000000467 श्री राहुल यादव श्रीमती पुष्पा यादव श्रीमती मदन कुमार यादव | 06-08-2025 Rs. 18,42,410/- | सभी टुकड़े और पार्सल परिवर्तित भूमि मौजा मुंगवानी, नंबर 474, पीएचएन 71, आरएनएम मुंगवानी, अर्धनगरीय खसरा नंबर 74/112, तहसील और जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 487001 कुल क्षेत्रफल -3270 वर्ग फुट सीमा - पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - रतन विस्वास की भूमि, उत्तर - सरकारी भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि | 01/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/CDWR/ADO0000355 श्री रोहित तिवारी श्रीमती जयराम तिवारी सुश्री संगीता तिवारी | 06-08-2025 Rs. 11,01,467/- | सभी सामान मौजा गुजरखेड़ी पीएचएन 19, खसरा नंबर 5/2/10 बंदोबस्त नंबर 100/19/8 गुजरखेड़ी, सौसर, शहरी, तहसील- सौसर जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480106 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल -3270 वर्ग फुट, सीमा - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - 20 फीट कच्ची सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 04/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/CDWR/AO00000084 श्री पवन मानकर श्रीमती चंद्रकिशोर मानकर श्रीमती संगीता मानकर | 06-08-2025 Rs. 19,42,466/- | ग्राम बम्हनी पीएचएन 53 बीएन। 263 तहसील पांढुर्णा जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश 480334 खसरा नंबर 690/79, पांढुर्णा, ग्राम बम्हनी, अर्धनगरीय छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480334, कुल क्षेत्रफल - 1000 वर्गफुट परिसीमा - पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - 15 फीट कच्ची सड़क, उत्तर - मुसीर भाई की भूमि, दक्षिण - 20 फीट रफ़ रोड | 03/11/2025 Symbolic |
| MP/JBR/GDWR/A000000117 श्री संदीप कुमार दुबे एमएस प्रीति शुक्ला एमएस किरण दुबे श्री शैलेन्द्र कुमार दुबे एमएस शकुन दुबे | 21-09-2023 Rs. 24,45,4751/- | सर्वे क्रमांक 208/10 86 209/10 मौजा बबईकला, नं. 310, पी.एच. नं. 44, ब्लॉक रनम बबईकला, चिचली, वार्ड क्रमांक 1, अंबेडकर वार्ड, तह.गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.), बिक्री रकवा 0.024 हेक्टेयर, माप क्षेत्र 54.5 * 48 = 2616 वर्ग फीट पर परिवर्तित भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल। सीमाएं:- पूर्व: विष्णु प्रसाद श्रीवास्तव का घर, पश्चिम: 12 फीट कच्ची सड़क, उत्तर: 12 फीट कच्ची सड़क, दक्षिण: पाली का घर। | 31/10/2025 Physical |
| MP/JBR/REWA/A000000628 श्री वेद प्रकाश दुबे श्रीमती संध्या द्विवेदी | 08-08-2025 Rs. 12,38,393/- | वार्ड क्रमांक 10, अनंतपुर, तहसील हुजूर, श्री जी वृंदावन कॉलोनी के पीछे, सर्वे क्रमांक 1427/1 ग्राम मौजा अनंतपुर जंक्शन क्रमांक 28 पटवारी हल्का 24 बोड़ा सर्किल रीवा गिर्द ब्लॉक रीवा तहसील, शहरी रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 कुल क्षेत्रफल 1680 वर्ग फुट। संपत्ति की सीमा - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि | 31/10/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000486 श्री भगवती प्रसाद वर्मा श्रीमती संगीता देवी सेन | 08-08-2025 Rs 11,33,087 /- | मौजा ग्राम दगडैया पीएच दगडैया तहसील जवा जिला रीवा खसरा नंबर 425/4, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486223 कुल क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट। संपत्ति की सीमाएँ - पूर्व - सड़क, पश्चिम - शिव प्रसाद की भूमि, उत्तर - तुंजलाल गुप्ता का भूखंड, दक्षिण - लाल जी की भूमि | 31/10/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000736 श्री पंकज कुमार गुप्ता श्रीमती नीलम गुप्ता | 08-08-2025 Rs. 9,30,652 /- | ग्राम कोटर कला पटवारी हल्का नं 71 आरएनएम सीधी गिर्द तहसील गोपद बनास जिला सीधी सर्वे नं 728/1, शहरी सीधी, मध्य प्रदेश, भारत - 486661 कुल क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट संपत्ति की सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - गंगा तिवारी और बजनाथ गुप्ता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि | 31/10/2025 Symbolic |
| MP/KTN/SHDL/AOO0000290 श्री सिद्धांत गौतम श्रीमती सत्येन्द्र गौतम श्रीमती मधु गौतम | 06-08-2025 Rs. 9,89,138/- | सभी टुकड़े और पार्सल खसरा नंबर 115/1 पीएचएन 8 विकटगंज आरएनएम उमरिया तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया, कुल क्षेत्रफल - 1250 वर्ग फीट सीमा - पूर्व - मनभरन सिंह का मकान, पश्चिम - पुराने विक्रेता अरविंद बंसल की शेष भूमि, उत्तर - 20 फीट रोड, दक्षिण - 4 फीट नाली | 31/10/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A00000051 श्री तरुण कुमार तिवारी श्रीमती शकुंतला तिवारी श्री भागीरथी तिवारी | 08-08-2025 Rs. 20,93,118/- | वार्ड नंबर 4, सरकारी स्कूल के पीछे मौजा ग्राम रामनई पीएच रामनई तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा खसरा नंबर 192/1/1, शहरी रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486114 कुल क्षेत्रफल 3021 वर्गफुट संपत्ति की सीमाएं - पूर्व - विपुल पांडे का प्लॉट, पश्चिम - खाली भूमि, उत्तर - 20 फीट प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - सुशीला चतुर्वेदी की भूमि | 31/10/2025 Symbolic |

**वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार**

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Ajay Bhatiya - 78986 07955, Gourav Naik - 75877 48188, Divyank Shrivastava - 8318225992


दिनांक - 07/11/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

चिंतन

# एक गीत ने देश को दिला दी गुलामी से आजादी

देश ने पहली बार वंदे मातरम् को 1896 में एक भजन की तरह सुना। उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का यह गीत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में सुनाया गया, जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। गीत में किसी का विरोध नहीं था, बस देशभक्ति के स्वर थे। 10 साल बाद 1905 में, जब बंगाल का विभाजन हुआ और वहां असंतोष फैला, तब अवनींद्र नाथ ठाकुर ने भारत माता की तस्वीर बनाई। भगवा वस्त्रों में एक स्त्री, जिसके हाथ में अनाज की पुंज, एक पुस्तक और एक माला थी। यह चित्र 'वंदे मातरम्' की भावना का जीवंत रूप बन गया। ये दोनों एक दूसरे के पूरक हो गए। यह गीत केवल किसी कवि की कल्पना नहीं था। यह उस आत्मा की पीड़ा भरी पुकार थी, जो वर्षों से मातृभूमि की रक्षा और अस्तित्व के लिए जूझ रही थी। जब ब्रिटिश हुकूमत भारत के लोगों पर अत्याचार की सीमा लांघ रही थी, तब एक ही रात में यह गीत लिखा गया। यह सदियों के दुख और अपमान का शब्दों से पिरोया गया उत्तर था। एक गूंजती पुकार, जिसने उस सोए हुए राष्ट्र को जगाने की कोशिश की जो लंबे समय से पीड़ा में सुन्न हो गया। अत्याचारों से सहमा था। इसका गहरा असर भी हुआ। एक गीत ने पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो दिया। वंदे मातरम् ने न केवल युवाओं में नए जोश का संचार किया बल्कि महिलाओं को भी आजादी के आंदोलन में कूदने को मजबूर कर दिया। यह गीत भारतीय एकता की आत्मा में रच-बस चुका था। रैलियों और घरों में गुनगुनाए जाने वाले इस गीत ने लाखों लोगों के दिलों को प्रांतों और पंथों से ऊपर उठने और देश के लिए खड़े होने का आह्वान किया। इसके शब्दों ने हर देशवासी को एक साथ सपने देखने के लिए प्रेरित किया और अंग्रेजी अनुवाद ने इसे नई पीढ़ियों और पूरे विश्व तक पहुंचाया, ताकि वे भारत की आजादी की पुकार सुन सकें। यह एक आंदोलन का रूप बन गया, जिसने पिछले दो दशकों से भारत को हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठकर एक सूत्र में बांधने की शक्ति दी। बंगाल के कांतल पाडा नाम के गांव में 7 नवंबर 1876 को वंदे मातरम गीत की रचना की गई थी और पहली बार 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम् गाया गया था। यानि भारत को आजादी मिलने से करीब 51 साल पहले। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लोगों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित करने का काम किया था। अंग्रेजों के लिए ये विरोध का स्वर था। जहां भी आजादी के मतवाले एकजुट होते, अंग्रेजी सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते, वहां ये गीत गूंजता और उनके उत्साह को कई गुणा बढ़ा देता। कांग्रेस के अधिवेशन से लेकर लाहौर की फांसी तक, वंदे मातरम् विद्रोह की सांस बन गया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, बटुकेश्वर दत्त और अनेक क्रांतिकारियों ने इसे मौत का सामना करते हुए जोर से पुकारा। सुभाष चंद्र बोस ने इसे आजाद हिंद फौज की मार्चिंग धुन बना दिया। यह गीत ऐसा गूंजा कि अंगेजों को देश भारत छोड़कर जाना पड़ा। आज भी यह गीत देशवासियों को एक सूत्र में बांध रहा है, वंदे मातरम्।



वंदे मातरम्

अमित शाह

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा

भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है। सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें।

हमारे देश के इतिहास में ऐसे कई अहम पड़ाव आए, जब गीतों, कलाओं ने अलग-अलग रूपों में लोकभावनाओं को सहेजकर आंदोलन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना के युद्धगीत हों, आज़ादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, इन गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया। ऐसा ही है भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है।

सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। इन पवित्र शब्दों को लिखते हुए, वे भारत की गहनतम सभ्यतागत जड़ों से प्रेरणा ले रहे थे। अथर्ववेद के उद्घोष 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' से लेकर देवी महात्म्य में विश्वमाता के आह्वान से प्रेरणा ले रहे थे। बंकिम बाबू का यह मंत्र, प्रार्थना भी था और भविष्यवाणी भी। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है , जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। यह केवल भू-भाग नहीं है, बल्कि तीर्थ है, स्मृति, त्याग, शौर्य और मातृत्व से बंधी पवित्र भूमि है। जैसा कि महर्षि अरबिंद ने वर्णन किया, बंकिम आधुनिक भारत के एक ऋषि थे, जिन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित किया। उनका 'आनंदमठ' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि गद्य में एक मंत्र था, जिसने एक ऐसे राष्ट्र को जागृत किया जो अपनी दिव्य शक्ति को भूल चुका था।

अपने एक पत्र में, बंकिम बाबू ने लिखा : 'मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि मेरे सभी कार्य गंगा में बहा दिए जाएं। यह श्लोक ही अनंत काल तक जीवित रहेगा। यह एक महान गान होगा और लोगों के हृदय को जीत लेगा।' ये शब्द भविष्यसूचक थे। औपनिवेशिक भारत के सबसे अंधकारमय काल में लिखा गया, 'वंदे मातरम्' जागृति का प्रभात-गीत बन गया, एक ऐसा भजन जिसने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' को सभ्यतागत गौरव के साथ जोड़ दिया। ऐसी पंक्तियां केवल वही व्यक्ति लिख सकता था जिसके रोम-रोम में राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव कूट-कूट कर भरा हो। 1896 में, रवींद्रनाथ टैगोर ने 'वंदे मातरम्' को धुन में पिरोया और कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया, जिससे इसे वाणी और अमरता प्राप्त हुई। यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे देश में गूंज उठा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती ने इसका तमिल अनुवाद किया, और पंजाब में क्रांतिकारियों ने इसे गाते हुए ब्रिटिश राज को खुली चुनौती दी।

1905 में, बंग-भंग आंदोलन के दौरान, बंगाल में विद्रोह भड़क उठा। अंग्रेजों ने 'वंदे मातरम्' के सार्वजनिक पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी 14 अप्रैल, 1906 को बारीसाल में, हजारों लोगों ने इस आदेश की अवहेलना की। जब पुलिस ने शांतिपूर्ण सभा पर लाठीचार्ज किया, तो पुरुष और महिलाएं सड़कों पर 'वंदे मातरम्' का नारा लगाते हुए लहूलुहान हो गए। वहां से, 'वंदे मातरम्' का मंत्र, ग़दर पार्टी के क्रांतिकारियों के साथ कैलिफ़ोर्निया पहुंच गया। आज़ाद हिंद फ़ौज में गूंजा, जब नेताजी के सैनिक सिंगापुर से मार्च कर रहे थे और 1946 के रॉयल इंडियन नेवी की क्रांति में भी गूंजा, जब भारतीय नाविकों ने ब्रिटिश युद्धपोतों पर तिरंगा फहराया। खुदीराम बोस से लेकर अशफ़ाक़उल्ला ख़ान तक, चंद्रशेखर आजाद से लेकर तिरुपुर कुमारन तक, नारा एक ही था। यह अब सिर्फ़ एक गीत नहीं रहा; यह भारत की सामूहिक आत्मा की आवाज़ बन गया था। महात्मा गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था, 'वंदे मातरम्' में 'सबसे सुस्त रक्त को भी जगाने की जादुई शक्ति' थी। इसने उदारवादियों और क्रांतिकारियों तथा विद्वानों और नाविकों को तक एकजुट किया।



महर्षि अरबिंद ने इसीलिए कहा था कि, यह 'भारत के पुनर्जन्म का मंत्र' है। 26 अक्टूबर को 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वंदे मातरम्' गीत के इस इतिहास की देशवासियों को फिर से याद दिलाई और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से भारत सरकार की ओर से अगले एक वर्ष तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया।

इन आयोजनों के माध्यम से देश भर में 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गान होगा, जिससे देश की युवा पीढ़ी 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विचार को आत्मसात कर पाए। आज जब हम भारत पर्व मना रहे हैं और सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, तो यह भी याद करते हैं कि कैसे सरदार साहब ने 'एक भारत' का निर्माण कर 'वंदे मातरम्' की भावना को ही मूर्त रूप दिया था। यह गीत केवल अतीत का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक आह्वान भी है।

'वंदे मातरम्' आज भी विकसित भारत 2047 के हमारे संकल्प में प्रेरणा दे रहा है। यह भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास का प्रतीक है। अब, इस भावना को आत्मनिर्भर और श्रेष्ठ भारत में परिवर्तित करना हमारी ज़िम्मेदारी है।

'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता का गीत है, अटूट संकल्प की भावना है, और भारत के जागरण का प्रथम मंत्र है। राष्ट्र की आत्मा से जन्मे शब्द कभी समाप्त नहीं होते, वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। यह जयघोष युगों और पीढ़ियों में अनंतकाल तक प्रतिध्वनित होता रहेगा। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें। वंदे मातरम् !

( लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विस चुनाव

ऋतुपर्ण दवे



# मंगलराज की चाहत और बिहार का खामोश मतदाता

बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण गुरुवार को संपन्न हो गया। बड़े से बड़े नेताओं ने इन क्षेत्रों में दौरे कर लिए। हालांकि बिगड़े मौसम ने भी खूब रंग दिखाया। बावजूद इसके सड़क मार्ग से नेता, ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों तक पहुंचने में कामयाब रहे। लेकिन, इस चुनाव में असल मुद्दों के बजाए पूरा चुनावी माहौल सुशासन बनाम जंगलराज के आरोपों में उलझा हुआ है। वहीं मतदाता खामोश है। मंगलराज की बात कोई करता नहीं। उन तथ्यों और सच्चाई से भी नेता परहेज करते दिखे जो बिहार की मौजूदा दशाओं की वजह हैं। बिहार में सिर्फ राजनीति और वर्चस्व की लड़ाई हमेशा जीतती रही, लेकिन क्या इस बार बिहार में मतदाताओं की उदासीनता से आश्चर्यजनक तरीके से अंतर्मन की पीड़ा या कोई चौकाने वाला संदेश तो नहीं निकलेगा? मतदाताओं की अजीब चुप्पी का क्या मतलब निकाला जाए? दरअसल बिहार को लेकर जो दावे किए जाते हैं कि वहां 'विकास' चुनावी मुद्दा नहीं हो सकता, कहीं इस बार भी उसका जवाब पहले दौर में तो नहीं मिला, आगे मिलेगा यह भी नहीं पता? अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जर्नल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज में प्रकाशित 2023 का एक अध्ययन बताता है कि वहां 68 प्रतिशत ग्रामीण बिहारी अपनी पहचान आधारित राजनीति की बजाय बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हैं। क्या इसे मतदाताओं की अपने नेताओं से अपेक्षाओं में बदलाव संकेत नहीं माना जा सकता? लेकिन सच्चाई यह है कि विकास को लेकर बिहारवासियों की सोच बदल रही है। इस छठ के दौरान पूरे देश से बड़ी संख्या में लाखों बिहारवासी लाख दावों के बावजूद किन हालातों में अपने-अपने घर पहुंचे और सोशल मीडिया पर कैसे-कैसे बयान आए, सबको पता है। हर हाथ में मोबाइल और इंटरनेट तथा दूसरे राज्यों के विकास की कहानियों के वीडियो और रील्स देखकर उनके मन में भी रोजगार, विकास, सम्मान और घर की चाहत दिखी। इस चुनाव में वहां मुद्दों की राजनीति के बजाए आपसी छींटाकशी और भाषा का बिगड़ा संतुलन भी आहत करता रहा। बिहार को जानने वाले मानते हैं कि 1952 से 1993 तक लागू रही मालभाड़ा समानीकरण नीति बिहार के विकास में बाधा रही। इससे दूसरे राज्यों के उद्योगों को कम परिवहन लागत पर बिहार के खनिज संसाधनों तक पहुंच मिली और बिहार अपना मजबूत औद्योगिक आधार बनाने से चूक गया। बिहार से शुरू हुई बूथ कैप्चरिंग ने कभी देश को चौंकाया था।

कहने को तो बिहार हमेशा से बदनाम किया जाता रहा, लेकिन इसके जिम्मेदार खुद स्थानीय राजनेता हैं। बिहार की श्रम शक्ति का जितना उपयोग देश-विदेश में होता है, उतना वहीं होता तो शायद तस्वीर कुछ और होती। बाहुबलियों से लेकर मिनी चंबल कहलाने वाले राज्य की सच्चाई यह है कि यहां काम कम और बदनाम ज्यादा किया गया। भ्रष्टाचार और नक्सलवाद गहरी जड़ों ने खूब कहर ढाया। 1967 के नक्सलबाड़ी विद्रोह के बाद नक्सलवाद का अंकुरित बीज 1980 के दशक तक इस भ्रम में खूब फला-फूला कि नक्सली गरीबों के हितैषी हैं। इस दौर में प्रशासनिक अधिकारियों पर हुए हमलों और भूमि सुधार के नाम पर नक्सलियों ने अपनी जड़ें गहरी कीं। यहीं से बिहार के हालात बदले और कानून व्यवस्था चरमरा गई। 1990 आते-आते बड़े से बड़े अधिकारियों की हत्याओं ने डर का माहौल बनाया। आज भी बिहार में ऐसी हत्याओं की चर्चाएं नहीं थमतीं जो अनसुलझी हैं। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि अपराध दर के हिसाब से बिहार दस सबसे खराब राज्यों में से एक रहा। इसी साल जून तक हत्या के 1379 मामले दर्ज किए गए। 2024 में यही आंकड़ा 2,786 तथा 2,023 में 2,863 रहा। अपराधों पर बिहार पुलिस का मानना है कि अवैध हथियार, फर्जी लाइसेंस और गोला-बारूद का अवैध कारोबार इसकी वजह है। संपत्ति विवाद, वर्चस्व की लड़ाई और व्यक्तिगत प्रतिशोध भी कारण हैं। चुनाव के दौरान भी अपराध रुक नहीं रहे हैं। जहां मोकामा काण्ड ने पूरे देश का ध्यान खींचा जिसमें पुराने बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या हुई। वहीं, आरा में बदमाशों ने बाइक से जा रहे पिता-पुत्र प्रमोद कुमार और प्रियांशु कुमार जो कि राजमिस्त्री थे, की हत्या कर दी। इसी तरह सिवान जिले के दरौंदा थाने में पोस्टेड पुलिस दारोगा अनिरुधद्ध प्रसाद की क्रूरता से हुई हत्या ने कानून व्यवस्था को आईना दिखाया। दूसरी छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं ने बिहार को फिर बदनाम किया। अब यहां हो रहे विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। बहरहाल बिहार में चुनावी बहार जरूर है लेकिन सवाल भी बहुत हैं। अहम यह कि सुशासन के दावों और 20 साल के बाद भी जंगलराज की पोल-खोल में लगे सियासी रहनुमाओं से बिहार का आम मतदाता यह क्यों नहीं सुन पा रहा कि मंगलराज भी आएगा?

( ये उनके अपने विचार हैं।)

## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता। कर्म को कृष्ण ऐसा करना कहते हैं, जिसमें कर्ता का भाव है। जिसमें करने वाले को यह पता है कि मैं कर रहा हूं।

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे



संकलित

प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## सटाका




## आज की पाती

### हरियाणा के बहाने राहुल का चुनाव आयोग पर आरोप

राहुल कांग्रेस के ऐसे नेता है जो हमेशा गलत वजहों से खबरों में रहते है। राहुल की टिप्पणी और आरोप हमेशा बेतुके और असंगत होते है। बिहार चुनाव में पहले चरण के चुनाव के पूर्व हरियाणा के बहाने चुनाव आयोग पर मनगढ़ंत आरोप लगाए। हरियाणा में आठवां वोटर फर्जी और भाजपा ने वोट चुराने के बेमतलब आरोप लगाकर मन को शांत करने की कोशिश राहुल ने की है। हरियाणा में 25 लाख से ज्यादा वोटर्स फर्जी बताकर सीधा निर्वाचन आयोग को घेरने का प्रयास किया है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने इसे बेबुनियाद और तथ्यविहीन बताया।भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की असली हार की वजह उनके अपने नेता है। राहुल की ये बाते कुंठा को ही व्यक्त करती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### वे चाहते क्या हैं



राहुल गांधी ने अभी से मान लिया है कि बिहार चुनाव में कांग्रेस की लुटिया डूबने वाली है। एक ओर राहुल प्रेस कांफ्रेंस में वोट चोरी का रोना रोते हैं और दूसरी ओर एसआईआर का विरोध करते हैं। उनको खुद भी नहीं पता कि वे चाहते क्या हैं?

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बिहार का गौरव



मेरा वादा है कि बिहार में दुनिया की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटी बनेगी, युवाओं का भी भविष्य यहीं से बनेगा, और दुनिया भर के लोग फिर से यहां अपना रास्ता तलाशने आएंगे। नालंदा कभी दुनिया का सबसे महान विश्वविद्यालय था, हम सुनिश्चित करेंगे कि उसका वही पुराना गौरव फिर से वापस लौटे।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### चुनाव आयोग की पोल



आज राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की पोल खोल दी है। अब चुनाव आयोग क्या सफाई देगा? हरियाणा को लेकर राहुल जी ने इलेक्शन कमीशन को एक्सपोज कर रख दिया। चुनाव आयोग की मिलीभगत साफ पकड़ी गई है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### माफिया राज को बढ़ावा



हेमंत सरकार माफिया राज को बढ़ावा दे रही है। बालू घाट माफियाओं के चंगुल में है। ग्रामीण अपनी जरूरतों के लिए बालू नहीं उठा सकते लेकिन माफियाओं के ट्रक नदियों को रौंदते हुए अवैध खनन कर रहे हैं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

### एफडीए की नकली बोटॉक्स बेच रही वेबसाइट्स को चेतावनी




अमेरिकी स्वास्थ्य नियामकों ने बोटॉक्स और झुर्रियों को कम करने के लिए इस्तेमाल होने वाली अन्य दवाओं के नकली या अप्रमाणित संस्करण बेचने वाली 18 वेबसाइट्स को बुधवार को चेतावनी पत्र भेजे हैं। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने कहा कि वह इन उत्पादों के कारण होने वाली क्षति की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई कर रहा है, जिनमें इन उत्पादों के इस्तेमाल के दुष्प्रभाव भी शामिल हैं। बोटॉक्स वास्तव में बोटुलिनम नामक दुनिया के सबसे जहरीले पदार्थों में से एक का तरल और शोधित रूप है। यह तत्व अस्थायी रूप से नसों के संकेतों को अवरुद्ध कर देता है, जिससे मांसपेशियों को आराम मिलता है। बोटॉक्स को सबसे अधिक सौंदर्य प्रयोजनों (कॉस्मेटिक इस्तेमाल) के लिए जाना जाता है, लेकिन अमेरिका में इसे कई चिकित्सा स्थितियों जैसे मांसपेशियों में ऐंठन, नेत्र विकार और माइग्रेन के इलाज के लिए भी मंजूरी प्राप्त है। एफडीए के अनुसार, चेतावनी पत्र ज्यादातर कॉस्मेटिक वेबसाइट्स को भेजे गए हैं। हर मामले में कंपनियां अनधिकृत या गलत लेबल वाले बोटॉक्स जैसी दवाएं बेच रही थीं, जिन्हें एजेंसी ने कभी मंजूरी नहीं दी। कभी-कभी यह विषाक्त तत्व इंजेक्शन वाली जगह से शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकता है।

## ऑफ बीट

### मोटापे की नई दवाएं कोई 'चमत्कारी इलाज' नहीं



इक्कीसवीं सदी में मोटापा सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। यह एक दीर्घकालिक रोग है जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कई जटिलताएं उत्पन्न करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 1990 से 2022 के बीच मोटापे का वैश्विक प्रसार दोगुना हो गया और अब यह दुनिया भर में, 88 करोड़ वयस्क और 16 करोड़ बच्चों सहित एक अरब से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। फ्रांस भी इससे अछूता नहीं है। एक अनुमान के अनुसार, देश में करीब 80 लाख लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। इसकी दर 1997 में 8 .5 प्रतिशत से बढ़कर 2012 में 15 प्रतिशत और 2020 में 17 प्रतिशत हो गई। हाल में विकसित नई दवाएं- ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) एनालॉग्स- चिकित्सकों के लिए नई उम्मीदें लेकर आई हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि केवल इन दवाओं के भरोसे मोटापे पर काबू नहीं पाया जा सकता। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अधिक वजन और मोटापा शरीर में असामान्य या अत्यधिक वसा संचय है जो स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण होता है। 25 से अधिक बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को अधिक वजन और 30 से अधिक को मोटापा माना जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# जन नायकन का नया पोस्टर जारी, दिखा विजय का धांसू लुक

**मुंबई।** थलपति विजय की नई फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर आज गुरुवार को जारी किया गया। फिल्म के निर्माता केवीएन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्टर साझा कर प्रचार शुरू करने की घोषणा की। यह घोषणा तब हुई जब तमिलनाडु वेत्री कजगम (टीवीके) ने बुधवार को विजय की मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी की घोषणा की। थलपति विजय की आगामी फिल्म 'जन नायकन' का एक नया पोस्टर निर्माताओं ने एक्स पर जारी किया और लिखा, 'चलो शुरू करते हैं।' इसमें विजय को जनता के नेता के रूप में दिखाया गया है। वह नीली शर्ट और एविएटर चश्मे में भीड़ के बीच खड़े हैं। यह पोस्टर विजय को आम आदमी के नेता के रूप में दर्शाता है।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## बॉलीवुड के बाद साइन की तेलुगू फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*प्रयागराज में महाकुंभ मेले में जिस चेहरे ने सबसे अधिक सुर्खियां बटोरी वो थीं मोनालिसा। महाकुंभ में घूम-घूम कर माला बेचने वाली मोनालिसा को तब तक अंदाजा भी नहीं था कि आगे उनकी जिंदगी किस तरह पलटी मारने वाली है।*

इंदौर की ये मोनालिसा भोंसले वहां मौजूद भीड़ के बीच अपनी खूबसूरत आंखों और नैन-नक्श की वजह से सबके आकर्षण का केंद्र बन गईं। अपने सांवले रंग, एम्बर आंखें, और लाजवाब नैन-नक्शन के कारण वो रातों रात सोशल मीडिया पर सनसनी बन गईं। वहीं अब मोनालिसा ने एक और ऊंची छलांग लगाई है। अब उन्हें गाने के साथ-साथ फिल्मों में भी मौका मिला है। बताया जा रहा है कि मोनालिसा बॉलीवुड में पहली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' कर चुकी हैं, जिसका निर्देशन सनोज मिश्रा ने किया है। फिल्म में मोनालिया ने एक आर्मी ऑफिसर की बेटी का किरदार निभाया है। अब इसी के साथ मोनालिसा ने साउथ फिल्मों की तरफ कदम बढ़ाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनालिसा अब तेलुगु की एक फिल्म करने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि तेलुगू फिल्म 'लाइफ' में एक्टिंग करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर उन्होंने मीडिया से मुलाकात और बातें भी की, जिसका वीडियो सामने आया है। अब इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आ रहे हैं। बताया ये भी जा रहा है कि ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसमें मोनालिसा, 'क्रश' और 'इट्स ओके गुरु' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हीरो चरण साईं के साथ नजर आनेवाली हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# विद्युत को देखकर उड़ाया था मजाक

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता विद्युत जामवाल लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रेंचाइजी 'स्ट्रीट फाइटर' के लाइव-एक्शन रीबूट के साथ हॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाले हैं। अभिनेता फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में एंड्रयू शुल्ज ने विद्युत के साथ हुई अपनी पहली मुलाकात को याद किया। इस मुलाकात को खास बताते हुए एंड्रयू ने कहा कि कैसे उन्हें पहले लगा कि विद्युत ने एक ड्रेस पहन रखी है और वे उन्हें इसके लिए चिढ़ाने लगे। यह महसूस नहीं कर पाए कि अभिनेता आमतौर पर ऐसे ही कपड़े पहनते हैं। मार्शल आर्ट को लेकर बात करते हुए अभिनेता कहा कि विद्युत ने मार्शल आर्ट को बढ़ावा दिया है।




# फातिमा ने मूर्ख कहने पर बीच में छोड़ी मिस यूनिवर्स की स्पर्धा

**लॉस एंजिल्स।** मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता 21 नवंबर को थाईलैंड में होने वाली है। इससे पहले ही इस प्रतियोगिता में विवाद शुरू हो गया है। 4 नवंबर को बैंकॉक में एक कार्यक्रम के दौरान, मिस मैक्सिको फातिमा बॉश को थाई प्रतियोगिता निदेशक नवात इत्सराग्रिसिल ने मूर्ख कहा। इसके बाद वह प्रतियोगिता से बाहर चली गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इत्सराग्रिसिल ने एक शूट में मौजूद न रहने पर बॉश से पूछताछ की। इससे पहले कि फातिमा बॉश अपनी सफाई देतीं, थाई निदेशक ने बीच में ही टोक दिया और कहा, 'अगर आप अपने राष्ट्रीय निदेशक के आदेशों का पालन करती हैं, तो आप मूर्ख हैं।' इत्सराग्रिसिल का यह बयान फातिमा को पसंद नहीं आया और वह कई दूसरे प्रतियोगियों के साथ कार्यक्रम से बाहर चली गईं। यहां तक कि वर्तमान मिस यूनिवर्स विक्टोरिया केजर थेलविग ने भी मिस मैक्सिको का समर्थन किया और कार्यक्रम छोड़ने का फैसला लिया।



# बॉर्डर-2 से वरुण की तस्वीर वायरल

**मुंबई।** बॉर्डर 2 के मेकर्स ने फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने सनी देओल के बाद अब वरुण धवन का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर कर दिया है। ये सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये फिल्म अगले साल जनवरी महीने में रिलीज होने वाली है। ये 'बॉर्डर' फिल्म का सीक्वल है, जो 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। 'बॉर्डर 2' फिल्म से वरुण धवन का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है, जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म से सनी देओल का फर्स्ट लुक शेयर किया था। ये मूवी 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। 'बॉर्डर 2' फिल्म से अपने लुक को शेयर करते हुए वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, 'देश का सिपाही पीवीसी होशियार सिंह दहिया।' उनके इस पोस्ट पर खूब रिएक्शन आ रहे हैं।



# 120 बहादुर फिल्म में शौर्य की कहानी

**मुंबई।** फरहान अख्तर की मच अवेटेड वॉर-ड्रामा फिल्म '120 बहादुर' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले फिल्म का टीजर और गाने सामने आए थे, जिन्हें मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से दो हफ्ते पहले ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर में जबरदस्त जंग और भारतीय सैनिकों के शौर्य की कहानी देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत अमिताभ बच्चन की आवाज में एक वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो बोलते हैं, 'कभी वो दिन थे जब भारत ने चीन को सिर्फ अपना पड़ोसी नहीं, बल्कि बड़ा भाई माना था। लेकिन, 1962 को पता चला कि ये भाईचारे की भावना दोनों तरफ से नहीं थी। ये हमला एक विश्वासघात था।' 2 मिनट 48 सेकंड के इस ट्रेलर में 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई को दिखाया गया है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने मारी बाजी, क्योंकि सास भी कभी बहू थी दूसरे पायदान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी की टीआरपी लिस्ट आ चुकी है और इस बार का परिणाम भी दर्शकों के बीच खूब चर्चा में है। 43वें हफ्ते की रिपोर्ट में साफ नजर आया कि स्टार प्लस के सीरियल्स ने एक बार फिर बाजी मार ली है। अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच मुकाबला इतना नजदीकी रहा कि दोनों के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी पसंदीदा शो के लिए जंग छेड़े हुए हैं। रुपाली गांगुली स्टारर शो अनुपमा ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों में अपनी जगह कायम रखी है। शो ने इस हफ्ते 2.1 की टीआरपी के साथ नंबर वन पोजीशन संभाली। बीते हफ्ते के मुकाबले इसमें हल्की गिरावट जरूर आई है, लेकिन कहानी में दिखाया जा रहा बदले का ट्रैक दर्शकों को बांधे हुए है। स्मृति ईरानी की वापसी के बाद यह शो एक बार फिर दर्शकों का पसंदीदा बन गया है। इस हफ्ते क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 ने 2.0 की टीआरपी हासिल की और सीधे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। शो में तुलसी का किरदार फिर से दर्शकों के बीच चर्चा में है। पारिवारिक ड्रामा, इमोशन्स और पुराने अंदाज़ में ट्विस्ट भरे प्लॉट ने लोगों को जोड़े रखा है। स्टार प्लस का एक और शो उड़ने की आशा ने भी टीआरपी चार्ट में अपनी जगह मजबूत की है। इस शो ने इस हफ्ते 1.8 की रेटिंग पाई और तीसरे पायदान पर बना रहा। शो में एक मध्यमवर्गीय लड़की के सपनों की उड़ान को दिखाया गया है, जो मुश्किल हालातों में भी हिम्मत नहीं हारती। जी टीवी का शो तुम से तुम तक इस हफ्ते 1.8 टीआरपी के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसकी कहानी दो परिवारों और प्रेम के बीच टकराव पर केंद्रित है। रोमांस और ड्रामा के सही मिश्रण ने दर्शकों को बांधे रखा है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' हमेशा से दर्शकों के दिलों के करीब रहा है। इस बार शो ने 1.8 की टीआरपी के साथ टॉप 5 में जगह बनाई है।

## अब हिना ने की काजोल की एक्टिंग



**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री हिना खान अपने फैंस को कुछ न कुछ करके हैरान कर देती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर करीना कपूर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 'पू' के किरदार की एक्टिंग की थी। जिसका वीडियो उनके फैंस को बेहद पसंद आया। वहीं आज हिना ने इसी फिल्म से काजोल के एक डायलॉग को दोहराया। जिसको सेलेब्स भी पसंद कर रहे हैं। हिना ने राजस्थानी लहंगा और शाही गहनों के साथ हल्का मेकअप लुक अपनाया। जिसे देख फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। हिना ने फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में काजोल के मशहूर डायलॉग 'वो मेरी दुकान हडपना चाहता है' को मस्ती भरे अंदाज में पेश किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'और रीलिंग जारी है...।' इस पोस्ट पर अभिनेता रोहित रॉय ने कमेंट किया, 'प्रिय, तुम्हारी चमक को कोई फीका नहीं कर सकता।'

# महाअवतार में भगवान परशुराम का किरदार निभाएंगे विक्की



**मुंबई।** छावा की सक्सेस के बाद विक्की कौशल अपने नए प्रोजेक्ट में लग गए हैं। उनकी नई फिल्म भी काफी बड़े पैमाने पर आने वाली है जिसके लिए उन्होंने अपनी डाइट से लेकर लाइफस्टाइल में कई बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है। विक्की कौशल जल्द ही स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक के साथ विष्णु के चिरंजीवी परशुराम पर बनने वाली कहानी में काम करेंगे। इसका टाइटल 'महावतार' बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट का दावा है कि इस फिल्म के लिए वह शराब-नॉनवेज तक छोड़ देंगे। विक्की कौशिल और अमर कौशिक ने 'महावतार' के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वह दर्शकों को एक शानदार कहानी और विजुअल के साथ ग्रैंड एक्सीपीरियंस देना चाहते हैं। एक्टर ने तो 'महावतार' के लिए नॉनवेज छोड़ने का भी फैसला लिया है। अगले साल पूजा मुहूर्त के बाद फिल्म पर काम शुरू होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'महावतार' अगले साल अंत तक फ्लोर पर आएगी। उम्मीद की जा रही है कि 2028 तक फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो। बता दें विक्की कौशल इस वक्त रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म अगले साल आएगी।

*संजीव कुमार ने कई फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता। कुछ किरदार तो ऐसे निभाए जो वक्त के साथ रहते लोगों के दिलों में अमर हो गए, जिनमें फिल्म 'शोले' के ठाकुर का रोल हो या फिर फिल्म 'आंधी' के जेके का किरदार। उनकी फिल्में आज भी दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।*

# फिल्म के सेट पर घंटों अपने किरदार में डूबे रहते थे संजीव कुमार

**मुंबई।** संजीव कुमार, जिनका असली नाम हरिहर जेठालाल जरीवाला था। उनका जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत, गुजरात में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की और बाद में हिंदी सिनेमा में कदम रखा।

***संजीव कुमार का कॅरियर :*** संजीव कुमार ने 1960 में फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें हर तरह के किरदार निभाने में माहिर बनाया। वह कॉमेडी, ड्रामा और गंभीर किरदारों को बखूबी निभाते थे। उन्होंने 1975 में फिल्म 'शोले' में ठाकुर के किरदार से हर किसी के दिलों में खास जगह बनाई, जिसे दर्शक आज भी देखना पसंद करते हैं। फिल्म 'आंधी' में उनका संजीदा अभिनय दर्शकों को खूब पसंद आया। तो वहीं कॉमेडी फिल्म 'अंगूर' में उनके डबल रोल की तारीफ आज भी होती है। इसके अलावा फिल्म



'नमकीन' और 'कोशिश' में उनके भावनात्मक अभिनय ने सबका दिल जीता। उन्होंने अपने कॅरियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार जीते, जिसमें दो राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं।

***फिल्म के सेट के रोचक किस्से :*** संजीव कुमार सेट पर अपनी सादगी और मेहनत के लिए जाने जाते थे। 'शोले' का किस्सा, जब फिल्म में ठाकुर का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अपने किरदार को इतना गहराई से समझा कि सेट पर वह घंटों किरदार में डूबे रहते। 'अंगूर' की शूटिंग के दौरान वह और उनके सह-कलाकार उत्पल दत्त सेट पर मजाकिया माहौल बनाए रखते थे, जिससे सीन और भी मजेदार बन गए। वह अक्सर सेट पर अपने सह-कलाकारों के साथ स्क्रिप्ट पर चर्चा करते और सुझाव देते, जिससे सीन को और बेहतर बनाया जाता।

## सिनेमाघरों में इमरान और यामी की अदाकारी वाली 'हक' आज होगी रिलीज

# असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं ये फिल्में; दिखीं कानूनी पेचीदगियां

*नई दिल्ली। इमरान हाशमी और यामी गौतम की अदाकारी वाली फिल्म 'हक' सात नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म शाह बानो केस पर आधारित है। इस केस ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण के अधिकार को लेकर बहस छेड़ दी थी। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जो असल जिंदगी के केस पर आधारित हैं।*

**जॉली एलएलबी (2013) :** फिल्म जॉली एलएलबी साल 1999 में हुए बीएमडब्ल्यू हिट-एंड रन मामले से प्रेरित थी। संजीव नंदा नाम के कारोबारी पर आरोप था कि उन्होंने 6 लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी थी। फिल्म में अरशद वारसी ने एक वकील की दमदार भूमिका निभाई थी। इसमें दिखाया गया था कि कैसे गरीब लोग कानूनी सिस्टम में उलझ जाते हैं।

**नो वन किल्ड जेसिका (2011) :** यह फिल्म 1999 के जेसिका लाल मर्डर केस पर आधारित थी। इसमें एक पॉलिटिशियन का बेटा एक मॉडल और बार टेंडर का इसलिए कत्ल कर देता है कि उसे उसने ड्रिंक नहीं दी। फिल्म में जेसिका को न्याय दिलाने का संघर्ष दिखाया गया था। इसमें विद्या बालन और रानी मुखर्जी ने अहम किरदार निभाया था।

**रुस्तम (2016) :** केएम नानावटी केस साल 1959 का एक चर्चित केस था। इसमें नौसेना अधिकारी रुस्तम पावरी पर अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या का आरोप था। यह फिल्म इसी केस पर आधारित थी। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय किया था। फिल्म में रोमांचक कोर्टरूम ड्रामा दिखाया गया है।



**शाहिद (2012) :** यह फिल्म असल जिंदगी के केस पर आधारित थी। दरअस शाहिद आजमी नाम के एक वकील थे जो आतंकवाद के झूठे केस में फंसाए गए लोगों का केस लड़ते थे। यह फिल्म उनकी जिंदगी पर आधारित थी। इसमें शाहिद का किरदार राजकुमार राव ने निभाया था। फिल्म कानून व्यवस्था में गड़बड़ियों से पर्दा उठाती है।

**तलवार (2015) :** मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल 2008 के नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित थी। नोएडा में 14 साल की आरुषि तलवार और उनके हेल्पर हेमराज को मृत पाया गया था। फिल्म में पुलिस की लापरवाही और गलत जांच प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया था। इसमें इरफान खान ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**सेक्शन 375 (2019) :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'सेक्शन 375' बॉलीवुड के एक कलाकार के केस (2009) पर आधारित थी। यह फिल्म भारत में दुष्कर्म कानून की जटिलताओं को दिखाती है। इसमें दिखाया गया था कि एक निर्देशक पर अपनी असिस्टेंट के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। फिल्म में अक्षय खन्ना और ऋचा चड्ढा ने वकील की भूमिका निभाई थी। दोनों कोर्टरूम में बेहतरीन तरीके से अपने पक्ष को रखते हैं।

**भागवत: चैप्टर वन- राक्षस (2025) :** यह फिल्म सायनाइड मोहन के वास्तविक जीवन के मामले से प्रेरित थी। यह फिल्म एक ऐसे हत्यारे की कहानी है जो महिलाओं को अपने प्यार के जाल में फंसाकर जहर देकर मार डालता था। इसमें अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार ने अहम किरदार निभाया था।

## कलेक्टर ने दिये कृषि अधिकारियों को निर्देश

### आत्मा गवर्निंग बोर्ड की निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# प्राकृतिक एवं औषधि खेती को अपनाने किसानों को करें प्रोत्साहित

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले में प्राकृतिक एवं औषधि खेती को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश कृषि अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने मछली पालन के क्षेत्र को भी बढ़ाने की आवश्यकता बताई है। कलेक्टर श्री सिंह आज गुरुवार को आत्मा परियोजना के अंतर्गत जिले में हुए कार्यों एवं नवाचारों की समीक्षा के लिए आयोजित आत्मा गवर्निंग बोर्ड की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में आत्मा परियोजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों का अनुमोदन किया गया तथा कृषि एवं सहयोगी विभागों द्वारा प्रस्तावित गतिविधियों पर चर्चा की गई। अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, आत्मा



गवर्निंग बोर्ड के सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्य तथा प्रगतिशील किसान बैठक में उपस्थित थे।बैठक में प्रगतिशील किसानों ने बताया कि जिले में नवाचारों के अंतर्गत बायो फोर्टिफाइड गेहूं एवं औषधि फसल चिंया की खेती की जा रही है। पांच वर्ष पूर्व की गई चिया की खेती के अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं और लगभग 200 किसानों द्वारा इसे अपनाया गया है। किसान एफपीओ के माध्यम से चिया की पैकिंग एवं ब्रांडिंग कर अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे हैं तथा जिले से बाहर के किसानों को भी चिंया बीज उत्पादन हेतु प्रदान किये जा रहे हैं।

आत्मा परियोजना की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना पर भी चर्चा की गई। चर्चा के दौरान बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत जिले में बायो रिसोर्स सेंटर के लिए 27 आवेदनों का अनुमोदन किया गया है तथा प्रत्येक बायो रिसोर्स सेंटर के लिए प्रथम वर्ष 50 हजार रूपये तथा प्राकृतिक खेती करने वाले प्रत्येक किसानों को 2 हजार रूपये की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है।बैठक में उप संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा डॉ. एस के निगम ने बताया कि जबलपुर में प्राकृतिक खेती योजना अंतर्गत 40 कलस्टर का निर्माण कर 5 हजार किसानों एवं 80 कृषि सखियों का चयन किया गया है। उप परियोजना संचालक आत्मा श्रीमती नविता उरकुड़े ने आत्मा योजना एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत प्रस्तुति बैठक में दी। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ के सिंह, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी तथा प्रगतिशील किसानों में श्री पुष्पराज त्रिपाठी, श्री श्यामलाल तिवारी, श्री सूर्यभान सिंह राजपूत एवं कैलाश यादव भी मौजूद थे।



# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट का नेतृत्व अब हनुमान जी का मुगदर करेगा

**हरिभूमि, जबलपुर।** जबलपुर संतों की उपस्थिति में साकेत धाम के संस्थापक पूज्य गिरीशानंद जी महाराज ने हनुमान जी महाराज का विशेष मुगदर बनवाया पूजन कर नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल को सौंपा अगले वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में हनुमान जी का मुकदर ही नेतृत्व करेगा। इस अवसर पर जगद्गुरु नरसिंह देवचार्य महाराज दंडी स्वामी कालीकानंद सरस्वती महाराज महामंडलेश्वर राधे चैतन्य महाराज स्वामी पागलानंद महाराज प्रकाशनंद महाराज रामजीशरण महाराज मैत्री दीदी बंटी महाराज संतोष शास्त्री अनुपदेव निशा कृष्णा तिवारी आदि उपस्थित थे। परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया चातुर्मास विश्राम में गर्भ घर में रख दिया जाएगा संतों की उपस्थिति में कार्तिक पूर्णिमा में विधि विधान से विशेष मुहूर्त में निकाल कर उसकी अगुवाई में परिक्रमा निकाली जाएगी।



# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वर दास रोहाणी की पुण्यतिथि मनाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. दादा ईश्वरदास रोहाणी की पुण्यतिथि के अवसर पर एम्पायर चौक स्थित दादा ईश्वरदास रोहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान सुंदरकांड पाठ, मिष्ठान्न वितरण के पश्चात केंट विधानसभा अंतर्गत महिला भजन मंडली की महिलाओं को भजन सामग्री का वितरण किया गया, तत्पश्चात विकलांगजनों को ट्राई साइकल भी प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, रत्नेश सोनकर, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, आशीष राव, पार्षद कृष्णदास चौधरी, पार्षद श्याम कनोजिया, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, गुल्लू दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हथकरघा प्रशिक्षण प्रारंभ

# हथकरघा क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में स्थापित हथकरघा केंद्र में विद्यार्थियो हेतु हथकरघा प्रशिक्षण आज से प्रारंभ किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने बताया कि आज से विद्यार्थियों हेतु हथकरघा प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ सक्षम जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में करघा का सेट-अप, सूत्र की पहचान, डिजाइन फॉमेशन, फिनिशिंग एवं मार्किट पैकिंग की जानकारी दी जायेगी। प्रो. शुक्ल ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उददेश्य युवा पीढ़ी कलाओं को रोजगार से जोड़े। हथकरघा प्रशिक्षण वोकल फॉर लोकल



एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नींवं का पत्थर साबित होगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुये कहा कि हथकरघा केवल एक कला नही, बल्कि यह हमारी पंरपरा, संस्कृति, कौशल और स्वावलंबन का अदभूत समन्वय है। भारत विश्व के सबसे बड़े हथकरघा उत्पादकों में से एक है। हथकरघा प्रशिक्षण के पश्चात विद्यार्थी हैंडलूम डिजाइनर, टेक्सटाइल प्रोडक्ट डेवलपर, करघा मास्टर ट्रेनर एवं अपना स्वयं का स्टार्टअप के रुप में अपना रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त

# भेड़ाघाट में आधार कार्ड केंद्र का शुभारंभ

**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट में आज अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी द्वारा फीता काटकर आधार कार्ड केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के माध्यम से अब 1 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए जाएंगे, साथ ही नागरिक अपने आधार कार्ड में सुधार कार्य भी यहीं पर करवा सकेंगे।अध्यक्ष श्री लोधी ने बताया कि स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से भेड़ाघाट में आधार केंद्र स्थापित करने की मांग की जा रही थी। आज इस सुविधा की शुरुआत के साथ अब नागरिकों को आधार से संबंधित कार्यों के लिए अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। शुभारंभ



अवसर पर उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, पार्षद लक्ष्मण यादव, सी.एम.ओ. विक्रम झरिया, आशीष जैन सहित नगर परिषद के अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस पहल से भेड़ाघाट और आसपास के नागरिकों को अब आधार संबंधित सभी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।



# विवेचना थिएटर ग्रुप का 31वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह संपन्न

**जबलपुर।** विवेचना थिएटर ग्रुप द्वारा आयोजित 31वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में 3 नवंबर को नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, जबलपुर के श्री जानकी बैंड ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समग्र सांगीतिक प्रस्तुति की परिकल्पना, संयोजन तथा संवेदनशील मार्गदर्शन दविन्दर सिंह ग्रोवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विविध लोक एवं काव्य रचनाओं पर आधारित गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिनमें भाव, भक्ति, देशभक्ति और लोक-संस्कृति के रंगों की झलक साफ दिखाई दी। प्रस्तुत किए गए गीतों में शामिल थे- नर्मदा मैया ऐसी तो मिली रे... बम्बुलिया, बुंदेली, शहीदों की चिताओं पर.. जगदंबा प्रसाद मिश्र हितैषी, उड़ जाएगा हंस अकेला... कबीर, कुमार गंधर्व, मत्थे ते चमकन वाल... पंजाबी लोकगीत, घुमा के मारूँ मोरे सैयाँ... ददरिया (छत्तीसगढ़ी) सुभान बाई बो पानी... नाचा (छत्तीसगढ़ी) झांसी की रानी... सुभद्रा कुमारी चौहान, कन्हैया याद है कुछ भी हमारी... कृष्ण भजन, सैला लोक गीत, आदिवासी लोकगीत, पुष्प की अभिलाषा... माखनलाल चतुर्वेदी, नदिया धीरे धीरे बहना... प्रमोद कुमार (नदी गीत) इस प्रस्तुति में प्रमुख स्वर के रूप में अपनी मधुर और भाव-संपन्न गायिकी से मंच की गरिमा बढ़ाने वाली मुस्कान धोपे ने न केवल स्वर-वैभव का संचार किया, बल्कि सांगीतिक अनुशासन में भी अपनी सक्रिय भागीदारी से प्रस्तुति को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। इस प्रस्तुति में भाग लेकर कार्यक्रम को गौरवान्वित करने वाली युवा महिला कलाकारों में शामिल रहीं- मुस्कान धोपे, उन्नति तिवारी, चेतना बेन, एशिता तिवारी, आरती दुबे, अदिति पटेल, परीक्षा सिंह राजपूत, चांदनी सेन एवं आयुष बर्मन।

## वंदे मातरम... गीत से होगा "मराठी लोकधारा रंगयात्रा" का शुभारंभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग की मराठी साहित्य अकादमी, संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा जबलपूर में 07 एवं 08 नवंबर को दो दिवसीय "मराठी लोकधारा रंगयात्रा" कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन में सायं 6.30 बजे से किया जाना है, यह जानकारी मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले द्वारा देते हुए बताया गया कि मराठी भाषा एवं मराठी संस्कृति का अविरल प्रवाह 1500 वर्ष पूर्व से चला आ रहा है, संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव, संत तुकाराम भी अपने साहित्य सृजन के माध्यम से भक्ति आंदोलन के पुरोधा रहे हैं।केंद्र शासन द्वारा मराठी को "अभिजात भाषा" का दर्जा प्रदान किया गया है। इस संदर्भ में उक्त कार्यक्रम का आयोजन महत्वपूर्ण हो जाता है। हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम... की सार्धशती देशभर में मनाई जा रही है, अतः कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत से होगा। पहले दिन अर्थात 07 नवंबर को राधिका क्रिएशन नागपुर द्वारा 'टू बाय टू' दो अंकी मराठी विनोदी नाटक का मंचन किया जायेगा। मराठी नाटक रंगमंच की समृद्ध परंपरा रही है, जिसको पी.एल. देशपांडे, श्रीराम लागू, नाना पाटेकर, निळू फुले, अशोक सराफ, लक्ष्मीकांत बेर्डे, स्मिता पाटील ने नई ऊंचाई प्रदान की।कार्यक्रम के दौरान जबलपुर के मराठी वरिष्ठ नाट्यकर्मियों का सत्कार किया जाना सुनिश्चित किया गया है। दूसरे दिन 08 नवंबर को कलारंजन मुंबई द्वारा 'मराठी पाऊल पडते पुढे' के अंतर्गत मराठी लोकसंस्कृति की विविध छटाओं मे गोंधळ, पोवाडा, लावणी, कोळी नृत्य, जोगवा, ठाकर नृत्य, दिंडी, शेतकरी नृत्य द्वारा सशक्त अभिनय कौशल्य से मराठी संस्कृति का दर्शन कराया जावेगा। इस अनोखे आकर्षक कार्यक्रम के लिए महाराष्ट्र समाज तथा वारी महामंडळ सहयोगी संस्था हैं। इस बहुरंगी आयोजन में सभी कला रसिकों की उपस्थिति का अनुरोध अकादमी द्वारा किया गया है।

# रानीताल में उर्स-ए-सलामी, बुरहानी, मेहमूदी का समापन

जबलपुर।

ईदगाह कला रानीताल में आयोजित उर्स-ए- सलामी, बुरहानी, मेहमूदी के दूसरे दिन बुधवार शाम 5 बजे आगा चौक से मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी एवं हजरत मौलाना इनामुल हक़ क़ादरी की क़यादत में परम्परागत शानो-शौकत के साथ चादर जुलूस निकाला गया। जुलूस के आगे नातख़्वां हज़रात नात शरीफ पेश कर रहे थे, अकीदतमंद उनको नज़राना पेश कर रहे थे। गश्त करते हुए चादर जुलूस रानीताल स्थित ईदगाह पहुंचा, जहां मजार-ए-मुबारक पर चादरपोशी और गुलपोशी की गई। इसके पश्चात नमाज़-ए-मगरिब के बाद कुल शरीफ़ हज़ूर



बुरहाने मिल्लत, हजूर मेहमूदे मिल्लत और हजूर हामिदे मिल्लत की सालाना न्याज़ पेश की गई।रात 9 बजे से आयोजित जलसा-ए-उर्स में देश-प्रदेश से आये नामवर उलेमाए किराम ने अपने बयानात से महफ़िल को रोशन किया। ईदगाह परिसर में देर रात तक जायरीन का तांता लगा रहा और पूरा परिसर नाराए तकबीर अल्लाहु अकबर, नाराए रिसालत या रसूलुल्लाह की सदाओं से गूंजता रहा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जबलपुर।** कुण्डम थानांतर्गत महगवां में एक सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम महगवां निवासी 52 वर्षीय बेड़ीलाल मरावी ने सूचना दी कि उसका बड़ा बेटा 32 वर्षीय मनोज सिंह मरावी क्रैशर में ड्राइवरी करता था। गत दिवस रोज की तरह ही मनोज क्रैशर गया था रात करीब 2 बजे बेड़ीलाल को फोन पर सूचना मिली की क्रैशर से मोटर सायकिल से लौटते हुए महगवां पीपल के पेड़ के पास मनोज सड़क हादसे में घायल हो गया। मनोज को उपचार के लिए कुंडम अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान रात करीब डेढ़ बजे उसकी मौत हो गई। मनोज के नाक एवं मुंह में गंभीर चोटें थीं। शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया गया।

# मई से अगस्त तक बिजली खरीदी में 233 करोड़ की बचत हुई

जबलपुर।

गर्मी के मई माह में हुई बिजली खरीदी की लागत वर्षा ऋतु के अगस्त में घटी, मई में वह 3376 करोड़ थी, जबकि अगस्त में 3143 करोड़ थी, अतः 233 करोड़ की बचत हुई। मई में वास्तविक पावर खरीदी कीमत रु. 3.81/कि. वैट थी, वह अगस्त में घटकर 3.39 रुपये हुई, अतः बिजली खरीदी कीमत में 42 पैसे/कि.वैट से कमी आई।डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि चूंकि फ्यूल सरचार्ज दो माह पूर्व के बिजली खरीदी पर आधारित होता है तथा मई से अगस्त तक लागत घटी, इस कारण जुलाई का फ्यूल सरचार्ज 2.56 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर में माइनस 4.73 प्रतिशत तक नीचे आया, अतः कुल 7.29 प्रतिशत की कमी आई है।

### नतीजन फ्यूल सरचार्ज 7.29% घटा

### 22 सितम्बर से जीएसटी का लाभ मिले, बिजली रेट घटे

जनसंगठनों ने मप्र शासन से मांग की है कि 22 सितम्बर से जीएसटी में हुए बदलाव के कारण कोयले पर लगने वाला सेस हटाया गया है, इस कारण कोयले की खरीदी में आ रही लागत घट गई है। वर्षा ऋतु के कारण घटी लागत तथा जीएसटी से घटी लागत, इन दोनों का लाभ उपभोक्ताओं को बिजली रेट घटाने से मिलना चाहिए। अतः विद्युत अधिनियम में धारा 108 के तहत ऐसी अनुशंसा आयोग के पास मप्र शासन के द्वारा भेजना चाहिए।

बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंग, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा, विनायक राव सोरते, कुंदन सिंह नेगी, लखन प्रजापति, अर्जुन कुमार परोहा, ममता हरदहा, उमा दाहिया, मोहन श्रीवास्तव, केपी सोनी, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन आंदोलन के लिए लाखों कर्मचारी दिल्ली जाएंगे : गोविंद बिसेन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सहित देश के शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी एक बार फिर अपनी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रान्तीय महासचिव गोविंद बिसेन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में 09 नवंबर को जंतर-मंतर दिल्ली में आयोजित पुरानी पेंशन आंदोलन में प्रदेश भर के लाखों कर्मचारी आंदोलन में शरीक होंगे। इस आंदोलन को लेकर पूरे देश में शिक्षकों और कर्मचारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्री पटेल ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं एवं उनके नेतृत्व में प्रदेश से लाखों कर्मचारी दिल्ली जाएंगे।श्री पटेल ने बताया कि आंदोलन ऑल इंडिया एन.पी.एस. एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल की अगुवाई में हो रहा है, इससे पहले दिल्ली में कई बार बड़े-बड़े आंदोलन किए गए हैं। फेडरेशन और संघ के डॉ. अश्विनी कुमार, राजकुमार नाथ, पं. शरद शुक्ला, अनिल मेहरा, रामप्रताप चक्रवर्ती, अमृत यादव, अजय दुबे, के.के. साहू, चंद्रभान कौरव, जय नागवंशी, संतोष मेहरा,आशा कश्यप, मातवर सिंह, मनोज साहू, आदि ने देश-प्रदेश के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वह अपने घरों से निकलकर लाखों की संख्या में दिल्ली पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं।



# ए.पी.एन. हायर सेकेण्डरी स्कूल में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी

जबलपुर।

"वर्तमान युग विज्ञान का युग है, आज हमारे जीवन में विज्ञान पूरी तरह से जुड़ा हुआ है। इसके अभाव में हम अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने में असहज महसूस करते हैं। विज्ञान ने निरन्तर प्रगति करते हुये अपने अनुसंधान के जरिये मानव उपयोगी ऐसी खोज की जिससे जीवन सहज एवं सुलभ हो गया है। अतः हम सभी का दायित्व है कि विज्ञान की उपलब्धियों का सकारात्मक उपयोग कर जीवन को लाभान्वित करें। उक्त विज्ञान प्रदर्शनी जहाँ छात्रों में विज्ञान के प्रति लगाव




जागृत करेगी, वहीं छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने में सहायक होगी।" उक्त आशय के विचार मुख्य अतिथि अरुण कुमार इंगले संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने एपीएन हायर सेकेण्डरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुये व्यक्त किये।विद्यार्थियों द्वारा कुल 35 प्रोजेक्ट बनाये गये थे, जिसमें कृत्रिम वर्षा, रिफ्लेक्स एक्शन, वायु शुद्धिकरण यंत्र, एयरपोर्ट, स्मार्ट लिफ्ट, रिफ्लेक्शन ऑफ लाइट, मार्डन ब्रिज, होलोग्राम, इण्टीग्रेटेड फार्मिंग, रोबोट (आर्टीफीशियल इण्टेलिजेन्स) प्रमुख थे। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में डी.के. खरे ए.डी. डायरेक्टर सहित संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, प्रबंधक तुलसीदास द्रविड एवं अजीत श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, शाला प्राचार्य अजय कुमार वर्मा, सीबीएसई प्राचार्या स्नेह चतुर्वेदी एवं मनु श्रीवास्तव, पार्षद अमरचन्द बावरिया उपस्थित रहे। प्रदर्शनी को सफल बनाने में राधा खरे, रितेश श्रीवास्तव, अंजला पिल्ले, रश्मि तिवारी, भाग्यश्री नायडू का सराहनीय योगदान रहा।

# स्व. धर्मवीर गुलाटी स्मृति सेवा ट्रस्ट का लोकार्पण

**जबलपुर।** नगर के प्रतिष्ठित गुलाटी परिवार ने अपने अभिभावकों श्रीमति प्रेममोहनी गुलाटी एवं स्व. धर्मवीर गुलाटी सेवा ट्रस्ट का लोकापर्ण करते हुये समाज के सभी वर्गो के हितार्थ कार्य करने का संकल्प लिया। ग्रहस्थ संत पंडित तरूण चौबे, साध्वी मैत्रीय दीदी तथा पंडित रामकुशल पांडे की पावन उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू, विशिष्ट आतिथ्य नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज 'रिंकू एवं महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, पंजाबी समाज जबलपुर के प्रमुख इन्द्रमोहन भाटिया कि गरिमामय कार्यक्रम में परिजनों द्वारा उनके सम्पूर्ण जीवन दर्शन पर व्याख्यान रखते हुये गठित सेवा ट्रस्ट के उद्धेश्य एवं कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

**CHANGE OF NAME**

I, **SHILPA GAUTAM** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **JC-705219L** Rank **SUB** Name **RAMESH CHANDRA** presently, residing at **VILL-PATRAHIYA, PO-BILHAUR, TEH-BILHAUR, DISTT-KANPUR NAGAR (UTTAR PRADESH)-209202** I, have changed of my from **SHILPA GAUTAM** (Name as per my Husband Army service records) to **SHILPA CHANDRA** (name as per my **AADHAR CARD, AND PAN CARD**) vide affidavit dated **06/11/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME-SHILPA CHANDRA
INCORRECT NAME-SHILPA GAUTAM

**नाम एवं जन्म तिथि सुधार सूचना**

मै नीलम श्रीवास पति श्री अनिल कुमार श्रीवास निवासी- एच नं. 33/1 शिवजी नगर मदर टेरेसा नगर माढ़ोताल जबलपुर की होकर शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मै उपरोक्त पते की मूल निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम **नीलम श्रीवास (Neelam Shriwas)** एवं जन्म तिथि **01/01/1973** दर्ज है जो सही है। मेरे सर्विस एण्ड डिस्चार्ज बुक में मेरा नाम **नीलम (Neelam)** एवं जन्म तिथि **01/01/1972** दर्ज है जो गलत है। मेरे सभी शासकीय अशासकीय अभिलेख में मेरा नाम नीलम श्रीवास(Neelam Shriwas) एवं जन्म तिथि **01/01/1973** दर्ज कर पढ़ा लिखा जाये । इस वास्ते शपथपत्र पेश कर रही हूँ।

दिनांक-06/11/2025
BV-230858 शपथकर्ता

**नाम सुधार सूचना**

मै शपथकर्ता BIPIN JATAV उम्र लगभग 48 वर्ष पिता LATE K.L. JATAV निवासी- क्वा. नं. 8/1 न्यू क्वॉटर, 09 ब्लॉक 6वी बटालियन, एस.ए.एफ थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास कर रहा हूँ। मेरी पुत्री LAKSHITA RATHORIA ने सेंट जोसफ कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, रांझी, जबलपुर में कक्षा 10वी की परीक्षा वर्ष 2024-2025 में उत्तीर्ण की है जिसमें मेरी पुत्री को कक्षा 10वी की अंकसूची प्राप्त हुयी है। मेरी पुत्री के कक्षा 10वी की अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA JATAV दर्ज है एवं मेरी पत्नि के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA SONI दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। TRISHNA JATAV एवं TRISHNA SONI ये दोनो ही नाम मेरी पत्नि के ही है. किसी अन्य महिला के नहीं है। मेरी पुत्री LAKSHITA RATHORIA के शाला के अभिलेख एवं कक्षा 10वी की अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम TRISHNA SONI दर्ज किया जाये इस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

# टेक्नोविट का 10वां वार्षिक संस्करण वीआईटी चेन्नई में संपन्न...10 हजार छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चेन्नई

टेक्नोविट का 10वां वार्षिक संस्करण वीआईटी चेन्नई में शुरू हुआ और भारत से थाईलैंड, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, म्यांमार, ताइवान और उज्बेकिस्तान सहित 10 विदेशी देशों से 10,000 से अधिक छात्र 'तीन दिवसीय टेक्नोविट'2025 कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर रॉयल थाई महा वाणिज्य दूत, चेन्नई के महा वाणिज्य दूत, राचा अरिबर्ग, एचसीएलटेक के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रिंस जयकुमार डी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम ने की। अरिबर्ग ने कहा कि इंजीनियरिंग और विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को बुजुर्गों और समाज की मदद के लिए तकनीक का उपयोग करना चाहिए और संगठित अपराध से लड़ने में भी योगदान देना चाहिए। इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा अर्जित ज्ञान उनके द्वारा सीखे गए ज्ञान से कहीं आगे बढ़कर दुनिया के लिए लाभकारी होना चाहिए। डॉ. सेल्वम ने कहा कि टेक्नो वीआईटी 2025 ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया। क्योंकि इसने इंजीनियरिंग छात्रों की नवोन्मेषी क्षमताओं को प्रदर्शित किया। जिन्होंने अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में लगाया। कोविड-19 के दौरान, हम आयात पर निर्भर हुए बिना, अपने दम पर प्रबंधन करने में सक्षम थे। आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। उन्होंने कहा, वीआईटी चेन्नई में, उनका प्रयास छात्रों को समाज के लाभ के लिए उत्पाद बनाने के लिए उन्होंने जो सीखा है उसे लागू करना था। मुख्य अतिथि, एचसीएलटेक के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रिंस जयकुमार डी. ने कहा कि उन्नत तकनीकों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में काफ़ी तेज़ी से प्रगति हो रही है और क्वांटम कंप्यूटिंग, विशेष रूप से क्रिप्टो करेंसी के क्षेत्र में काफ़ी बदलाव ला सकती है। तीन दिनों में 150 से ज़्यादा तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनकी कुल पुरस्कार राशि 10 लाख रुपए से ज़्यादा होगी।



राचा अरिबर्ग, महावाणिज्य दूत, रॉयल थाई महावाणिज्य दूतावास, चेन्नई, और डॉ. जी.वी. सेल्वम, उपाध्यक्ष, वीआईटी, वीआईटी चेन्नई में टेक्नोवीआईटी 2025 के उद्घाटन के अवसर पर प्रदर्शित नवीन छात्र परियोजनाओं का अवलोकन करते हुए। प्रिंस जयकुमार डी, कार्यकारी उपाध्यक्ष, एचसीएलटेक भी साथ में हैं।

### ग्वालियर-चंबल, सागर, जबलपुर संभाग में मंडी शुल्क का सर्वाधिक अपवंचन

# मंडी बोर्ड एमडी ने दिए फर्जी दस्तावेजों पर हो रहे परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल।** कुछ व्यापारियों एवं परिवहनकर्ताओं द्वारा अधिसूचित कृषि उपज, मूंगफली का अवैध परिवहन किया जा रहा है। कृषि उपज पर देय मंडी शुल्क का अपवंचन किया जा रहा है। इतना ही कुछ व्यापारियों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जैसे -बिल, बिल्टी, अनुज्ञापत्र आदि के माध्यम से कृषि उपज का अवैध परिवहन किया जा रहा है।



कुमार पुरुषोत्तम

इस अवैध परिवहन से मंडी शुल्क की चोरी हो रही है, जिससे मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड को राजस्व नुकसान पहुंच रहा है। उक्त मामला मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के संज्ञान में आने पर उन्होंने संदर्भित विषय पर सभी आंचलिक संयुक्त संचालकों से विस्तृत चर्चा की गई और स्पष्ट किया गया कि जिन मामलों में संबंधित व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर, कूटरचना कर, मंडी दस्तावेजों में हेरा-फेरी की गई है तथा मंडी समिति को आर्थिक क्षति पहुचाई गई है, ऐसे मामलों में केवल प्रशमन शुल्क लेकर कार्रवाई समाप्त करना पर्याप्त नहीं है। ऐसे मामलों में एमडी पुरूषोत्तम कुमार ने सभी आंचलिक अधिकारियों तथा मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई करें। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि मुख्यालय में करअपवंचन और कूचरचित दस्तावेजों के इस मामले का खुला मंडी समितियों एवं आंचलिक कार्यालयों के उड़नदस्ता दलों द्वारा किए निरीक्षण के दौरान हुआ। उन्होंने बताया कि ग्वालियर-चंबल, सागर, जबलपुर संभाग में ऐसे सर्वाधिक मामले घटित हो रहे हैं। यहां बिना मंडी शुल्क जमा किए फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कृषि उपज का परिवहन हो रहा है।

### एफआईआर दर्ज और दोषी की अनुज्ञप्ति रद्द कर शुल्क की वसूली के निर्देश

सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए मंडी बोर्ड एमपी पुरषोत्तम कुमार ने आंचलिक अधिकारियों तथा मंडी सचिवों को निर्देशित कि कृषि उपज के परिवहन के दौरान अनुज्ञापत्र के क्यूआर कोड को स्कैन कर उसकी प्रामाणिकता की जांच की जाए। फर्जी या कूटरचित अनुज्ञापत्रों के मामलों में धारा 53 के अंतर्गत प्रशमन न किया जाए, बल्कि वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इसके साथ संबंधित कृषि उपज को अभिग्रहीत कर मंडी अधिनियम की धारा 23 के तहत कार्यवाही की जाए तथा एफआईआर दर्ज कराई जाए। दोषी व्यापारियों की अनुज्ञप्ति रद्द कर मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क की पूर्ण वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे प्रकरणों में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

## एलआईसी के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 32 प्रतिशत बढ़कर 10,053 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7,621 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बृहस्पतिवार को शेयर को दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका कुल आय बढ़कर 2,39,614 करोड़ रुपये हो गई।

# सेबी नहीं देगा आईपीओ वैल्यूएशन में दखल, निवेशकों पर छोड़ा तुहिन ने फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ बाजार को अवसरों के आधार पर मूल्यांकन तय करने की आजादी हो

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में उच्च मूल्यांकन को लेकर सेबी किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वैल्यूएशन का निर्धारण बाजार और निवेशकों के आकलन पर निर्भर करता है, न कि नियामक के नियंत्रण पर गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पांडेय ने कहा- हम मूल्यांकन तय नहीं करते। यह पूरी तरह निवेशक के आकलन पर निर्भर करता है। बाजार को अवसरों के आधार पर स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण करने की आजादी होनी चाहिए। यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में लेंसकार्ट के 7,200 करोड़ रुपए के आईपीओ के ऊंचे वैल्यूएशन को लेकर बाजार में चिंता जताई गई थी।

### चेयरमैन ने कहा, मूल्यांकन का निर्धारण बाजार व निवेशकों के आकलन पर निर्भर

#### पारदर्शिता जरूरी

कार्यक्रम में पांडेय ने कंपनियों से यह भी कहा कि उन्हें पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धताओं के प्रति 'प्रामाणिक और पारदर्शी' रहना चाहिए। उन्होंने कहा- ईएसजी सिर्फ ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं होना चाहिए। इसे मापने योग्य परिणामों, स्वतंत्र ऑडिट और वास्तविक बोर्ड निरीक्षण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज के समय में ईएसजी कोई वैकल्पिक विकल्प नहीं है, बल्कि व्यवसाय की स्थिरता के लिए एक आवश्यक घटक है।




#### नई चुनौतियों पर सुझाव

*सेबी चेयरमैन ने कंपनियों के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन से आग्रह किया कि वे निम्नलिखित क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाएं-साइबर जोखिम प्रबंधन, व्यवहार विज्ञान, डेटा नैतिकता और स्थिरता। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाजार की जटिलता केवल औपचारिक निरीक्षण से नहीं संभाली जा सकती, बल्कि इसके लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय की आवश्यकता है।*

*निवेशक अपने विवेक से निर्णय लेंगे : सेबी का यह स्पष्ट रुख बताता है कि नियामक आईपीओ वैल्यूएशन में दखल नहीं देगा। अब निवेशकों को खुद अपने विवेक से निवेश निर्णय लेने होंगे। साथ ही, नियामक का ध्यान अब कंपनियों के ईएसजी अनुपालन और कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने पर रहेगा, ताकि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।*

#### वैल्यूएशन को लेकर चिंताएं उठी

सेबी प्रमुख ने स्वीकार किया कि पहले भी कई बार वैल्यूएशन से जुड़ी चिंताएं उठाई जा चुकी हैं-खासतौर पर नए युग की डिजिटल कंपनियों जैसे नाइका, पेटीएम के आईपीओ के समय। इन मामलों में भी निवेशकों के बीच यह सवाल उठे थे कि क्या कंपनियों के वैल्यूएशन उनकी वास्तविक कमाई और संभावनाओं के अनुरूप हैं।

# सोना 600 रुपए उछला और चांदी भी चमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को 600 रुपये बढ़कर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 1,800 रुपये बढ़कर 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। मंगलवार को यह 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को गुरु नानक जयंती पर छुट्टी होने के कारण सराफा बाजार बंद रहे थे वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 28.96 डॉलर यानी 0.73 प्रतिशत बढ़कर 4,008.19 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि हाजिर चांदी 1.22 प्रतिशत बढ़कर 48.60 डॉलर प्रति औंस हो गई।



■ सोना बढ़कर हुआ 1,24,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर
■ चांदी में आई 1,800 रुपए की तेजी

#### सोने में तेजी अब सीमित रह सकती है

*एलकेपी सिक्योरिटीज़ के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार समझौते को लेकर उपजा आशावाद सोने की कीमतों में और तेजी को सीमित कर सकता है। बाजार प्रतिभागी, आगे के संकेतों के लिए आगामी अमेरिकी विनिर्माण और गैर-विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों पर कड़ी नज़र रखेंगे।*

# अक्टूबर में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच माह के निचले स्तर पर


■ प्रतिस्पर्धा और भारी बारिश के कारण प्रभावित हुई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर प्रतिस्पर्धी दबाव और भारी बारिश के कारण अक्टूबर में पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर के 60.9 से अक्टूबर में 58.9 पर आ गया। यह मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है। इस नरमी के बावजूद, अक्टूबर माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50 के तटस्थ स्तर तथा 54.3 के अपने दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर रहा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में घटकर 58.9 पर आ गयी जो मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है।



इस क्रमिक मंदी की मुख्य वजह प्रतिस्पर्धी दबाव और भारी बारिश रही। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों की समिति को भेजी गई प्रश्नावली के जवाबों से संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई के अनुसार, मांग में तेजी तथा जीएसटी (माल एवं सेवा कर) राहत जैसे कारकों से परिचालन स्थितियों में सुधार हुआ लेकिन प्रतिस्पर्धा और भारी बारिश के कारण वृद्धि बाधित हुई। सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में और सुधार हुआ है जिसका संकेत बाहरी बिक्री में एक और वृद्धि से मिलता है।



# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ सेंसेक्स 148 और निफ्टी 88 अंक कमजोर रहा
■ विदेशी पूंजी की लगातार निकासी रही

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली के बीच बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 148 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 88 अंक नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 148.14 अंक की गिरावट के साथ 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 83,846.35 के उच्चतम और 83,237.65 के निम्नतम स्तर को छुआ। निफ्टी 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। यह मानक सूचकांकों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट आई थी। बुधवार को बाजार 'गुरु नानक जयंती' पर बंद रहे थे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड में सर्वाधिक 3.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इटर्नल में 2.44 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में 1.67 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही।

#### घरेलू बाजार में बना रहा उतार-चढ़ाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशियाई बाजारों के अनुकूल रुख के बावजूद घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। एफआईआई की निरंतर निकासी के बीच व्यापक मुनाफावसूली देखी गई। एमएससीआई सूचकांक में चार भारतीय कंपनियों के शामिल होने और मजबूत अमेरिकी आंकड़ों से उपजा शुरुआती आशावाद कमजोर घरेलू पीएमआई आंकड़ों से कम हो गया।''

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** — लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

### नागर विमानन मंत्री ने कहा, कच्चे तेल का आयात कम करने में मिलेगी मदद

# सरकार जल्द टिकाऊ विमानन ईंधन नीति लाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार बहुत जल्द ही सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) पर एक नीति लेकर आएगी। इससे कच्चे तेल के आयात को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और अधिक हरित रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

■ किसानों की आय बढ़ाने व हरित रोजगार बढ़ाने में मदद मिलेगी

राष्ट्रीय राजधानी में एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एसएएफ (सतत विमानन ईंधन) को अपनाने के लिए अधिक नवाचार, निवेश एवं सामूहिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। भारत का लक्ष्य 2027 तक विमान ईंधन में एसएएफ का एक प्रतिशत, 2028 तक दो प्रतिशत तथा 2030 तक पांच प्रतिशत मिश्रण करना है।

*1,700 से अधिक विमानों का ऑर्डर : मंत्री ने कहा कि देश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर एसएएफ का उत्पादन कर सकता है। यह ईंधन विकास बनाम स्थिरता की चुनौती से निपटने में भी मदद कर सकता है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। घरेलू विमान कंपनियों ने 1,700 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं।*






*एसएएफ का उपयोग एटीएफ में हो सकता है : एसएएफ का उपयोग विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) में 'ड्रॉप-इन' ईंधन के रूप में किया जा सकता है जो विमानों को शक्ति प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि तेल कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों को भी एसएएफ उत्पादन में शामिल होना चाहिए।*

*75 करोड़ टन से अधिक बायोमास भारत में उपलब्ध : नायडू ने कहा, 'कच्चे माल से लेकर ईंधन तक, किसानों से लेकर विमान चालकों तक तथा तलने से लेकर उड़ान भरने तक... वास्तव में किसने सोचा होगा कि समोसे तलने वाले भी इस पूरे वैश्विक विमानन आंदोलन (एसएएफ पर) में हिस्सा ले सकते हैं।' भारत में 75 करोड़ टन से अधिक 'बायोमास' उपलब्ध है और लगभग 21.3 करोड़ टन अधिशेष कृषि अवशेष है। नायडू ने कहा कि सरकार बहुत जल्द एक एसएएफ नीति लेकर आएगी।*

#### 10 लाख से अधिक हरित रोजगार सृजित होंगे

मंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अलावा, एसएएफ किसानों की आय में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि करके उन्हें सशक्त बना सकता है। नायडू ने कहा कि एसएएफ उत्पादन हमारे कच्चे तेल के आयात खर्च को हर साल पांच से सात अरब अमेरिकी डॉलर तक कम करने के साथ-साथ एसएएफ मूल्य श्रृंखला में 10 लाख से अधिक हरित रोजगार सृजित करने में भी मदद कर सकता है। वैश्विक एसएएफ वर्तमान में बहुत कम है।

## शब्द पहेली - 6040



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6039 का हल



## सूडोकु नवताल - 6050

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6049 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत
डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

## कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

## कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

## लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटकॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।

## ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट



सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है। इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

## शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटेनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने



तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *



### मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक
रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अन्य विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं! दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की ही जगह है। आईलैंड के छोटे आकार को देखते हुए ही इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगवाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *


कविता / ओम निश्चल

# उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़ियां चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर हिरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना हलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!
चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विह्वल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें



1. जंगल का 'राजा' कहलाता,
बासी भोजन कभी न खाता।
सभी जानवर इससे डरते,
राजा की इज्जत हैं करते।।

2. मरुस्थल का जहाज कहलाए,
ढेरों काम बनाता।
बोझा ढोता, खेत जोतता,
यात्राएं करवाता।।

3. माता का दर्जा पाया है,
दूध मिले गुणकारी।
रंग सफेद और काला भी,
यह है पूज्य हमारी।।

\- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय

## जीके क्विज-178


1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आइसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आइसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल में ही किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?



**बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद

**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार



कहानी
दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

# रोता बच्चा और होलू

होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करें? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।

होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।



उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..।' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने देखा, बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'

होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *



कहानी
सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

# पर्वत का घमंड

बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।

'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक पर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन



एआई इमेज


सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुका गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल है। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



# विमेंस प्रीमियर लीग 2026: सभी टीमों ने जारी की रिटेंशन सूची, इन खिलाड़ियों को किया गया रिटेन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग के आगामी संस्करण के लिए सभी टीमों ने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। गत विजेता मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमप्रीत कौर समेत अपने प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इसी क्रम में सभी टीमों ने अपने-अपने जरूरत के हिसाब से खिलाड़ियों पर दांव लगाया और बाकी खिलाड़ियों को रिलीज किया है। नीलामी 27 नवंबर को दिल्ली में होने की संभावना है। ऐसे में आइए टीमों द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों पर एक नजर डाल लेते हैं।

### टीमों ने इन खिलाड़ियों को किया रिटेन

दिल्ली कैपिटल्सः एनेबेल सदरलैंड, मारिजैन कप्प, जेमिमा रोड्रिगेज, शफाली वर्मा और निकी प्रसाद। मुंबई इंडियंसः हरमनप्रीत कौर, नैट साइवर-ब्रंट, अमनजोत कौर, जी कमिलिनी और हेली मैथ्यूज। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, ऋचा घोष और श्रेयंका पाटिल। गुजरात जायंट्सः एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी। यूपी वॉरियर्सः श्वेता सहरावत। यूपी की टीम ने सिर्फ 1 और गुजरात ने सिर्फ 2 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। डीसी की टीम और एमआई की टीम ने 5-5 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।



### रिटेन किए गए खिलाड़ियों को मिलेंगे इतने पैसे

प्रीमियर लीग की नीलामी के लिए प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। बोर्ड ने रिटेंशन नियमों के साथ खिलाड़ियों की श्रेणीवार कीमतें भी तय की हैं। रिटेन किए गए खिलाड़ी 1 के लिए 3.5 करोड़, खिलाड़ी 2 के लिए 2.5 करोड़, खिलाड़ी 3 के लिए 1.75 करोड़, खिलाड़ी 4 के लिए 1 करोड़ और खिलाड़ी 5 के लिए 50 लाख रुपये।

### अन्य टीमों के पास बचे इतने पैसे

यूपी वॉरियर्स ने श्वेता को बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किया है, जिसके चलते उनके पास सबसे बड़ा 14.5 करोड़ रुपये का पर्स और 4 आरटीएम कार्ड होंगे। गुजरात जायंट्स के पास केवल भारतीय खिलाड़ियों के लिए 3 आरटीएम कार्ड और 9 करोड़ रुपये का पर्स रहेगा। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास एक आरटीएम कार्ड और 6.25 करोड़ रुपये शेष रहेंगे।

### इन बड़े खिलाड़ियों को टीमों ने किया रिलीज

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और मेग लैनिंग के साथ न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया कर को उनकी टीमों ने रिलीज कर दिया है। ये सभी खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल होंगी। बड़े नामों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दीप्ति शर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार जीता था। दीप्ति ने 2025 संस्करण में हीली की गैरमौजूदगी में यूपी वॉरियर्स की कप्तानी भी की थी।

### डीसी और एमआई के पर्स में बचे इतने पैसे

पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने वाली टीम के पास 9.25 करोड़ रुपये बचे हैं। 4 खिलाड़ियों के रिटेंशन पर 8.75 करोड़, 3 पर 7.75 करोड़, 2 पर 6 करोड़ और 1 खिलाड़ी पर 3.5 करोड़ रुपये की कटौती होगी। इस तरह, डीसी और एमआई के पास अपनी टीम बनाने के लिए 5.75-5.75 करोड़ रुपये बचेंगे। दोनों टीमों के पास राइट टू मैच कार्ड उपलब्ध नहीं होंगे और उन्हें 16 से 18 खिलाड़ियों का दल तैयार होगा।

### मलोलन रंगराजन को आरसीबी ने बनाया अपना मुख्य कोच



**नई दिल्ली।** मलोलन रंगराजन को आगामी विमेंस प्रीमियर लीग संस्करण के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वे ल्यूक विलियम्स की जगह लेंगे, जो 2024 से इस पद पर थे। इस संस्करण की शुरुआत जनवरी 2026 में होनी है, जबकि उसी समय विलियम्स बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। ऐसे में आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।

**कौन है रंगराजन ?**

रंगराजन तमिलनाडू क्रिकेट टीम के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते थे। वह पिछले छह सालों से आरसीबी की फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं और इस दौरान उन्होंने कई अहम भूमिकाएं निभाई हैं। पिछले 2 वर्षों से वे महिला टीम के सहायक कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अपने अनुभव और रणनीतिक समझ के दम पर उन्होंने टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके चलते अब उन्हें मुख्य कोच का पद सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

**ईडन पार्क।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 3 रन से हराते हुए सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की। ईडन पार्क में कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्क चैपमैन के अर्धशतक (78) की मदद से 207/5 का स्कोर बनाया। जवाब में कैरेबियाई टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 204/8 का स्कोर ही बना सकी।
इस तरह से रोमांचक रहा मुकाबला न्यूजीलैंड से डेवोन कॉनवे (16) और रचिन रविंद्र (11) जल्दी आउट हुए। इसके बाद टिम रॉबिन्सन (39) और चैपमैन (78) ने तेजी से बल्लेबाजी की। आखिरी ओवरों में डेरिल मिचेल (28*) और मिचेल सैंटनर (18*) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में ब्रैंडन किंग शून्य पर आउट हुए। वहीं, एलिक एथानेज (33) और शाई होप (24) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इनके बाद रोवमैन पॉवेल (45) और रोमारियो (34) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### कमिंस की निगाह दूसरे एशेज टेस्ट में वापसी पर



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दूसरे एशेज टेस्ट के लिए वापसी करने की राह पर हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि मैचों के बीच कम अंतराल को देखते हुए वह इंग्लैंड के खिलाफ सभी अंतिम चारों मैच में नहीं खेल पाएंगे। कमिंस पीठ की चोट के कारण 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि वह पहले टेस्ट तक पूरी ताकत से गेंदबाजी करने लगेंगे। दूसरा टेस्ट मैच चार दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा और उससे पहले ही उनकी वापसी पर फैसला होगा। कमिंस ने गुरुवार को क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा मैं वास्तव में अच्छी तरह से तैयार हो रहा हूं और पहले टेस्ट मैच के दौरान मुझे सही तरह से पता चल जाएगा कि मैं किस स्थिति में हूं।

### स्वियातेक को हराकर अनिसिमोवा अंतिम-4 में



**रियाद।** अमांडा अनिसिमोवा ने पहला सेट टाइब्रेकर में गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इगा स्वियातेक को 6-7 (3), 6-4, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने विंबलडन के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी से 6-0, 6-0 से हारने के बाद स्वियातेक पर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

## आखिरी ओवरों में अक्षर ने बनाए 21 रन, बने प्लेयर ऑफ द मैच

# भारत ने चौथे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया, सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| कैरारा गोल्ड कोस्ट

भारतीय क्रिकेट टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 48 रन से हरा दिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में टीम ने 2-1 से बढ़त ले ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 167/8 का स्कोर बनाया था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 119 रन ही बना पाई। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

### मैच का लेखा-जोखा

मुकाबले में कंगारू टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम के लिए शुभमन गिल ने सबसे बड़ी 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने 39 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए। आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल ने तेज 21 रन बनाए। नाथन एलिस और एडम जैम्पा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अक्षर, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे ने 2-2 विकेट लिए।



### एलिस ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पूरे किए 50 विकेट

एलिस ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 50 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने अपना पहला मुकाबला साल 2021 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। इस खिलाड़ी ने अब तक 31 मुकाबले खेले हैं और इसकी 31 पारियों में 17.48 की उम्दा औसत से 50 विकेट लिए हैं। उन्होंने 1 बार 4 विकेट हॉल भी लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/28 का रहा है। उन्होंने अपने करियर में सबसे ज्यादा विकेट (16) भारत के खिलाफ ही लिए हैं।

### जैम्पा ने हारिस रऊफ को छोड़ा पीछे

जैम्पा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 134 विकेट हो गए हैं। उन्होंने 107 मुकाबलों की 105 पारियों में ये विकेट लिए हैं। वह इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में 8वें स्थान पर हैं। इस खिलाड़ी ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हारिस रऊफ को पीछे छोड़ा है। रऊफ ने 94 मुकाबले खेले हैं और 21.10 की औसत से 133 विकेट अपने नाम किए हैं। इस सूची में 182 विकेट के साथ पहले स्थान पर राशिद खान हैं।

### अक्षर ने किया शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन

अक्षर ने मैच में शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। पहले उन्होंने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ 11 गेंदों में 21 रन बनाए। उनके बल्ले से 1 चौका और 1 छक्का निकला। उनकी स्ट्राइक रेट 190.91 की रही। इसके बाद गेंदबाजी में भी अक्षर छा गए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में सिर्फ 20 रन खर्च किए और 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी 5 की रही। अक्षर ने मैथ्यू शॉर्ट (25) और जोश इंग्लिश (12) को अपना शिकार बनाया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का डेविड बो जंपा | 28 | 21 | 3 | 1 |
| शुभमन गिल बो एलिस | 46 | 39 | 4 | 1 |
| शिवम दुबे बो एलिस | 22 | 18 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का डेविड बो बार्टलेट | 20 | 10 | 0 | 2 |
| तिलक वर्मा का इंग्लिस बो जंपा | 05 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो जंपा | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वाशिंगटन का कुनहेमन बो एलिस | 12 | 07 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 21 | 11 | 1 | 1 |
| अर्शदीप का फिलिप बो स्टोइनिस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 09 कुल: 20 ओवर में 167/8 रन
**गेंदबाजी:** इवारशुइस 4-0-31-0, बार्टलेट 4-0-26-1 एलिस 4-0-21-3, स्टोइनिस 4-0-41-1, जंपा 4-0-45-3

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श का अर्शदीप बो दुबे | 30 | | | |
| मैथ्यू शॉर्ट पगबाधा बो अक्षर | 25 | | | |
| जोश इंग्लिस बो अक्षर | 12 | | | |
| टिम डेविड का सूर्यकुमार बो दुबे | 14 | | | |
| जोश फिलिप का चक्रवर्ती बो अर्शदीप | 10 | | | |
| मार्कस पगबाधा बो वाशिंगटन | 17 | | | |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 02 | | | |
| बेन इवारशुइस बो बुमराह | 05 | | | |
| जेवियर बार्टलेट का एवं बो वाशिंगटन | 00 | | | |
| नाथन एलिस नाबाद | 02 | | | |
| एडम जंपा का गिल बो वाशिंगटन | 00 | | | |

अतिरिक्त: 02, कुल: 18.2 ओवर में 119/10 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 3-0-22-1, बुमराह 4-0-27-1, चक्रवर्ती 4-0-26-1, अक्षर 4-0-20-2, दुबे 2-0-20-2, वाशिंगटन 1.2-0-3-3

## चैंपियंस लीग

# इंटर मिलान का विजय अभियान जारी, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला



एजेंसी ▶▶| मिलान

इंटर मिलान ने कजाकिस्तान के क्लब कैराट को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा लेकिन बार्सिलोना को क्लब ब्रुग ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि एर्लिंग हालैंड ने गोल करने का क्रम जारी रखा जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बोरूसिया डॉर्टमुंड पर 4-1 से जीत हासिल की।

पिछले वर्ष की उपविजेता इंटर के लिए लुटारो मार्टिनेज और कार्लोस ऑगस्टो ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया, जिससे वह इस प्रतियोगिता में बायर्न म्यूनिख और आर्सेनल के साथ चार मैचों में चार जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम बन गई है।

### आत्मघाती गोल से स्कोर हुआ बराबर

बार्सिलोना ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ रहे मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी की। बेल्जियम में खेले गए इस मैच में बार्सिलोना को वापसी दिलाने में लामिन यामल का अहम योगदान रहा। उन्होंने 61वें मिनट में गोल किया और 77वें मिनट में उनके ही शॉट पर क्लब ब्रुग के मिडफील्डर क्रिस्टोस त्ज़ोलिस ने आत्मघाती गोल कर दिया जिससे स्कोर 3-3 हो गया।

### बेनफिका को घरेलू मैदान में ही मिली हार

इस बीच बेनफिका को घरेलू मैदान पर बायर लीवरकुसेन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो लीग चरण में उसकी लगातार चौथी हार है। अजाक्स को भी घरेलू मैदान पर नौवें स्थान पर काबिज गैलाटसराय से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विक्टर ओसिमेन ने अपनी हैट्रिक में दो पेनल्टी को गोल में बदलकर प्रतियोगिता में सर्वाधिक छह गोल कर लिए हैं। इस तरह से उन्होंने हालैंड, हैरी केन और काइलियन एम्बाप्पे को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम पांच-पांच गोल हैं।

## टी-20 विश्व कप 2026

# अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल की मेजबानी के लिए चयनित किया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल जल्द ही टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में फैसला लिया गया कि इस बार विश्व कप 2023 की तुलना में कम शहरों में मैच खेले जाएंगे। हर जगह कम से कम 6 मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2026 की शुरुआत में होने की संभावना है और बीसीसीआई ने शेड्यूल आईसीसी को भेजा है। गौरतलब है कि भारत और श्रीलंका मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले हैं।

### इन स्टेडियम में होंगे मैच

बीसीसीआई ने टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को संभावित स्थलों के रूप में चयनित किया है। जानकारी के मुताबिक, श्रीलंका में भी 3 स्टेडियमों पर मैच खेले जाएंगे, हालांकि उनके नामों पर अभी स्पष्टता नहीं है। वहीं, बेंगलुरु और लखनऊ को मेजबान शहरों में शामिल किया जाएगा या नहीं इस पर भी फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है। भारत और श्रीलंका मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले हैं।

### ये टीमें होंगे शामिल

विश्व कप में हिस्सा लेने वाली सभी 20 टीमें निर्धारित हो गई हैं। मेजबान भारत,श्रीलंका के अलावा, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान, नेपाल, ओमान, यूएई, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, अमेरिका, कनाडा और आयरलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कनाडा, इटली,नीदरलैंड ने क्वालीफायर के जरिए अपनी जगह पक्की की है।

### भारत-पाकिस्तान के मुकाबले कोलंबो में होंगे

बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच पहले से हुए समझौते के अनुसार कोलंबो में खेला जाएगा। इसके तहत दोनों टीमें अपने लीग मैच किसी तीसरे देश में खेलेंगी। बीसीसीआई और पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह तय किया था कि अब वे एक-दूसरे के देशों की यात्रा नहीं करेंगे और तटस्थ मैदानों पर खेलेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2026 की शुरुआत में होने की संभावना है और बीसीसीआई ने शेड्यूल आईसीसी को भेजा है।

# राष्ट्रपति मुर्मू को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी की भेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टीम जर्सी भेंट की।

भारत ने रविवार को नवी मुंबई में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीतकर इतिहास रचा।



### युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श बनी टीम इंडिया : राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति मुर्मू ने टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों ने सिर्फ इतिहास ही नहीं रचा है बल्कि वे युवा पीढ़ी के लिए आदर्श भी बन गई हैं। युवा पीढ़ी विशेषकर लड़कियां इस उपलब्धि से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी।'' मुर्मू ने खिलाड़ियों के क्रिकेट सफर में आई मुश्किलों पर कहा, ''कभी-कभी तो खिलाड़ियों को नींद भी नहीं आई होगी लेकिन उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना किया।

### आज से एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी दौरा शुरू

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी आज शुक्रवार से शुरू होने वाले देशव्यापी दौरे के दौरान भारत के 20 शहरों का दौरा करेगी। यह दौरा शुक्रवार को हॉकी इंडिया शताब्दी समारोह के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया, तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर शुरू होगा। ट्रॉफी 20 शहरों का करेगी दौरा ट्रॉफी तमिलनाडु लौटने से पहले 20 शहरों से होकर गुजरेगी जिससे देश भर के प्रशंसकों को इसे करीब से देखने का मौका मिलेगा। इन 20 शहरों में चंडीगढ़, अमृतसर, लखनऊ, जम्मू, पुणे और हैदराबाद भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा।



**अब तक के सबसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी :** हॉकी इंडिया अध्यक्ष टिर्की ने बयान में कहा, ''ट्रॉफी दौरे के पीछे का मकसद एचआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के उत्साह को भारत के हर कोने तक पहुंचाना है। यह भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम 24 टीम के साथ जूनियर विश्व कप के अब तक के सबसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।

## आईसीसी की सूची जारी, पुरुषों में दक्षिण अफ्रीका के मुथुसामी नामांकित

# वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का तोहफा, स्मृति बनीं प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्मृति मंधाना को नामांकित किया है। उनके साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की लौरा वोल्वार्ड्ट और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के सेनुरन मुथुसामी, पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान नामांकित हुए हैं।

मंधाना के लिए वनडे विश्व कप 2025 शानदार बीता। उन्होंने 9 मैचों की इतनी ही पारियों में 54.25 की औसत और लगभग 100 की स्ट्राइक रेट के साथ 434 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। वह फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाकर आउट हुई थी।



दिलचस्प रूप से मंधाना विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बनी थी।

**ऐसा रहा वोल्वार्ड्ट और गार्डनर का प्रदर्शन**

सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट महिला विश्व कप 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 9 मैच खेले और इसकी 9 पारियों में 71.37 की औसत और 98.78 की स्ट्राइक रेट से 571 रन बनाए। उन्होंने 460 रन अक्टूबर में हुए विश्व कप मैचों में बनाए। विश्व कप में गार्डनर ने 7 मुकाबले खेले, जिसमें 328 रन बनाने में सफल रहीं। उनके बल्ले से 2 शतक और 1 अर्धशतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 115 रन रहा।

### टेस्ट सीरीज में मुथुसामी और नोमान ने किया था कमाल

दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर मुथुसामी ने पाकिस्तान के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में बल्लेबाजी में 3 पारियों में 53.00 की औसत के साथ 106 रन बनाए थे। दूसरी तरफ गेंदबाजी में 18 की औसत के साथ 11 विकेट लिए थे। उसी सीरीज में नोमान ने 2 मैचों में 23 की औसत के साथ सर्वाधिक 14 विकेट लिए थे। उन्होंने लाहौर टेस्ट में कुल 10 विकेट (6/112 और 4/79) लिए थे।
अक्टूबर में कैसा रहा राशिद खान का प्रदर्शन?

### सीएम धामी ने स्नेह राणा को घोषित की 50 लाख की प्रोत्साहन राशि

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य उत्तराखंड की स्नेह राणा से फोन पर बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके लिए 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि घोषित की। मुख्यमंत्री ने राणा को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वकप के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा स्नेह राणा ने मेहनत, संकल्प और प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी सफलता हमारे युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

विदाई समारोह में भावुक हो उठे जस्टिस अतुल श्रीधरन , चीफ जस्टिस ने की सराहना

# किराएदार हैं, जाती मकान थोड़े है ...

जबलपुर।

इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित किए गए मप्र हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जस्टिस अतुल श्रीधरन को गुरुवार को आधिकारिक विदाई दी गई। हाईकोर्ट के कोर्ट रूम नंबर एक में चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की मौजूदगी में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस श्रीधरन ने कहा कि देश के सबसे बड़े हाईकोर्ट में काम करने के लिए वे उत्सुक हैं। स्थानांतरण पर वे थोड़े भावुक भी नजर आए। तबादले को प्रक्रियागत बताते हुए उन्होंने राहत इंदौरी का शेर पढ़ा, ₹जो आज साहबे मसनद हैं, कल नहीं होंगे... किराएदार हैं, जाती मकान थोड़े है।₹ इस अवसर पर चीफ जस्टिस सचदेवा ने कहा कि जस्टिस श्रीधरन का वंचित, कमजोर वर्ग के लिए न्यायिक योगदान सराहनीय रहा।

समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन, अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित, स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर के



अध्यक्ष रीतेश ईनाणी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ग्वालियर के अध्यक्ष पवन पाठक, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन , हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल की प्रेसिडेंट शोभा मेनन ने जस्टिस सिंह के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के अन्य जज स्टेट बार काउंसिल के को चेयरमैन आरके सिंह सैनी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, रजिस्ट्री के अधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जस्टिस श्रीधरन के स्थानांतरण के बाद मप्र हाईकोर्ट में 53 स्वीकृत पदों पर 43 जज बचे हैं।

## इंदौर बेंच के प्रशासनिक न्यायधीश विवेक रूसिया जबलपुर मुख्यपीठ स्थानांतरित

**यहीं से वकालत का आगाज करने के बाद बने थे जज**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में पदस्थ प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया को हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर स्थानांतरित किया गया है। वे नए रोस्टर के अंतर्गत युगलपीठ क्रमांक-दो की अध्यक्षता करेंगे। इस तरह मुख्यपीठ में प्रशासनिक न्यायाधीश की गरिमा धारण करेंगे। पूर्व प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन का इलाहाबाद हाई कोर्ट स्थानांतरण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति रूसिया ने जबलपुर से वकालत का आगाज करने के बाद यहीं न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने का गौरव प्राप्त किया था। दो अगस्त, 1969 को जबलपुर में जन्मे विवेक रूसिया बीएससी-एलएलबी के बाद एमपी स्टेट बार काउंसिल द्वारा एक वकील के रूप में नामांकित हुए। उनके पिता स्वर्गीय प्रभाकर रूसिया, हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उन्होंने स्व. पी. सदाशिवन नायर, वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा नायर, वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन के कार्यालय में सहयोगी अधिवक्ता के रूप में वकालत प्रारंभ की थी। वर्ष 1998 से स्वतंत्र वकालत करने लगे और जल्द ही कोल इंडिया लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड, नार्दर्न कोल फील्ड लिमिटेड, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड सहित अन्य का पक्ष रखा। हाई कोर्ट के समक्ष भारत संघ की ओर से मामलों में पैरवी करने हेतु तीन वर्ष की अवधि के लिए भारत सरकार के स्थायी अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने हाई कोर्ट समक्ष सिविल, आपराधिक, संविधान, सेवा, राजस्व, कराधान, मध्यस्थता आदि मामलों में वकालत की है। वे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव चुने गए। वे उच्च न्यायालय के साथ-साथ जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के आजीवन सदस्य भी रहे। सात अप्रैल, 2016 को हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में और 17 मार्च, 2018 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए।

## महाविद्यालय के कर्मी को सेवामुक्त करने के आदेश पर रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में असिस्टेंट ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत कर्मी को नौकरी से सेवामुक्त करने के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल, सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होने का आधार बनाते हुए याचिकाकर्ता कर्मी को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने आयुक्त उच्च शिक्षा और महाविद्यालय के प्राचार्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।नर्मदापुरम निवासी सुभम धुर्वे की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता को अनुकम्पा आधार पर नौकरी प्रदान की गयी थी। नियम के अनुसार याचिकाकर्ता को तीन वर्ष के भीतर सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करना आवकश्य था। ऐसा नहीं होने पर सेवा समाप्त कर दी गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सेवा में बने रहने निर्देश दिए।



# गोल्फ, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम का संगम अब संस्कारधानी में कल से

**युवाओं को खेल व स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने 8 और 9 को गोल्फ महोत्सव**

जबलपुर।

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (GFI) देश में गोल्फ को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल व स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 8 और 9 नवंबर को दो दिवसीय 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन की जानकारी GFI के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने दी। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव आर्मी एरिया में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश भर के गोल्फ खिलाड़ी, वीर जवान, गणमान्य व्यक्ति और बच्चे शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आउटडोर खेलों से जोड़ना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

8 नवंबर को सुबह 7:30 बजे फ्लैग मार्च से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद 8 बजे कोरबा ग्राउंड में मोटापे से लड़ने के लिए विशेष दौड़ आयोजित की जाएगी। 9:30 बजे पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया है, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। 9 नवंबर को मुख्य भारत गोल्फ महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें देश भर के गोल्फ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसी दिन दोपहर 2 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभक्ति गीतों, नृत्य और विभिन्न प्रस्तुतियों से माहौल देशभक्ति से भर जाएगा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और शहीद जवानों के परिवारों के सम्मान समारोह से होगा।

### विशेष आकर्षण

इस आयोजन में प्रसिद्ध अभिनेता रणदीप हुड्डा विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे वीर जवानों के साथ गोल्फ खेलेंगे और बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग और देशभक्ति प्रस्तुतियों के माध्यम से सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा।

### मुख्य उद्देश्य

-देश में गोल्फ खेल को बढ़ावा देना और इसे राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाना।

-बच्चों और युवाओं को स्क्रीन की दुनिया से निकालकर खेल के मैदानों से जोड़ना।

-स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना।

इस आयोजन में देश भर के गोल्फ खिलाड़ियों के साथ-साथ डिप्टी सीएम, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद और अन्य कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया का यह प्रयास खेल, संस्कृति और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को एक मंच पर लाने की दिशा में एक अनूठी पहल है।

# मारपीट की वारदातों में 3 घायल

## पुरानी रंजिश को लेकर किए गए हमले

जबलपुर।

शहपुरा, चरगवां और मझौली थाना क्षेत्रों में पुरानी रंजिश पर मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। मारपीट की इन वारदातों में तीन युवक घायल हो गए।

शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घुंसौर निवासी 24 वर्षीय किसान सत्यम पटेल गत रात लगभग 8.30 बजे अपने घर के पास ग्राम पंचायत भवन के पास शिवदास ठाकुर, अंशू ठाकुर, पप्पू पटेल एवं उसके पापा दिनेश पटेल के साथ बैठा था तभी घर के सामने रहने वाला प्रवेश सेन आया और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगा। तभी प्रवेश सेन के पिता शरण सेन आए और प्रवेश सेन को समझाकर ले गये थे। कुछ देर बाद प्रवेश सेन अपने पिता शरण सेन के साथ आया और हाथ में पहने कड़े से उसकी नाक पर हमला कर दिया उसके पिता शरण सेन ने भी गालीगलौज व मारपीट कर आंख व कोहनी पर चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 बी, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इसी तरह चरगवां में ग्राम भीकमपुर निवासी 36 वर्षीय आटो चालक बिरमू बर्मन ने रात लगभग 11.30 बजे शराब के नशे में बाजू वाले घर का दरवाजा खटखटा रहे गांव के गब्बर बर्मन को मना किया तो गब्बर ने उसका हाथ पकड़कर खींच लिया, जिससे वह गिर गया। उसके बाद गब्बर ने उसके साथ मारपीट कर पैर व कमर में चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 बी, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रंगदारी वसूलने मां बेटे पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत नेता कालोनी में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। युवक की मां ने बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेता कालोनी निवासी 45 वर्षीय श्रीमति गीता पवार के बेटे जितेंद्र कदीर होटल के पास खड़ा था तभी राकेश बघेल, राजा बघेल, जितेंद्र से शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा मना करने पर गालीगलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी। युवक की मां गीता पवार, बहन कविता, निक्की रजक ने बीच बचाव किया तो राजा बघेल ने युवक की मां गीता पर चाकू से हमलाकर उसकी पसली में चोटे पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**किराएदार ने पकड़ा, एफआईआर दर्ज**

# मकान मालिक ने गोदाम का ताला तोड़कर की चोरी

जबलपुर।

हनुमानताल थाना अतंर्गत साहू मोहल्ला प्रेमसागर में एक मकान मालिक ने अपने ही किराएदार के गोदाम का ताला तोड़कर डीजे का सामान 2 मशीन डायनाटेक पीडी 4 हजार मोसपेड, एक मिक्सर चोरी कर लिए। जब किराएदार ने मकान मालिक को पकड़ लिया तो मकान मालिक ने पूरा सामान वापस करने को कहा, जो अभी तक सामान वापस नहीं किया। पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी 23 वर्षीय डीजे संचालक गौरव जाट ने हनुमानताल थाने में लिखित शिकायत की है कि उसने साहू मोहल्ला प्रेमसागर निवासी



अक्षत कैथवास के घर में किराये से मकान लेकर गोदाम बनाया है जिसमें डीजे का सामान रखा हुआ है। गत 27 सितंबर को वह अपने डीजे का सामान गोदाम से निकालने के लिये आया तो देखा गोदाम का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो दो मशीन डायनाटेक पीडी 4 हजार मोसपेड, स्टेन्जर कम्पनी एक मिक्सर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पतासाजी करने पर, उसे पता चला कि मकान मालिक अर्पित केशरवानी ने उसकी गोदाम में चोरी की है, उसने अर्पित केशरवानी से पूछताछ की तो उसने गोदाम में चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए सामान अपने पास रखा है कहते हुए उसे 1 मशीन डायनाटेक पीडी 4 हजार मोसपेड , स्टेन्जर कंपनी का एक मिक्सर उसे दिखाया जो उसका था। नई मशीन डायनाटेक पीडी 400 मोसपेड के संबंध में पूछा तो उसने कुछ नहीं बताया। आरोपी द्वारा पूरा सामान वापस देने को कहा था जिस कारण गौरव जाट ने पुलिस में रिपोर्ट नहीं की। लेकिन अब सामान देने से मना कर रहा है।पुलिस ने लिखित शिकायत पर अर्पित केशरवानी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# उप स्टेशन प्रबंधक की सतर्कता से महिला यात्री की जान बची

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर स्टेशन पर गत रात्रि 20:15 बजे गाड़ी संख्या 12321 (हावड़ा–मुंबई मेल) के प्रस्थान के समय एक महिला चलती हुई गाड़ी में चढ़ने का प्रयास कर रही थी।उप स्टेशन प्रबंधक बलवंत कुमार द्वारा महिला को चलती गाड़ी में चढ़ने से मना किया गया तथा सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। इसके बावजूद महिला ने गाड़ी में चढ़ने का प्रयास जारी रखा, जिसके दौरान वह अचानक अनियंत्रित हो गई।सावधानी और तत्परता से कार्य करते हुए उप स्टेशन प्रबंधक बलवंत कुमार ने तुरंत महिला को खींचकर बाहर सुरक्षित कर लिया, जिससे किसी प्रकार की गंभीर चोट या अनहोनी से उसे बचाया जा सका। तत्पश्चात गाड़ी को रोककर महिला को सुरक्षित रूप से कोच में बैठाया गया।

# सिहोरा में वन्य जीव शिकार मामले में चौथी गिरफ्तारी

**कंपनी के चौकीदार को भी बनाया गया आरोपी**

जबलपुर।

वन परिक्षेत्र सिहोरा अंतर्गत ग्राम घुघरा स्थित मेसर्स निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी परिसर में जंगली सुअरों के लगातार शिकार और शव बरामदगी के मामले में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चौथी गिरफ़्तारी की है। इस बार कंपनी के चौकीदार हरिशंकर उर्फ भोला कोल को आरोपी बनाया गया है।वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, कंपनी परिसर में जंगली सुअरों के शिकार और दफनाने के मामले लगातार सामने आते रहे 12 अक्टूबर को पहली बार एक मृत जंगली सुअर मिलने पर प्रकरण दर्ज किया गया। उसी दिन आगे की खुदाई पर 2 और जंगली सुअर के शव बरामद हुए। 14 अक्टूबर को पुनः खुदाई में 1 और जंगली सुअर मिला। 25 अक्टूबर को वन विभाग की टीम ने दोबारा खुदाई कर 2 और जंगली सुअरों के शव बरामद किए थे।इन लगातार हो रही बरामदगियों के बाद वन विभाग ने कंपनी प्रबंधन पर शिकंजा कसते हुए 3 आरोपियों, जिनमें कंपनी का मैनेजर भी शामिल था, को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

### चौकीदार के घर से करेंट लगाने के उपकरण जब्त

वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा ने बताया कि जांच को आगे बढ़ाते हुए 4 नवंबर को कंपनी के चौकीदार हरिशंकर उर्फ भोला कोल, निवासी कारीपथर (स्लीमनाबाद) को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ और परिसर की जांच की गई। इस दौरान उसके घर से जीआई वायर, सेंटिंग वायर, तथा कंपनी परिसर की फेंसिंग पर करंट प्रवाहित करने के लिए उपयोग की जाने वाली खूंटी और तार जब्त किए गए हैं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि फेंसिंग पर करंट सप्लाई कर जंगली सुअरों को शिकार बनाया जा रहा था, जिससे वन्य प्राणी संरक्षण कानून का गंभीर उल्लंघन हुआ है।




# 120 फ्लेट वाली बिल्डिंग में फायर सिस्टम फैल

## अपार्टमेंट और होटल में अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा इंतज़ामों पर उठे सवाल

जबलपुर।

शहर के दो अलग-अलग इलाकों में आग की घटनाओं ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोलकर रख दी। पहली घटना सानतन चौक, विजयनगर के पास स्थित मुस्कान सिटी अपार्टमेंट में हुई, जहां अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं दूसरी घटना निवाड़गंज स्थित एक होटल में गैस पाइप लीक होने से भड़की आग की है, जिसमें हजारों का नुकसान हुआ।

सनातन चौक के पास स्थित मुस्कान सिटी अपार्टमेंट में आग तेजी से पहली मंजिल से चौथी मंजिल तक फैल गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि आग पर नियंत्रण फायर सिस्टम से नहीं, बल्कि स्थानीय निवासियों ने बाल्टियों से पानी डालकर पाया। निवासियों का आरोप है कि 120 फ्लैट वाली इस बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम मौजूद तो है लेकिन आपात स्थिति में पूरी तरह फेल साबित हुआ। स्थानीय निवासियों के गंभीर आरोप बिल्डर ने अब तक प्रोजेक्ट पूरा नहीं किया, सोसाइटी को अभी तक हैंडओवर नहीं किया गया, पार्किंग, बाउंड्री वॉल, फेंसिंग, गेट जैसे कई जरूरी काम अधूरे, बार-बार शिकायत के बावजूद बिल्डर काम नहीं करा रहा. निवासियों ने इस घटना के बाद स्थानीय पार्षद को बुलाकर निरीक्षण कराया, साथ ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी शिकायत दी। लोगों का कहना है अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाया और बिल्डर पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### होटल में भी सिलेंडर लीकेज से भड़की आग

दूसरी घटना निवाड़गंज बाजार में एक होटल में हुई, जहां गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज के चलते अचानक आग लग गई। आग की खबर मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।फायर ब्रिगेड को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे राहत की सांस ली गई। होटल संचालक सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया वे होटल में समोसा बना रहे थे, तभी गैस पाइप लीक होने लगी, देखते ही देखते आग भड़क उठी, किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकले, होटल में रखा करीब 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया है.हालांकि राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से आसपास की दुकानों को कुछ देर के लिए खाली कराया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240